सुप्रभात
रांची, गुरुवार
29.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 313 | 12



मिस वर्ल्ड के लिए इंटरव्यू हुआ शुरू...

## न्यूज डायरी

### रोजगार सेवक को घूस लेते एसीबी ने दबोचा

**गिरिडीह।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को गिरिडीह के जमुआ प्रखंड के रोजगार सेवक राजेश कुमार को पांच हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। रोजगार सेवक राजेश कुमार को जमुआ के सकरडीहा से दबोचा गया। मनरेगा योजना में आरोपित एक लाभुक से बकाया भुगतान कि मांग को लेकर पांच हजार का डिमांड किया था। लाभुक ने मामले की जानकारी धनबाद एसीबी को दी। इसके बाद धनबाद एसीबी ने अपने स्तर से जांच कर आरोपित रोजगार सेवक को लाभुक से पांच हजार लेते दबोचा और साथ धनबाद ले गयी।

### हवाई हमले में मारा गया हमास चीफ मो. सिनवार

**नयी दिल्ली।** मोहम्मद सिनवार हमास का गाजा चीफ और हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार का भाई था। याह्या को इस्राइली सेना ने पिछले साल अक्तूबर में मार दिया था। इस्राइल ने हमास के कमांडर और याह्या सिनवार के भाई मोहम्मद सिनवार के मारे जाने पर अपनी मुहर लगा दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। संसद में बोलते हुए बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि 13 मई को इस्राइली सेना के हवाई हमले में हमास कमांडर मोहम्मद सिनवार मार दिया गया था।

### सीएस व जेएसएससी नोटिस, जतायी नाराजगी

**रांची।** झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के रिजल्ट प्रकाशित करने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जतायी है। साथ ही झारखंड की मुख्य सचिव और जेएसएससी के सचिव को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी। जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने मामले में झारखंड की मुख्य सचिव और जेएसएससी के सचिव को नोटिस जारी किया है।

### कई विस्फोटक बरामद नक्सली साजिश विफल

**लातेहार।** जिला पुलिस ने नक्सलियों के नापाक मंसूबे को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में बम और हथियार बरामद किये हैं। जिसमें सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी के साथ साथ भारी मात्रा में हथियार बरामद किये। लातेहार एसपी ने बताया कि नक्सलियों के द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए बम लगाये गये थे। पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की योजना को असफल कर दिया।

### नक्सलियों ने बंदूक की नोक पर लूटे विस्फोटक

**राउरकेला।** ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में संदिग्ध माओवादियों ने पत्थर की खदान में ले जाये जा रहे विस्फोटकों से भरे ट्रक को लूट लिया। विस्फोटकों से लदा वाहन बड़गांव से बांको जा रहा था। नकाबपोश और हथियारबंद लोगों के एक समूह ने बालंग पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत एक जंगली इलाके में जिलेटिन के करीब 200 पैकेट ले जा रहे एक ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।






बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव का असर

# झारखंड में दो दिन भारी बारिश, वज्रपात के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बंगाल की खाड़ी और ओड़िशा तट पर बन रहे लो प्रेशर एरिया के प्रभाव से झारखंड के कई इलाकों में 29 और 30 मई को भारी बारिश, गरज के साथ वज्रपात की की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका है, जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से सावधान रहने की अपील की है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य को मॉनसून की बारिश के लिए अभी इंतजार करना होगा।

**येलो अलर्ट जारी :** मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके और वज्रपात की आशंका भी जतायी है। इसे देखते हुए 29 को उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर भारी बारिश का भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। 30 को भी कई इलाकों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके, गर्जन और वज्रपात के साथ ही राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

### बंगाल की खाड़ी में तेज लहरों से खतरा

कोलकाता से मिली खबरों के अनुसार मानसून के समय से पहले दस्तक देने से देश के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरा दबाव क्षेत्र बना हुआ है। इस कारण समंदर में उठ रही तेज लहरें खतनाक बन गयी हैं। गहरे दबाव के कारण तेज हवाएं भी चल रही हैं। विशाल लहरें तट पर टकरा रही हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण सुंदरवन के तटीय इलाकों में मिट्टी के नदी तटबंध कमजोर हो गये हैं। तेज लहरों के कारण तटबंध के टूटने का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने दक्षिण 24 परगना के नामखाना, पाथरप्रतिमा मौसुनी द्वीप, काकद्वीप, बक्खाली, गंगासागर समेत कई पर्यटन केंद्रों में पर्यटकों की संख्या लगभग खत्म कर दी है। समुद्र में नहाने पर भी रोक लगा दी है। आपदा से निपटने के लिए विभिन्न तटीय क्षेत्रों में राहत शिविर खोले गये हैं। सभी इलाकों में अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है।

**मानसूनी वर्षा सामान्य से अधिक :** मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने बताया कि केरल तट से टकराने के बाद मानसूनी हवाएं दो भागों में बंट जाती हैं। एक अरब सागर की ओर जिससे महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक में बारिश होती है और दूसरी बंगाल की खाड़ी की ओर यह हवा देश के पूर्वोत्तर राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड में बारिश कराती है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर मानसूनी वर्षा सामान्य से अधिक होगी।

7 करोड़ से अधिक किसानों को मोदी सरकार की सौगात

# धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में वृद्धि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने देश के 7 करोड़ से अधिक किसानों को बड़ी सौगत देते हुए 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। धान, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। जिसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिये। इसके साथ-साथ सरकार ने किसानों के लिए ब्याज में छूट बने रहने का भी फैसला लिया है।



अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 69 रुपये बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला लिया गया है। इससे करीब 7 करोड़ से अधिक किसानों को फायदा होगा। वहीं, इस पर करीब 2 लाख 7 हजार करोड़ की लागत आयेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 10-11 सालों से लगातार एमएसपी वृद्धि कर रही है। हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को भी ध्यान में रखा गया है। मुख्य खाद्यान्न धान के लिए एमएसपी 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। नाइजर सीड (रामतिल) को 820 प्रति क्विंटल की सबसे बड़ी वृद्धि मिली। इसके बाद रागी में 596 प्रति क्विंटल, कपास में 589 प्रति क्विंटल और तिल (सेसम) में 579 प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। दालों की श्रेणी में, तूर (अरहर) 450, मूंग 86 और उड़द दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। तिलहनों में, मूंगफली, सूरजमुखी बीज और सोयाबीन के समर्थन मूल्य क्रमशः 480, 441 और 436 बढ़ाये गये हैं।

### ब्याज दर में जारी रहेगी छूट

सरकार ने किसानों के लिए ब्याज में छूट बने रहने का भी फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसमें करीब 15 हजार 642 करोड़ का खर्च आयेगा। क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर भी दो लाख तक का कर्ज 4 फीसदी ब्याज पर मिलता रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत हुई थी। एमआइएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य केसीसी से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कैबिनेट का फैसला किसानों की आय को दोगुना करने, ग्रामीण ऋण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और समय पर और सस्ती ऋण पहुंच के माध्यम से कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा ऋण लागत प्रवृत्तियों, औसत एमसीएलआर और रेपो दर को देखते हुए, ग्रामीण और सहकारी बैंकों का समर्थन करने और किसानों के लिए कम लागत वाले ऋण तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ब्याज छूट दर को 1.5 प्रतिशत पर बनाये रखना आवश्यक है।

वित्त आयोग की टीम के साथ बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

# वित्त आयोग के समक्ष पेश करें विकास का रोड मैप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपने आवासीय कार्यालय में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में 16वें वित्त आयोग की टीम के झारखंड दौरे के मद्देनजर तैयारियों की जानकारी ली। सीएम श्री सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप प्रस्तुत करें। उन्होंने जोर दिया है कि राज्य सरकार की सिफारिशें ऐसी होनी चाहिए, जिससे सभी वर्गों और समुदायों के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने सीएम को बताया कि 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम बुधवार को चार दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची है। 30 मई को रांची में राज्य सरकार के साथ बैठक होनी है।

अधिकारियों ने सीएम को बताया कि वित्त आयोग की टीम का आगामी 30 मई को रांची में राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन, अनुदान की राशि के खर्च करने का विवरण, केंद्रीय सहायता राशि का उपयोग सहित कई अन्य विषयों पर जानकारी ली जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)



बैठक में सीएम हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर।

### सीएम का निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखें। राज्य के भीतर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की रफ्तार तेज हो, इस उद्देश्य के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य में कई ऐसे सेक्टर हैं, जिस पर अधिक फोकस रखने की आवश्यकता है। वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की सिफारिश ऐसी हो, जिससे सभी वर्ग-समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की ओर से कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को रखने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। टीम 31 मई को दिल्ली रवाना होगी।

## दुमका में पुलिस टीम पर हमला, चार जवान जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। देवघर में पालोजोरी थाना क्षेत्र के दुधानी गांव में पुलिस कस्टडी में कथित साइबर अपराधी की मौत का मामला अड़्डी पूरी तरह से ठंडा नहीं हुआ था कि बुधवार को साइबर अपराधी की तलाश में गई मसलिया थाना की पुलिस की टीम पर तेतरिया डंगाल गांव में ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस घटना में दो एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। इन पुलिसकर्मियों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। पुलिस अब सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस टीम पर हमला करने वालों की पहचान में जुट गयी है। मसलिया थाना को सूचना मिली कि देवघर जिला के सीमा पर स्थित खूंटोजारी पंचायत के बड़ा तेतरिया डंगाल गांव में कुछ साइबर अपराधी लोगों को शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम इसका सत्यापन करने के लिए पहुंची। पुलिस अपना काम कर रही थी, तड़्ड़ी ग्रामीण एकजुट हो गए और उनके इस कार्य का विरोध किया। कहासुनी होने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया. इस हमले के बाद पुलिस की टीम को बगैर सत्यापन कार्य के लौटना पड़ा. हमले की सूचना मिलते ही डीएसपी इकुड डुंगडुंग और इंस्पेक्टर शिवलाल टुडू थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

## विनय चौबे और गजेंद्र से दो दिन पूछताछ करेगी एसीबी

खराब घोटाला



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किये गये वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे और सहायक उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह से एसीबी दो दिनों तक पूछताछ करेगी। बुधवार को ब्यूरो ने एसीबी की विशेष अदालत से यह आग्रह किया था कि विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी जाये। एसीबी द्वारा रिमांड मांगे जाने का विनय चौबे के अधिवक्ताओं ने विरोध किया था । एसीबी ने सात दिनों की रिमांड मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने दो दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। अब आईएएस विनय चौबे और उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त गजेंद्र सिंह को दो दिनों तक एसीबी के सवालों का जवाब देना होगा। फिलहाल, विनय चौबे और गजेंद्र सिंह न्यायिक हिरासत में हैं।

## एम्स के दीक्षांत समारोह में भाग लेने 10 को आयेंगी राष्ट्रपति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को झारखंड के देवघर दौरे पर आयेंगी। राष्ट्रपति भवन ने उनके दौरे का कार्यक्रम तय कर दिया है। इसकी आधिकारिक सूचना मुख्य सचिव को भेज दी गयी है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है।

सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति भवन ने 11 जून को देवघर आने की सूचना राज्य सरकार को दी थी, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दिन के तीन बजे देवघर पहुंचेंगी और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। 11 जून को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। बाबा बैजनाथ की पूजा-अर्चना के बाद राष्ट्रपति एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति असम के लिए रवाना हो जायेंगी।



### चांद नजर आया, ईद उल अजहा सात को

**रांची।** एदार ए शरीया के नाजिमे आला मौलाना मोहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि बुधवार 28 मई 2025 को दारुल कजा एदार ए शरीया इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी के माध्यम से राज्य भर में 65 से अधिक स्थानों पर जिलहिज्जा (ईद उल अजहा) महीना का चांद देखने की व्यवस्था की गई थी। ईद उल अजहा का चांद आम तौर पर रांची, लोहरदगा, बोकारो, दुमका, हजारीबाग, लातेहार, धनबाद और अन्य जगहों पर देखा गया। इसकी पुष्टि काजीयाने शरीयत ने कर दी है। इसलिए दारुल कजा के काजीयाने शरीयत द्वारा यह निर्णय लिया गया है और घोषणा की गई है कि 29 मई जिलहिज्जा महीने1446 हिजरी की पहली तारीख है और शनिवार 7 जून 2025ए जिलहिज्जा 1446 की 10 तारीख है।

अपने ही नेता पर मिसाइल दाग रहे कांग्रेसी, पाकिस्तान पर मौन

# शशि थरूर को कहा, भाजपा के सुपर प्रवक्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार की ओर से विदेश गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में पाकिस्तान की पोल खोल रहा है। उसकी काली करतूतें दुनिया को बता रहा है। एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को उन्हीं की पार्टी के नेता अब भाजपा के सुपर प्रवक्ता बताने लगे हैं। कांग्रेस नेता उदित राज ने शशि थरूर पर जमकर निशाना साधा है। वहीं भाजपा ने कहा, कांग्रेस नेता थरूर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के मामले में पार्टी और गांधी परिवार से ऊपर राष्ट्रहित को रखा।

### थरूर के इस बयान से कांग्रेस खफा

दरअसल, पनामा में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति स्पष्ट करते हुए शशि थरूर ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र किया। थरूर ने जोर देकर बताया कि कैसे इन ऑपरेशनों ने साफ कर दिया कि भारत अब आतंकवाद सीमा पार जाकर भी खत्म कर सकता है। हाल के वर्षों में भारत की रणनीति बदली है और आतंकियों को भी मालूम पड़ चुका है कि अगर उन्होंने भारत पर हमला किया तो भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि 2016 में हमनें नियंत्रण रेखा पार करके आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की, यह कुछ ऐसा था जो हमने पहले कभी नहीं किया था। हमने सिर्फ एलओसी पार नहीं किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा भी लांघकर गये।



**कांग्रेस ने थरूर पर साधा निशाना :** शशि थरूर के बयान को लेकर कांग्रेस नेता उदित राज ने अपने ही सांसद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता हैं और जो भाजपा नेता नहीं कह रहे हैं वो शशि थरूर बोल रहे हैं। क्या उन्हें पता भी है पहले की सरकारें क्या करती थीं। 'आप पार्टी के प्रति इतने बेईमान कैसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास को आप कैसे कमतर कर सकते हैं। 1965 की लड़ाई में भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गयी थी। 1971 में कांग्रेस ने पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांट दिया गाय था। आप पार्टी के प्रति इतने बेईमान कैसे हो सकते हैं, जिस पार्टी ने आपको इतना कुछ दिया।

### कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर: भाजपा

कांग्रेस के बयान को लेकर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि उदित राज, राहुल गांधी के कहने पर शशि थरूर पर तंज कस रहे हैं। केरल से सांसद थरूर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के मामले में पार्टी और गांधी परिवार से ऊपर राष्ट्रहित को रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो अपने ही नेता पर मिसाइल दाग रही है, पाकिस्तान के खिलाफ एक शब्द नहीं बोलेगी। पूनावाला ने कहा कि थरूर पर इसलिए हमला किया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय नीति को वोट बैंक (राजनीति) से ऊपर रखा।

## विवादित भूमि पर यथास्थिति बरकरार रखने का सुप्रीम आदेश

बोकारो वन प्रमंडल

- दो अफसरों को दोषी करार दिये जाने पर रोक
- डीसी को तेतुलिया मौजा के मूल खतियान के साथ 24 जुलाई को हाजिर होने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बोकारो वन प्रमंडल के दो अधिकारियों को अवमानना का दोषी करार दिये जाने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने बोकारो के उपायुक्त को तेतुलिया मौजा के मूल खतियान के साथ 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि डीसी खतियान की मूल कॉपी के साथ कोर्ट के समक्ष उपस्थित हों। अदालत ने उपायुक्त को छह सप्ताह के अंदर यह बताने का निर्देश दिया है कि खतियान का दस्तावेज कैसे अस्तित्व में आया। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त विवादित भूमि की प्रकृति पर यथास्थिति बरकरार रखने का भी आदेश दिया है। अब शीर्ष अदालत इस मामले में 24 जुलाई को सुनवाई करेगा। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष तेतुलिया मौजा की भूमि का सत्यापित खतियान और सॉफ्ट कॉपी प्रस्तुत की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## पूर्व सीएम बोले- आदिवासी पूछ रहा है, कब मिलेगा स्वशासन का हक

# विदेशी धर्म के दबाव में नहीं लागू किया जा रहा पेसा कानून : रघुवर

पेसा एक्ट पर सियासत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पेसा कानून को लेकर हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री दास बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही है। एक सरना समाज के मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य का जनजाति समाज अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से वंचित है। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर महानायकों ने अंग्रेजों से इसी स्वशासन की व्यवस्था के लिए लड़ाइयां लड़ी, बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि 1996 में देश में पेसा कानून लागू किया गया। इसके तहत सभी राज्यों ने पेसा नियमावली बनायी, लेकिन हेमंत सरकार पार्ट वन और टू के साढ़े पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य में पेसा कानून लागू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जब सारी वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो फिर आखिर कौन सी शक्ति है जो इसे लागू होने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि क्या विदेशी धर्म मानने वालों को नुकसान और सरना धर्म को फायदा होने वाला है। इसलिये, इसे लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विदेश धर्म मानने वाले इस संबंध में लगातार भ्रम फैला रहे हैं। ऐसे लोगों ने समिति बनाकर 2010 से 2017 तक कानून को चुनौती दी। आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरे धर्म मानने वालों का इस व्यवस्था में प्रवेश चाहते है। जो इस नियमावली की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि छठी अनुसूची के तहत ऑटोनोमस कॉन्सिल का प्रावधान है। इसमें नामांकन के आधार पर प्रतिनिधि चुने जायेंगे। उन्होंने कहा कि पेसा लागू होने से 112 अनुसूचित प्रखंडों में सारी योजनाओं का अधिकार आदिवासी समाज के पारंपरिक प्रधान को मिल जायेंगे। लघु खनिज, बालू, पत्थर पर उनका अधिकार होगा। इस कारण बालू पत्थर माफिया, सिंडिकेट भी इसे लागू होने देना नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को इतिहास माफ नहीं करेगा।

आज सरना मुख्यमंत्री के रहते जनजाति समाज के अधिकारों का हनन हो रहा है। इसलिए उन्हें अविलंब नियमावली को कैबिनेट से पारित कराकर लागू कराना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1961 की जनगणना में आदिवासी कोड हटाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो को आदिवासी समाज की धर्म संस्कृति बचाने की कोई चिंता नहीं।

## झामुमो का पलटवार- पेसा पर आदिवासियों को गुमराह कर रही भाजपा

# रघुवर बताएं, उनके समय में क्यों नहीं बनी पेसा नियमावली : विनोद

पेसा एक्ट पर सियासत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा हेमंत सरकार पर लगाए गए आरोपों पर सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा और रघुवर दास आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, न कि समाधान देना।

श्री पांडेय ने कहा कि रघुवर दास को पेसा कानून की याद अब आ रही है, जबकि उनके पूरे शासनकाल में इस दिशा में एक भी ठोस कदम नहीं उठाया गया।



उन्होंने पूछा कि यदि उन्हें आदिवासी समाज की इतनी ही चिंता थी तो 2014 से 2019 के दौरान भाजपा सरकार ने पेसा कानून लागू क्यों नहीं किया? भाजपा नेता बताएं कि उन्होंने राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा आखिर कहीं पर सरना-आदिवासी धर्म कोड या पेसा नियमावली के लिए कोई पहल की है क्या ?

### आरोप : भाजपा को आदिवासियों के स्वशासन से नहीं, सिर्फ सत्ता से है मतलब

झामुमो महासचिव ने कहा कि भाजपा को पेसा कानून की मूल भावना से नहीं, बल्कि इसे अपने एजेंडे के अनुसार मोड़ने में रुचि है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पेसा नियमावली को लेकर गंभीरता से काम कर रही है और तमाम वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अब अंतिम स्तर पर प्रक्रिया हो रही है। उन्होंने कहा, हमारे मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन स्वयं आदिवासी हैं, सरना धर्म को मानने वाले हैं, और भाजपा को यह रास नहीं आता। इसलिए वे समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### धर्म के नाम पर बांटने की साजिश

श्री पांडेय ने भाजपा पर आदिवासी समाज को 'विदेशी धर्म' और 'मूल धर्म' के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा है, जो आदिवासियों को ईसाई बताकर उनकी नागरिकता, रोजगार और अधिकारों को संदेह के घेरे में खड़ा करती रही है। झामुमो महासचिव ने कहा कि यह पार्टी ही थी जिसने झारखंड राज्य बनाया और हमेशा आदिवासी समाज की अस्मिता, भाषा, संस्कृति और स्वशासन के लिए संघर्ष किया। हमने सरना कोड की आवाज संसद तक पहुंचाई है। 2020 में झारखंड विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया, जो आज तक केंद्र सरकार की फाइलों में दबा पड़ा है।

## मीर साहब का अनुभव बंगाल के लिए मील का पत्थर : डॉ इरफान

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कोलकाता में हैं। उन्होंने कोलकाता में झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रभारी गुलाम अहमद मीर से भेंट की। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि मीर साहब से मेरा व्यक्तिगत और राजनीतिक रिश्ता आत्मीय है। उनके कुशल नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिसका परिणाम आज महागठबंधन सरकार के रूप में हमारे सामने है।

**बंगाल कांग्रेस को भी नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी :** डॉ इरफान ने कहा कि जब मीर साहब ने बंगाल की धरती पर कदम रखा है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि बंगाल कांग्रेस को भी नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। मुझे जो भी भूमिका दी जाएगी, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। बंगाल हमारी सीमा से लगा है, इसलिए वहां के कार्यकर्ताओं और जनता से निरंतर संपर्क बना रहता है।

## दो माह बाद वित्त विभाग के तीन कोषागार अधिकारी हुए निलंबित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अंततः वित्त विभाग के तीन कोषागार पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। इनमें मनोज कुमार, सुनील कुमार सिन्हा और मनोज कुमार शामिल हैं। तीनों कोषागार पदाधिकारियों के निलंबन का संकल्प वित्त एवं वाणिज्यकर विभाग ने जारी कर दिया है। बताते चलें कि 12 मार्च को झारखंड विधानसभा की कार्यवाही चल रही थी। सदन में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़ा एक मामला उठाया।

**क्या था मामला :** मामला स्वर्णरेखा परियोजना के रांची प्रमंडल से जुड़ा हुआ था। प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि इस परियोजना में 22 करोड़ का घोटाला हुआ है। सदन में इस मामले को लेकर काफी देर तक बहस हुई। पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से वित्त विभाग के तीन कोषागार अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। सभी ने एक साथ उनपर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मामले की जांच कर अविलंब कार्रवाई का भरोसा जताया था, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी थी। एक बार फिर से 19 मार्च को प्रदीप यादव ने दोबारा से मामला उठाया और कार्रवाई के संदर्भ में पूछा। तब, सदन में अपनी बात रखते हुए मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा था कि मामले में तीन लोगों को दोषी पाया गया है, उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। लेकिन ऐसा हुआ नहीं था, अब जाकर 26 मई की देर रात मामले में कार्रवाई हुई है। विभागीय जांच में पाए गए सभी तीनों आरोपियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों को दोषी ठहराया गया था।

### आजसू ने पेसा कानून को लेकर साधा निशाना

## सरना विरोधी है कांग्रेस-झामुमो पेसा कानून नहीं चाहते : आजसू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि झामुमो और कांग्रेस सरना आदिवासियों का हित नहीं चाहते, इसी कारण हेमंत सरकार पेसा कानून (पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम, 1996) को हुबहू लागू नहीं कर रही है। हेमंत सरकार पेसा कानून के संबंध में 2019 और 2024 के चुनावों में किए गए वायदों को पूरा नहीं कर रही है, जिससे सरना आदिवासी समुदाय में गहरा असंतोष है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस सरना आदिवासी विरोधी एजेंडा पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब और बालू माफिया के दबाव में झामुमो और कांग्रेस पेसा कानून को लागू नहीं करना चाहते। आजसू पार्टी मांग करती है कि हेमंत सरकार तत्काल पेसा कानून को लागू करे और झारखंड पंचायत राज अधिनियम, 2001 में आवश्यक संशोधन करे।

आजसू नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार अबतक पेसा कानून लागू करने में पूरी तरह विफल रही है। यह कानून सरना आदिवासी समुदायों के स्वशासन और रूढ़िवादी अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया था। यह कानून आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन पर स्वामित्व के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को संरक्षित करने का अधिकार देता है। ग्राम सभाओं को सशक्त करने और स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देने का वादा केवल कागजी साबित हुआ है।

## रघुवर दास कोसने की बजाय अपने शासनकाल को याद करें : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पता नहीं झारखण्ड का वैसा कौन-सा विदेशी धर्म नजर आ रहा है जो पेसा नियमावली तैयार करने के मार्ग में बाधक बना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं विशेषकर रघुवर दास की दोषारोपण करने की आदत ही हो गयी है और आज इसी के तहत किसी तथाकथित विदेशी धर्म का नाम ले रहे हैं। श्री तिर्की ने कहा कि रघुवर दास झारखण्ड के सम्मानित पूर्व मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ उड़ीसा के राज्यपाल जैसे सम्मानित पद पर भी रह चुके हैं और उन्हें शासन-प्रशासन की प्रक्रिया के साथ ही विधि निर्माण एवं नियमावली तैयार करने की प्रक्रिया अच्छे से पता है। ऐसे में उन्हें यह पता होना चाहिये



कि कभी-कभी जनाकांक्षाओं से गहराई से जुड़े जिस विधि या नियमावली तैयार करने का ज्यादा दबाव होता है उसमें कुछ समय लगता ही है।

उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार विशेष कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पेसा नियमावली को लागू करने के मामले में बेहद संवेदनशील एवं गंभीर हैं। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही इंडिया गठबंधन की सरकार आम जनमानस के बीच अच्छी सहमति बनाकर ही किसी कानून को बनाने या नियमावली तैयार कर उसे जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास करती है न कि भाजपा की तरह मनमाने तरीके से किसी कानून या नियमावली को तैयार कर उसे लागू कर देती है। श्री तिर्की ने दोहराया कि, जल, जंगल, जमीन की रक्षा करते हुए हमारी सरकार सही-सटीक दिशा में काम कर रही है और रघुवर दास को यह भूल जाना चाहिये कि हेमंत सरकार किसी के दबाव में काम करती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि तुष्टीकरण या प्रेशर पॉलिटिक्स, भाजपा और उसके साथी दलों की पहचान है ना कि इंडिया गठबंधन की। श्री तिर्की ने याद दिलाया कि रघुवर दास के शासन में भाजपा सरकार ने किस प्रकार से झारखण्ड के सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट के साथ छेड़छाड़ करने के अलावा यहां की जमीन को उद्योगपतियों के हिस्से में डालने के लिये कितनी साजिश रची थी पर वे असफल रहे।

### खबर एक नजर में

## एनसीएल के नए डीटी होंगे अशुतोष द्विवेदी

रांची/नई दिल्ली। कोल इंडिया की सहायक कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के नए निदेशक (तकनीकी) अशुतोष द्विवेदी होंगे। उनके नाम की अनुशंसा लोक उद्यम चयन बोर्ड ने किया है। वे वर्तमान में कोल इंडिया में कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा एवं बचाव) के पद पर कार्यरत हैं। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 28 मई, 2025 को सुबह 11 बजे से इंटरव्यू आयोजित किया। इसमें 12 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया के पश्चात श्री द्विवेदी के नाम की सिफारिश की गई। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया से आदेश जारी होने के बाद वह पदभार ग्रहण करेंगे।

## समसामयिक विषयों पर झामुमो का पक्ष रखेंगे सरफराज, मिथिलेश, पंकज व महुआ

**रांची।** झामुमो की ओर से समसामयिक विषयों पर समाचार चैनलों, सामाचार पत्रों आदि के माध्यम से पार्टी का पक्ष रखने को 11 लोगों का नाम तय किया गया है। पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बुधवार को कार्यालय आदेश जारी किया। सूची में सांसद सरफराज अहमद, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सांसद विजय हांसदा, सांसद महुआ माजी, विधायक विकास मुंडा, पंकज मिश्रा, डॉ नीलम मिश्रा, प्रो अशोक कुमार सिंह, मनोज यादव, तनुज खत्री और धीरज दुबे का भी नाम शामिल है। पार्टी ने नवनियुक्त पैनल के सदस्यों से अपील की है कि वे समसामयिक विषयों पर केंद्रीय नेतृत्व से पार्टी के पक्ष को समझकर ही अपना वक्तव्य देंगे।

## इमरान प्रतापगढी के संबोधन ने लोगों में बढ़ाया देशभक्ति का जज्बा : राजेश ठाकुर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पूरे झारखंड से आए हुए कांग्रेस कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इटकी की जय हिन्द सभा में यह साबित हो गया कि देश का हर नागरिक सेना के साथ है और कांग्रेस पार्टी मजबूती से सेना के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इमरान प्रतापगढी के देशभक्ति से ओतप्रोत संबोधन ने लोगों में देशभक्ति का जज्बा बढ़ाया। श्री ठाकुर ने कहा कि के राजू के प्रभारी बनने के बाद लोगों में सामाजिक न्याय के प्रति आस्था जगी है और संगठन का हर प्रकोष्ठ मजबूत हो रहा है, जिसकी तस्वीर आज अल्पसंख्यक कांग्रेस ने दिखाने का काम किया है। संगठन के सभी विभागों का विस्तार हो रहा है।

## एसजेएसएन कॉलेज गढ़वा के व्याख्याता की सेवा नियमित करने का आदेश रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एसजेएसएन कॉलेज गढ़वा के व्याख्याता बृज कुमार मिश्र की सेवा पांच दिसंबर 1987 से नियमित करने का निर्देश दिया था। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की अपील याचिका स्वीकार कर ली। विश्वविद्यालय ने एकलपीठ के आदेश को चुनौती दी थी। बृज कुमार मिश्र ने 22 फरवरी 1986 में एसजेएसएन कॉलेज गढ़वा में हिंदी विभाग में लेक्चरर के पद पर नियुक्त हुए थे। उस समय उनके पास लेक्चरर पद की बहाली के लिए जो निर्धारित अंक था, वह उनके पास नहीं था। निर्धारित अंक प्राप्त करने के बाद उनकी ओर से 5 दिसंबर 1987 की तिथि से नियमितीकरण की मांग की गई थी, लेकिन, उनकी सेवा का नियमितीकरण रांची विश्वविद्यालय ने एक जून 2003 से किया था, क्योंकि उस समय एसजेएसएन कॉलेज गढ़वा के हिंदी विभाग में लेक्चरर के चार पद स्वीकृत पद थे और यह पांचवें व्यक्ति थे। इस कारण उनका नियमितीकरण नहीं हुआ था।

## अनुराग गुप्ता से हेमंत सोरेन को खतरा : बाबूलाल मरांडी

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने डीजीपी प्रकरण में हेमंत सरकार पर बोला हमला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के मामले में एक बार फिर हेमंत सोरेन सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग 15 जिलों के पुलिस कप्तान का तबादला तो कर दिया है। लेकिन, राज्य के पुलिस कप्तान का कोई अता पता नहीं है। डीजीपी का पद पिछले एक महीने से खाली पड़ा है। यह स्थिति दर्शाता है कि सरकार जनता की सुरक्षा को लेकर लापरवाह है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र सरकार द्वारा पत्र भेजे जाने के बावजूद डीजीपी की



नियुक्ति न कर संवैधानिक टकराव को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पर शराब घोटाले की तपिश देर सबेर तक पहुंचनी ही है। जिस तरह विनय चौबे ने हेमंत के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं उसी तरह अनुराग गुप्ता से गैर कानूनी एवं असंवैधानिक तरीके से काम लेना भी सरकार के लिए घातक साबित हो सकता है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने अनुराग गुप्ता मामले में तीसरी बार झारखंड को लेटर भेजा है। अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से हटाने को कहा है। गृह मंत्रालय उन्हें रिटायर मानता है।

## स्वयं सहायता समूहों के विस्तार के लिए विशेष अभियान शुरू, 21,002 ग्राम संगठन गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि झारखंड की जनसंख्या और ग्रामीण संरचना के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों (एसएसजी) और ग्राम संगठनों की संख्या में तीव्र वृद्धि की आवश्यकता है, जिसके लिए एक विशेष अभियान चलाया जाये।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक राज्य में कुल 21,002 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। यह उपलब्धि जहां एक ओर सरकार की प्रतिबद्धता को

▶▶ झारखंड की जनसंख्या और ग्रामीण संरचना के अनुरूप एसएसजी और ग्राम संगठनों की संख्या में तीव्र वृद्धि की आवश्यकता

दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह संकेत भी देती है कि अभी और काम किया जाना बाकी है। राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह यात्रा अभी अधूरी है, और इसे हर गांव और हर महिला तक पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि प्रत्येक गांव में कम से कम एक ग्राम संगठन अनिवार्य रूप से गठित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर स्वयं सहायता

### बनेगी नियमावली

एसएचजी ग्रुप को वित्तीय समावेशन तक सीमित नहीं रख जाएगा। महिलाओं को व्यवस्था का भागीदार बनाने के उद्देश्य से मंत्री ने निर्देश दिया है कि छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल ड्रेस की खरीदारी स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से की जाए और आंगनवाड़ी केंद्रों में अंडे की आपूर्ति का कार्य भी इन समूहों को सौंपा जाए। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और नियमावली तैयार करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

समूह से जुड़ी महिला को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि उनके और उनके परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का कवच मिल सके।

## रिम्स परिसर से बाइक चोरी रोकने के लिए वाहन स्टीकर अनिवार्य

**रांची।** रिम्स परिसर, रांची में लगातार हो रही बाइक चोरी के संदर्भ में रिम्स प्रबंधन ने जरूरी फैसला लिया है। रिम्स में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के सभी कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करने का विचार बना है। साथ ही इसका सख्ती से पालन करने के आदेश दिए हैं। साथ ही प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि बिना वाहन स्टीकर के रिम्स परिसर की पार्किंग में किसी वाहन को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा प्रबंधन ने रिम्स के छात्रों के लिए ऑन्कोलॉजी विभाग के पीछे के क्षेत्र में पार्किंग बनाने का काम शुरू कर दिया है। यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। होम गार्ड के जवान भी तैनात रहेंगे। यह व्यवस्था सोमवार (2 जून) से शुरू होगी।

### 30 नागरिक संगठन आये साथ, जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क सारथी शुरू

## संपूर्ण विकास को लेकर समावेश व विविधता जरूरी : अबूबकर सिद्दिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दिकी ने कहा कि जस्ट ट्रांसजिशन एक हकीकत है और आने वाले दिनों में ग्रीन एनर्जी में हमें जाना है। झारखंड के लिए जस्ट ट्रांसजिशन को एक ऐसे ट्रांसफार्मेशन की ओर ले जाना है जो किसी के साथ भेदभाव ना करे। श्री सिद्दीकी बुधवार को झारखंड जस्ट ट्रांसजिशन नेटवर्क सारथी नेटवर्क के लोकार्पण के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बदलाव तो होगा ही लेकिन यह बदलाव समावेशी, सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखकर किया गया हो और टिकाऊ हो। सबसे कमजोर आदमी को भी साथ में लेना है।

झारखंड को पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बुधवार को 30 से अधिक सिविल सोसाइटी संगठनों ने मिलकर सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क का गठन किया। यह नेटवर्क देश का पहला सिविल सोसायटी संगठनों का नेटवर्क है, जो जस्ट ट्रांजिशन पर काम करेगा।

बता दें कि यह नेटवर्क झारखंड राज्य के लिए हरित एवं समावेशी और सतत विकास के लिए राज्य सरकार, सामाजिक संगठनों, शोध संस्थाओं, पर्यावरण कार्यकर्ताओं और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ काम करेगा। झारखंड सरकार में सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स के चेयरपर्सन रिटायर्ड आईएफएस एके रस्तोगी ने कहा कि झारखंड से कोयला कई राज्यों में जाता है। प्रदेश के 18 जिलों की इकोनॉमी फॉसिल फ्यूल पर टिकी है। 70 प्रतिशत बिजली आज भी देश में कोयले से बन रही है। इसीलिए रातों-रात बदलाव नहीं आ सकता, लेकिन बदलाव लाने के लिए सारथी जैसे नेटवर्क की जरूरत है। नाबार्ड झारखंड के सीजीएम गौतम कुमार सिंह ने कहा कि क्लाइमेट चेंज, टिकाऊ कृषि, जलवायु समर्थ कृषि पर समुदायों के साथ काम कर रहा है। नाबार्ड 1990 के दशक से जलवायु परिवर्तन पर काम कर रहा है। झारखंड में तसर के प्लांटेशन बढ़ाने में कई संस्थाओं और समुदायों के साथ भी काम शुरू किया है। वहीं सीएमपीडीआई के तकनीकी निदेशक शंकर नागाचारी ने बताया कि भारत सरकार ने जनवरी 2025 में माइन क्लोजर को लेकर एक समग्र गाइडलाइन जारी किया है। इस मौके पर विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि वैकल्पिक आजीविका के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करने की जरूरत है।

## जातीय जनगणना पर मंत्री व राजनीतिक पार्टी का बयान गैर जिम्मेदाराना: राजेन्द्र

■ राहुल गांधी से मंत्री की करेंगे शिकायत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड सरकार के एक मंत्री और एक राजनीतिक दल के नेता गैरे जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, जो राज्य और देश हित में नहीं है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार जातीय जनगणना और राष्ट्रीय जनगणना कराने जा रही है, जो संविधान सम्मत है। श्री प्रसाद ने कहा कि जातीय जनगणना कराने की मांग लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां के नेता करते रहे हैं। जब केन्द्र सरकार संविधान सम्मत जातीय जनगणना करा रही है, तो झारखण्ड सरकार के एक मंत्री और राजनीतिक दल के द्वारा विरोध किया जा रहा है, जो गैर जिम्मेदाराना हरकत है। प्रसाद ने कहा जो नेता विरोध करेगा उसे अगड़े, पिछड़े, दलित और राज्य हित के खिलाफ माना जाएगा। प्रसाद ने कहा कि हर समुदाय और राजनीतिक पार्टियां को अपनी मांग रखने का अधिकार है, लेकिन उन्हें अन्य लोगों के हितों का भी ख्याल रखना चाहिए।

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार में कांग्रेस शामिल है और एक मंत्री के द्वारा जातीय जनगणना का विरोध किया जा रहा है। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा जा रहा है, यदि राहुल गांधी से समय मिलता है, तो जातीय जनगणना का विरोध करने वाले मंत्री का शिकायत की जायेगी। श्री प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा पूरे प्रदेश में जातीय जनगणना और परिसीमन को लेकर सड़क पर उतरने को तैयार है।

सुप्रभात

गुरुवार 29.05.2025

धनबाद, वर्ष 02, अंक 74

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित   सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### झरिया के व्यवसायियों ने किया प्रदर्शन



झरिया। बुधवार संध्या साढे चार बजे सब्जी पट्टी में विद्युत विभाग झरिया के कार्यशैली के विरोधी में व्यवसाई संगठनो द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने झरिया की लचर आपूर्ती के लिए घोर निंदा करते हुए कहा कि हम उपभोक्ता नियमित विपत्र का भुगतान करते हैं, परन्तु झरिया व धनबाद के वरीय अधिकारी यहा संसाधन ही मुहैया नहीं कराते, झरिया के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए हमलोगों को नरकीय जीवन जीने को विवश किया जाता है, आखिर झरिया के उपभोक्ताओं का क्या कसूर है। कृप्या विभाग के अधिकारी बताए की हमलोग को मूल भूत सुविधा से भी वंचित करना क्या उचित हैं। प्रदर्शन में उपेन्द्र गुप्ता, शिवचरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, अमित साव (दिपू) सत्यनारायण भोजगरिया, अनूप साव, अरिंदम बनर्जी, नवीन केशरी राजेश श्रीवास्तव, राजेश अग्रवाल, विमल साहू, गुड्डू गुप्ता संजय साव, आदि थे।

### आईसीएआई ब्रांच में विशेष सत्र का आयोजन



धनबाद। बैंक मोड़ स्थित आईसीएआई ब्रांच में बुधवार को विशेष प्रेरणा सत्र का आयोजन किया गया। चार्टर्ड अकाउंटेंट डी. भानुदास ने छात्रों के साथ स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार से चर्चा की और उनके विचारों व उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सामाजिक सेवा के प्रति जागरूक और प्रेरित किया। स्थानीय ब्रांच के सचिव सीए मुकेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, जो भी विद्यार्थी सीए की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें अपने व्यक्तिगत लक्ष्य के साथ-साथ समाज के प्रति भी अपनी ज़िम्मेदारी को समझना चाहिए। हमें ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे हमारा देश निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो। कार्यक्रम में सीए पंकज खरकिया, सीए निखिल अग्रवाल, सीए केके हरोडिया, सीए रोहित प्रसाद, सीए विशाल अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

### पीडीआईएल सिंदरी के पूर्व कर्मचारी रामप्रीत चौधरी का निधन



सिंदरी। पीडीआईएल सिंदरी के पूर्व सिनीयर रिकॉर्ड कीपर रामप्रीत चौधरी का 74 .वर्ष के आयु में मंगलवार की देर रात शहरपुरा स्थित आवास संख्या केवन-171 में निधन हो गया। उनके पुत्र पंकज कुमार ने बताया कि महज दो दिन पहले वे बिमार पड़े थे, ईलाज चल रहा था। उनके दो पुत्र और दो पुत्री हैं। पत्नी का निधन पहले ही हो चुका है। उनका दाह-संस्कार बुधवार को दामोदर नदी के सिंदरी श्मशान घाट पर किया गया। उनके निधन पर भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, जनता मजदूर संघ के सिंदरी शाखा सचिव वेद प्रकाश ओझा, सिंदरी सिटीजन के शैलेंद्र द्विवेदी ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

## धनबाद के नये एसएसपी प्रभात कुमार ने संभाला पदभार, कहा

# अग्रिम पुलिसिंग पर रहेगा विशेष ध्यान केंद्रित

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। धनबाद के नए एसएसपी प्रभात कुमार ने बुधवार को धनबाद के सातवें एसएसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद एसएसपी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्रिम पुलिसिंग पर विशेष ध्यान केंद्रित रहेगा। जिससे आम लोग पुलिस के पास आसानी से पहुंच सकेंगे। पुलिस की उपस्थिति अब सड़कों के साथ हर चौक चौराहे पर दिखेगी। धनबाद पुलिस टीम वर्क बनाकर 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेगी।

वहीं निवर्तमान एसएसपी ने कहा कि यहां की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास किया है। संगठित अपराध पर काबू करने में पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। कहा नए एसएसपी के नेतृत्व में भी वैसा ही काम जारी रहेगा।

मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी शंकर कामती, नौशाद आलम, सुमित कुमार के अलावा सभी एसडीपीओ, सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

# घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया रोजगार सेवक, एसीबी की कार्रवाई से हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक और सफलता हासिल की है। गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत टीकामगहा पंचायत में पदस्थापित रोजगार सेवक राजेश कुमार साहु को 5000 रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एसीबी की टीम ने एक सुनियोजित ट्रैप प्लान के तहत की।



### जाल बिछाकर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसीबी ने पहले मामले का सत्यापन किया और आरोपों की पुष्टि होने पर जाल बिछाकर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद राजेश कुमार साहु को एसीबी अधिकारियों ने उन्हें जमुआ थाना लाया, उसके बाद धनबाद ले गए, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मजदूरी भुगतान के लिए मांग रहा था घूस

जानकारी के मुताबिक, सकरडीहा गांव निवासी राजकुमार ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि रोजगार सेवक द्वारा मजदूरी भुगतान के नाम पर ग्रामीणों से बार-बार पैसे की मांग की जा रही थी। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने एसीबी धनबाद को गुप्त रूप से सूचना दी।

# सरकारी आवास में अवैध कब्जा को खाली करने का निगम का आदेश

- सरकारी आवास में निवास करने के साथ फास्ट फूड का चल रहा था कारखाना
- खाने पीने के समान में मिलाई जा रही थी घटिया सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। यदि आपके पास जोगाड़ तंत्र मजबूत है तो शहर में कहीं पर भी आप कब्जा जमा सकते है। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि यहां ऐसा ही हो रहा है और वर्षो से हो रहा है। ताजा मामला झमाडा के आवास से जुड़ा है। नगर निगम की इन्फोर्समेंट टीम ने बुधवार को इस बात का खुलासा किया। टीम का नेतृत्व कर रहे सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हमलोग को सूचना मिली थी कि हीरापुर अभय सुंदरी स्कूल के पास अतिक्रमण कर फिर से ठेला लगाया जा रहा है, जिसके कारण सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इसी मामले की जांच करने पहुंचे थे। जांच के क्रम में पता चला कि एक महिला अपने परिवार के साथ सरकारी आवास में रह रही है। उससे पूछा गया कि इस आवास में रहने की इजाजत किसने दी।



लेकिन महिला ने किसी का नाम नहीं बताया, सिर्फ इतना कहा कि गुरुवार को खाली कर देंगे। इतना ही नहीं इस आवास के बगल में विक्की नामक एक फास्ट फूड विक्रेता का भी कब्जा मिला। वह यहां खाली पड़े रूम में फास्ट फूड का सामान तैयार कर सरकारी आवासीय परिसर में ही ठेला लगाकर सामान बेचता है। जांच में यह भी पता चला कि खाने पीने की सामग्री में गुणवत्ता और साफ सफाई का ख्याल नहीं रखा जाता है। चाउमिन में घटिया सामग्री मिलाई जाती है।

सेनेटरी इंस्पेक्टर ने कहा सरकारी आवासीय परिसर से ठेला हटाने तथा जहा फास्ट फूड तैयार हो रहा, उसे खाली करने का आदेश दिया गया है। जहा तक खाने पीने के सामान में घटिया सामग्री मिलाने की बात है। वरीय अधिकारियों को इस बात से अवगत कराया जायेगा। आदेश मिलने के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी। ज्ञात हो कि बैंक मोड़ ओवरब्रिज के मरम्मत कार्य के कारण धनसार, झरिया, केंदुआ जाने वाले वाहन के लिए हीरापुर का रूट निर्धारित किया गया है। इस सड़क की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है ताकि सड़क किनारे किसी प्रकार का कब्जा ना हो, जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो।

## एक नजर में

### कुमारधुबी में धर्मराज पूजा में भक्तों की उमड़ी भीड़



मैथन। कुमारधुबी के गाड़ीखाना में दो दिवसीय बाबा धर्मराज पूजा बुधवार को धूम धाम के साथ संपन्न हो गया। पूजा मंगलवार शाम चार बजे शुरू हुआ। निर्जला व्रत रख सैकड़ों भक्त धर्मराज मंदिर पहुंचे। वहां से भक्त जोगराद स्थित तालाब पहुंचे। जहां धर्मराज की पूजा कर उनकी शिला मूर्ति को माथे पर मंदिर लाया गया। भीषण गर्मी के कारण भक्त पानी की बौछार से धर्मराज को नहला रहे थे। जैसे ही मंदिर के समीप धर्मराज को लेकर पहुंचे महिलाएं सड़क पर लेट गई। जिनके ऊपर से वह चढ़कर पार किया। भक्तों का ऐसा मानना है कि जिसके ऊपर से बाबा धर्मराज को लेकर गुजरता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। इस संबंध में जानकारी देते आयोजकों ने बताया कि यह पूजा लगभग एक सौ साल से होती आ रही है। पूजा को सफल बनाने में बप्पी बाउरी, बिकी बाउरी, उत्तम बाउरी, राकेश बाउरी, गुड्डू सिंहा, अमित बाउरी, टिंकर बाउरी का सराहनीय योगदान रहा।

### भाजपा ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती पर संगोष्ठी का किया आयोजन



धनबाद। भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के द्वारा बुधवार को बेकारबांध ब्लेसिंग सभागार में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती वर्ष पर भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी ने किया। मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व सचेतक बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण ने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, वह न्याय, सेवा और लोक कल्याण की अद्भुत मिशाल थी। रानी अहिल्या बाई होल्कर ने मातृभूमि की रक्षा की। अपने 28 वर्षों के शासनकाल में रानी अहिल्या बाई ने मालवा को सुरक्षित व सुदृढ़ किया। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा की रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से हमें यह सीखने को मिलता है कि समाज सेवा और परोपकार ही सच्चा धर्म है रानी अहिल्याबाई ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा की रानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों व रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज बुलंद की। धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने रानी अहिल्याबाई के संघर्ष पूर्ण जीवन गाथा के बारे में विस्तार से बताया। धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने संबोधित करते हुए कहा की रानी अहिल्याबाई होलकर के कार्यों व नीतियों से सीख लेकर राज्य व देश के विकास में सक्रिय योगदान देने की आवश्यकता है। संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, जिला मंत्री पंकज सिन्हा, वीरेंद्र हांसदा, अजय निषाद, सहित हजारों महिलाएं एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बकाया मानदेय भुगतान को लेकर झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ निरसा विधायक से मिली



मैथन। 8 महीना से बकाया मानदेय भुगतान को लेकर झारखंड राज्य एकीकृत पोषण सखी संघ के प्रतिनिधियों ने बुधवार को विधायक अरूप चटर्जी से मिलकर गुहार लगाई और बैठक किया। विधायक श्री चटर्जी ने कहा कि आप लोग निश्चिंत रहे, बहुत जल्द पोषण सखियों का बकाया मानदेय का भुगतान करवा दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री पार्वती सोरेन एवं संचालन प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला अध्यक्ष रजनी कुमारी उपस्थित हुई। मौके पर निरसा की सैकड़ो पोषण सखी उपस्थिति हुई, जिसमें ज्योति कुमारी, अंजू कुमारी, जोशना कुमारी, अफसाना परवीन, संजोती बासुकी, स्नेहा खातून, सरिता कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल है।

## मनेष सराक को सम्मानित किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



महुदा। मैट्रिक बार्ड परीक्षा में जिला में परचम लहराये कुमारडीह निवासी पुरन सराक के पुत्र मनेष सराक को बुधवार को सम्मानित किया गया। श्री श्री मंगल प्रभा जैन महाराज शिशु मंदिर कुमारडीह में समारोह आयोजित कर मुखिया प्रतिनिधि संपद घोषाल एवं प्राचार्य विनय कुमार सराक के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संपद घोषाल ने कहा कि मनेष सराक ने मैट्रिक परिक्षा में जिले में पांचवा रैंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन किया है। प्राचार्य विनय कुमार सराक ने बताया कि मनेष सराक एक गरीब परिवार से है। उनके पिता पुरन सराक गांव में छोटे से दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करते है। इनके दादाजी मोहन सराक महुदा जैन मंदिर में पुजारी है। मनेष सराक का शिक्षा का सारा खर्च महावीर कल्याण ट्रस्ट बोकारो के द्वारा किया गया है। आगे भी इनके पढ़ाई का सारा खर्च ट्रस्ट ही उठायेंगे। शिक्षक श्याम पद नापित, संजय सराक, कन्हाई भट्ट, अनिमेश सराक, मोहन सराक आदि मौजुद थे।

## चार महीने बाद नई विद्युत संरचना से सिंदरी को होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति : महाप्रबंधक

- नये ट्रांसफर्मर से हर्ल पीएसएस को जोड़कर सिंदरी को होगी विद्युत आपूर्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी शहर व गौशाला के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली के लिए नई विद्युत संरचना का काम आगामी चार माह में पूरा कर लिया जाएगा। इस आशय की जानकारी जेबीवीएनएल के धनबाद महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने बुधवार को चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि मंडल को दी। महाप्रबंधक ने सिंदरी के उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि हर्ल सिंदरी डीवीसी यार्ड में लग रहे नये



ट्रांसफर्मर को हर्ल पीएसएस से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इससे सिंदरी की जनता को बिजली की समस्या से शीघ्र निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिंदरी में बार बार विद्युत आपूर्ति बाधित होना और लो वोल्टेज की समस्या से जल्द निजात मिलेगी। इस दौरान मौजूद सुपरिटेंडेंट इंजीनियर एस के कश्यप ने बताया कि वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं और लगातार मौजूद रहकर काम की समीक्षा और प्रगति देख रहे हैं। बताते चलें कि जिला चेम्बर ऑफ कामर्स का एक प्रतिनिधि मंडल पुराना बाजार में विद्युत आपूर्ति को लेकर महाप्रबंधक से मिला था।

## कार की टक्कर से महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



जामताड़ा। मंगलवार रात करीब 9 बजे जामताड़ा शहर के ब्लॉक रोड में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने एक पैदल जा रही महिला को रौंद दिया। जिससे महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों ने महिला को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम ले गए जहां पर स्थिति नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। धनबाद में इलाज के दौरान महिला प्रमिला सोरेन की मौत हो गई। घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला प्रमिला सोरेन स्वयंसेवक थी। वह घर से पैदल दुकान जाने के लिए निकली थी। इस दौरान पीडब्लूडी ऑफिस के समीप ब्लॉक रोड में तेज रफ्तार से आ रही कार ने जोरदार ठोकर मार दी। जिस महिला गिर गई और कार के चक्के में उनका पैर फंस गया। जिसके बाद महिला को मचोड़ते हुए कार निकल गई। घटना की करीब 1 घंटे के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। घंटो सड़क जाम के बाद पुलिस प्रशासन के साथ लंबी वार्ता हुई । जिसके बाद रोड जाम हटा। बता दे की बीते दिनों स्टेशन रोड जेबीसी स्कूल के समीप जेबीसी प्लस 2 विद्यालय के प्रिंसिपल राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील मरांडी का सड़क हादसे में निधन हो गया था। एक महीना भी नहीं बिता की शहर में यह दूसरी घटना घट गई। जहां एक पैदल चल रही महिला को तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। मृतिका जामताड़ा थाना क्षेत्र के जुरगुडीह गांव की रहने वाली थी।

## मैथन में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# यह विषय केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है : डॉ संघमित्रा

खबर मन्त्र संवाददाता




मैथन। डीवीसी मैथन परियोजना द्वारा बुधवार को मैथन क्षेत्र के आमकुड़ा पंचायत भवन में मासिक धर्म स्वच्छता पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्वयं सहायता समूह, जल सहिया, सेविका एवं सहायिका शामिल हुई।मौके पर मुख्य वक्तव्य डॉ. संघमित्रा नंदी ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ह्लयह विषय केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। जब तक हम मासिक धर्म को सामाजिक वर्जना के बजाय जैविक प्रक्रिया नहीं मानेंगे, तब तक महिलाओं का समग्र स्वास्थ्य संभव नहीं है।

डॉ. उमेश कुमार ने मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं, संक्रमण और सही स्वच्छता उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं से अपील की कि वे शर्म या संकोच छोड़कर इस विषय पर खुलकर बात करें। डॉ. अवंतिका ने जागरूकता के सामाजिक पहलू पर बल देते हुए कहा कि स्कूलों, पंचायतों और परिवारों में भी इस विषय को सहजता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी भी दी।

मुखिया कंचन महतो ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम गांव की महिलाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पंचायत स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन्स के साथ-साथ मासिक धर्म संबंधी पर महिलाओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने खुलकर अपने प्रश्न पूछे।कार्यक्रम का संचालन डीवीसी सीएसआर प्रबंधक डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने किया।

# पुराना बाजार चैंबर के प्रतिनिधियों ने कांड्रा ग्रिड से बिजली देने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। शहर की लचर बिजली व्यवस्था को लेकर पुराना बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने बुधवार को बिजली एरिया बोर्ड के जीएम अशोक कुमार सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चैंबर के अध्यक्ष सोहराब खान ने बिजली की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुराना बाजार बिजली विभाग को सबसे ज्यादा राजस्व देता है। अध्यक्ष ने कांड्रा ग्रिड से शीघ्र पुराना बाजार एवं बैंक मोड को बिजली आपूर्ति चालू करने की मांग की। जीटा के महासचिव राजीव शर्मा, जिला चैंबर पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने की बात कही। साथ ही साथ सिंदरी, झरिया, में बरवाअड्डा, करकेन्द एवं हीरापुर चैंबर क्षेत्र की बिजली समस्या दूर करने की मांग की। बिजली जीएम ने समस्याओं का जल्द समाधान का भरोसा दिया। मौके पर प्रवक्ता विजय सैनी, नवनीत रिटोलिया, अमरजीत सिंह, इमरान अली, दीपक सिंह, सलाउद्दीन महाजन, सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू वशिष्ठ नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वंशिका ने जिला का नाम रौशन किया



**मेदिनीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ने वाली वंशिका ने मैट्रिक की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक लाकर माता पिता ही नहीं जिला का भी नाम रौशन की है। उनके पिता शैलेश चंद्रवंशी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। जिला के नये उपायुक्त समीरा एस ने भी वंशिका को उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपने देश का नाम रौशन कर रही हैं। बेटियां पूरी दुनिया में भी अपने देश का परचम लहराते आये हैं और आगे भी लहरायेंगे।

### वाहन जांच में दर्जनों वाहन हुए जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान पर चार पहिया और दोपहिया वाहनों की जांच की। इस क्रम में 13 बाइक जब्त किये गये। 28 मई को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 12 बाइकों का चलान फाइन राशि 16,051 रुपये, 01 शराबी बाइक चालक से 10,185 रुपये, 01 बस से 16,650 रुपये यानि कुल राशि 42,286 रुपये आया है।

### ज्ञान मंदिर के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से पास

आंचल तिवारी 95 प्रतिशत अंक लाकर जिला में टॉप टेन और स्कूल टॉपर रही



**मेदिनीनगर।** ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल बाईपास रोड मेदिनीनगर के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। जैक की मैट्रिक परीक्षा 2025 में विद्यालय के 37 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। आंचल तिवारी 475 अंक 95 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉप की है। प्रीति कुमारी 462 सेकंड और आर्यन पांडेय 457 अंक के साथ तृतीय रहा। वहीं मुस्कान को 452 मिले। बाकी सभी बच्चे 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाये हैं। आंचल तिवारी पलामू टॉप 10 में भी शामिल है। प्राचार्य विनोद मिश्र ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कल सांसद करेंगे भजनिया-पंसा हैदरनगर मुख्य सड़क का शिलान्यास

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के भजनिया से होते हुए भजनियां भाया कोल्हुआ, सहार बिहरा, गाजी बिहरा बडीहा, पंसा, परता कबरा होते हुए हैदरनगर तक 17.372 किमी सड़क निर्माण की उम्मीद जग गयी है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने बताया कि इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास 30 मई को पूर्वाह्न 11 बजे दिन (भाई बीघा, हैदर नगर) में सांसद विष्णु दयाल राम करेंगे। सीआरआईएफ योजना से स्वीकृत यह सड़क 36.23 करोड़ की लागत से निर्मित की जायेगी। इसमें 7 मीटर चौड़ाई में कालीकरण होगा।

### मृदा नमूना संग्रह एवं जांच के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार चैनपुर में प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य योजना के तहत मृदा नमूना संग्रह एवं जांच के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नाबार्ड प्रशिक्षक राजकमल यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भारत सरकार की एक योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी मिट्टी की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करना है और उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना है। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियंका कुमारी, जनसेवक पूजा रानी, श्याम सुंदर पाठक, मनीष कुमार, बूढ़ीवीर FPO के सचिव मुकेश चौरसिया, आलोक पाठक, बेतला आईपीएफओ के सचिव ब्रजेश पाण्डेय एवं एग्री स्मार्ट ग्राम मझिगांवा के राकेश चौरसिया शामिल थे।

### बधाई... पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी बने जय हिंद सभा कार्यक्रम के संयोजक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर 30 मई को मेदिनीनगर में जय हिंद सभा की जायेगी। इसे सफल बनाने के लिए प्रदेश से नियुक्त झारखंड के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी को संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम में जिला के प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू उपस्थित रहेंगे एवं प्रदेश के अन्य नेताओं की भी उपस्थित होने का संभावना है।

### नेपाल : कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के तीन प्रतिभाशाली बाल कराटेकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीत क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में ओम प्रकाश और शुभम सिंह ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि आकांक्षा को रजत पदक मिला। यह प्रतियोगिता नेपाल शोतो-कान कराटे डू एसोसिएशन ने 25-26 मई को गोरखनेश्वर इंडोर स्टेडियम, काठमांडू में आयोजित किया था। इसमें 15 देशों के कराटेकार पहुंचे थे, जिनमें नेपाल, थाईलैंड, भूटान सहित कई देशों के कराटेकार शामिल थे।

### झामुमो ने सरना धर्म कोर्ड व जातीय जनगणना की मांग को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार जातीय जनगणना से पहले आदिवासी हितों की रक्षा के लिए सरना धर्म कोड लागू करे। इससे आदिवासी हितों की रक्षा हो सकेगी। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला उपाध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी ने कही। वे मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में स्थानीय शिवाजी मैदान से निकाली गई रैली सह प्रदर्शन कार्यक्रम में बोल रहे थे। रैली सह प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल आदिवासी समाज के महिला-पुरुषों ने शिवाजी मैदान से रैली निकालकर छह मुहान होते हुए कचहरी परिसर का भ्रमण किया व स्थानीय डीसी कार्यालय तक पहुंचा। प्रदर्शन में शामिल आदिवासी समाज के लोगों ने सरना धर्म कोड लागू करना होगा... जैसे नारे लगाये।

# माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान का जिले में भव्य शुभारंभ

- 29 मई से 11 जून तक विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत चुप्पी तोड़ो,स्वस्थ रहो अभियान के छठे चरण का बुधवार को जिले में शुभारंभ किया गया। समाहरणालय सभागार से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस, डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा,सिविल सर्जन डॉ अनिल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर इस अभियान का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आईईसी को-ऑर्डिनटर धर्मेंद्र दुबे ने पीपीटी के माध्यम से सभागार में मौजूद सभी लोगों को अभियान का इतिहास, उद्देश्य व रूप रेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।





**माहवारी बेहद महत्वपूर्ण विषय, सबसे अधिक जागरूकता पर करे फोकस : उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त श्रीमती समीरा ने कहा कि माहवारी बेहद महत्वपूर्ण विषय है,इस विषय पर सिर्फ बात नहीं कार्य करने की आवश्यकता है। इस अभियान का सकारात्मक परिणाम आये,यह सुनिश्चित होना चाहिये। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किशोरियों और महिलाओं में माहवारी संबंधी जागरूकता और स्वच्छता के स्तर में काफी सुधार लाने की आवश्यकता है। इस विषय में वे खुलकर बात नहीं करती है ऐसे में सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म्स का भी भरपूर उपयोग करने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत आगामी 11 जून तक प्रत्येक दिन कुछ न कुछ गतिविधियों का संचालन किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से अनुमंडल स्तर तक कार्यक्रम किये जाने हैं।

# जनता शिवरात्रि कॉलेज के जनक थे स्व ज्योति प्रकाश : पूर्व प्राचार्य राणा सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**


29 मई : पुण्यतिथि पर उदगार



**मेदिनीनगर।** नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं प्रसिद्ध व्यवसायी स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी का नाम जहां शास्त्रीय संगीत एवं साहित्य जगत के उत्थान के लिए आज भी याद किया जाता है वहीं शिक्षा के क्षेत्र में जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना कर आज भी वह अमर हैं। कल 29 मई उनके पुण्यतिथि को याद करते हुए जनता शिवरात्रि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राणा सिंह ने बताया कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के सहयोग के बिना जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना नहीं की जा सकती थी। श्री राणा ने कहा कि जिस वक्त पूरे प्रमंडल में वाणिज्य की पढ़ाई नहीं हुआ करते थी छात्र-छात्राएं पटना जाया करते थे पढ़ने। उस कमी को देखते हुए स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने कॉलेज खोलकर कॉमर्स की पढ़ाई प्रमंडल में शुरू कराई। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्रथम सचिव भी थे जिन्होंने कई वर्षों तक अपने दो नंबर टाउन आवास में निःशुल्क शिवरात्रि कॉलेज के नाम से अपने निजी खर्चे से कॉलेज का परिचालन करते रहे। बाद में शहर में चलने वाली जनता कॉलेज को उन्होंने मर्ज करा कर जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना की। आगे चलकर स्थानीय भू-दाता एवं समाजसेवी श्री परमेश्वरी दत्त झा द्वारा महाविद्यालय को साढ़े छः एकड़ भूमि दान स्वरूप प्राप्त हुई। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने कॉलेज की स्थापना के समय कॉलेज सिक्योरिटी के रूप में 40000 रुपया 1968 में रांची यूनिवर्सिटी में जमा कराया था तभी कॉलेज की मान्यता प्राप्त हुई थी।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से रू-ब-रू हुईं और उनकी समस्याओं को सुनीं। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसपर उन्होने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन पर अवैध घेराबंदी करने, आंगनबाड़ी में गलत सेविका का चयन होजाने, नौकरी में पुनःबहाल करने, सरकारी चापाकल को निजीकरण से मुक्त करने, बिजली बिल में लगाया गया फाइन में रियायत बरतने, घर से निकालने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया।सभी प्राप्त आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए सभी आवेदनों को ससमय निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया।

**समाहरणालय परिसर में संचालित विभिन्न कार्यालयों का डीसी ने किया अवलोकन :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने बुधवार समाहरणालय परिसर अवस्थित विभिन्न कार्यालय सहित समाहरणालय परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति, भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा, सामान्य शाखा सहित विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण करते हुए, पदाधिकारी और कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, विभिन्न पंजी का संधारण, कार्यालय का रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं का जायजा लिया गया। उन्होंने कार्यालय कर्मियों को सासमय कार्यालय में उपस्थित होने सहित कार्यालय परिसर में साफ सफाई बनाए रखने में अपना सहयोग स्थापित करने हेतु निर्देशित किया।

# अज्ञात अपराधियों ने छतरपुर के चराई क्षेत्र में दो हाइवा जलाया, चालक को पीटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के कोदवडिया गांव में मंगलवार की रात्रि को पत्थर खदान से निकल रहे हाइवा में आग लगा दी गयी। घटना रात्रि करीब 10:15 बजे की है। जानकारी के अनुसार छतरपुर क्षेत्र के जवरा स्थित शिवम स्टोन माइंस से हाइवा (जेएच 03 एआर 3546) पत्थर लोड कर जा रहा था। इसी क्रम में कोदवडिया गांव के समीप अज्ञात अपराधियों ने हाइवा को रुकवाया और चालक को नीचे उतार कर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच सामने से एक और खाली हाइवा माइंस की तरफ जा रहा था उसे भी रुकवाया और उसके चालक को भी उतार कर मारपीट शुरू कर दी। अपराधियों ने दोनों हाइवा को आग के हवाले कर दिया जिससे दोनों हाइवा धू धू कर जल गयी। घटना के अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया लेकिन गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। शिवम स्टोन के संचालक उमाकांत जायसवाल उर्फ मुन्ना जायसवाल ने बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों के द्वारा दोनों हाइवा को जला दिया गया जिससे करीबन 60 लाख का नुकसान हुआ है। अपराधियों के द्वारा चालक के साथ मारपीट की गयी है। चालक के द्वारा वाहन नहीं जलाने की आग्रह किया गया लेकिन अपराधियों ने चालक को मारपीट करते हुए हाइवा में आग लगा दी। घटना की सूचना छतरपुर पुलिस को दे दी गयी। सभी अपराधी चेहरा कपड़ा से ढके हुए थे। अपराधियों की संख्या करीब नौ थी। सभी हथियार से लैश थे। वहीं छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बीती रात थाना क्षेत्र के कोदवडिया में घटना की सूचना मिली। घटना बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और खोजबीन शुरू कर दी है। अपराधियों की तलाश में पुलिस इलाके में छापामारी कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

### चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो को लेकर बैठक आज

**मोहम्मदगंज पलामू।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो छठे चरण अभियान की सफलता को लेकर गुरुवार को प्रखंड सभागार में बैठक रखी गयी है। प्रखंड कार्यालय से जारी सूचना संबंधित विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि को भेजी जा चुकी है। बैठक का समय 11 बजे अपराह्न है।

## शनिदेव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को भगवान शनिदेव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा की गयी। मालूम हो कि पहले से स्थापित मूर्ति खंडित हो जाने के कारण पुनः नया प्रतिमा स्थापित किया गया है। मुख्य पुरोहित लक्ष्मण वैद्य के नेतृत्व में यजमान लखन सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान कार्य किया। इससे पहले शनिदेव की प्रतिमा का धूमधाम से नगर भ्रमण कराया गया। बाद में भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने में पंडित धर्मेंद्र शास्त्री तथा कुंदन जी ने सहयोग किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री महावीर मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह, सचिव विजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुनील शौंडिक, व्यवस्थापक राबर्ट गुप्ता, राजेश जायसवाल, निरंजन प्रसाद, मृत्युंजय विश्वकर्मा, सुधीर कुमार, सत्यनारायण शौंडिक, शिव गुप्ता, रिशु गुप्ता, संजय विश्वकर्मा का सक्रिय योगदान रहा। इस अवसर पर उदय शौंडिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, डा संजय कुमार, दिलीप चौधरी, मिकी कुमार, गोपाल गुप्ता, उत्कर्ष जायसवाल थे।

## भारतीय सेना को जब खुली छूट दी गयी, तो युद्ध रोकना नहीं चाहिए था : केएन त्रिपाठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** वर्ष 1971 के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच आतंकवाद के मुद्दे को लेकर दोनों देश के बीच युद्ध छिड़ चुका था। भारतीय सेना का जो जज्बा 1971 में था वही जज्बा वर्तमान समय में भारतीय सेना के बीच देखा गया। आतंकवाद को लेकर भारतीय सेना में जो आक्रोश था उसके परिणामस्वरूप भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर लगातार बढ़त बनाये हुए थे। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मंत्री सह जयहिंद सभा के संयोजक केएन त्रिपाठी ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर कही। कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच आतंकवाद को लेकर कड़वाहट हुआ तब केंद्र सरकार ने भारतीय सेनाओं को खुला छूट दे दिया। तब दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया। भारतीय सेना ने अपने पराक्रम को दिखाते हुए मजबूती के साथ पाकिस्तान पर दबदबा बनाये हुए थे। इसी बीच युद्ध रोकने का आदेश दिया गया। जो नहीं होना चाहिए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सीज फायर का आदेश कहां से किसने दिया इस पर केंद्र सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### मैट्रिक परीक्षा में यूएचएस कटैया के 97 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल, रविश नयन प्रखंड टॉपर बना



**हरिहरगंज पलामू।** जैक द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। जिसके अनुसार प्रखंड के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के 97.33 प्रतिशत छात्रों ने सफलता पायी है। प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने बताया कि कुल 75 विद्यार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 69 प्रथम तथा 4 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। छात्र रविश नयन ने 93.20 प्रतिशत कुल 466 अंक लाकर विद्यालय व प्रखंड टॉपर रहा। 463 अंक लेकर प्रियांशु द्वितीय तथा मधु-सुमंत 456 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाध्यापिका ने सभी छात्रों तथा अध्यापकों को इसके लिए बधाई दी है।


### प्रखंड टॉपर अविनाश कुमार चौरसिया ने क्षेत्र का किया नाम रौशन : मुखिया मीना देवी



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में पंचायत की मुखिया मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया ने मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित कर मैट्रिक के परीक्षा में उत्तीर्ण प्रखंड टॉपर एवं पलामू जिला में आठवां स्थान प्राप्त अविनाश कुमार चौरसिया सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को अंग वस्त्र तथा पुष्प माला देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। सुनील कुमार चौरसिया जी का पुत्र अविनाश कुमार मैट्रिक की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक लाकर चैनपुर टॉपर बना एवं पलामू जिला में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सम्मानित होने वालों में ममता कुमारी 94.8 प्रतिशत, शुभम कुमार 92.6 प्रतिशत, सुगंधा कुमारी 91.8 प्रतिशत, तुषार कुमार 87.6 प्रतिशत, रिशु कुमार 87.6 प्रतिशत है जो सभी नरसिंहपुर पथरा गांव के रहने वाले हैं। सामारोह में मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के माता-पिता एवं गणमान्य शिक्षा प्रेमी, अभिभावाकों को भी अंग वस्त्र देकर मुखिया मीना देवी ने सम्मानित किया। मुखिया मीना देवी ने कहा कि गांव के मेधावी विद्यार्थियों की सफलता से क्षेत्र गौरवान्वित हुआ हैं। गरिमा बढ़ गयी हैं।

## पतरिया खुर्द में बिजली चोरी में 10 पर प्राथमिकी, 62 हजार जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता प्रमंडल मेदिनीनगर ग्रामीण के दामोदर कुमार रंजन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड मुख्यालय के निर्देशा अनुसार चैनपुर प्रखंड के पतरिया खुर्द पंचायतों में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें पतरिया खुर्द निवासी आशा देवी, कुलवंती देवी, संतोष विश्वकर्मा, रोशन सिंह, उज्ज्वल पांडे, रामानंद पांडे, सपन सिंह, बबलू सिंह, नवलकिशोर राम एवं सुनील चौधरी शामिल हैं। ये लोग अपने घर में लगे मीटर से बाईपास बिजली चोरी करते पकड़े गये हैं। उक्त स्थल से बिजली की तार भी बरामद किया गया है। बिजली चोरी करते पकड़े गये लोगों के खिलाफ चैनपुर थाना में जुर्माना के साथ-साथ प्राथमिकी की दर्ज करायी गयी है।


### फाईलेरिया रोग खोज को लेकर, स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति

**मोहम्मदगंज पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार ने फाइलेरिया रोग खोज अभियान के तहत स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति की है। कहा कि 25 मई से 5 जून तक फाइलेरिया रोग खोज अभियान चलाया गया है। इसे लेकर प्रखंड के मोहम्मदगंज पंचायत क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर 30 मई से 5 जून तक कार्यक्रम चलाया जायेगा। इसमें विजय सिंह, शकील अहमद एल टी, धीरेंद्र कुमार शामिल थे।

## तहफूज ए वक्फ कमेटी की बैठक में राउंड टेबल मीटिंग का हुआ निर्णय

- भारत के संविधान के आईने में नये वक्फ कानून पर होगी चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** तहफूज ए वक्फ कमेटी हुसैनाबाद की बैठक ग्यासुद्दीन सिद्दीकी के आवासीय परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता अब्दुल मन्नान खान ने की। बैठक में पूर्व की बैठक की समीक्षा की गई। सदर के दिवंगत होने की स्थिति में नए सदर का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अबू नसर सिद्दीकी को सदर चुना गया। कमेटी के सेक्रेट्री मसरूर अहमद ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ की गाइड लाइन में कहा गया है कि वक्फ क्या है, नये वक्फ कानून में क्या खामियां हैं, इसकी जानकारी सभी को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज के सभी वर्ग के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर लोगों को सही बात बताने की जरूरत है।

# वन विभाग सक्रिय, बंशीखुर्द में 2.10 लाख रुपये का अवैध केंदूपत्ता जब्त

**सुधीर यादव**



बरामद केंदूपत्ता के साथ वन विभाग के कर्मचारी।

**मनातू (पलामू)।** मनातू प्रखंड के अंतर्गत आने वाले बंशीखुर्द गांव में वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अवैध रूप से संकलित केंदूपत्ता की खेप को जब्त कर वन विभाग ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी वनपाल संजय लकड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बंशीखुर्द क्षेत्र में केंदूपत्ते का अवैध संग्रहण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने तत्काल एक टीम गठित कर छापेमारी की योजना बनायी। प्रभारी वनपाल संजय लकड़ा ने बताया कि मौके पर पहुंचकर विभागीय टीम ने बड़ी मात्रा में केंदूपत्ता जब्त किया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 10 हजार रुपये है। उन्होंने यह भी बताया कि जब्त केंदूपत्ता को बिना किसी वैध कागजात और अनुमति के संग्रहित किया गया था। इस मामले में संवेदक भूषण प्रसाद एंव मुंशी जावेद खान मुख्य आरोपी बनाया गया है, और उनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

**खास बातें :** वन विभाग के अनुसार, केंदूपत्ता की यह खेप मनातू होते हुए अन्य राज्यों में भेजी जानी थी, जहां इसका उपयोग बीड़ी निर्माण में किया जाता है। विभाग ने इसे वन संसाधनों की अवैध तस्करी और राजस्व हानि की दृष्टि से गंभीर अपराध मानते हुए कार्रवाई की है। संजय लकड़ा ने कहा कि इस कार्रवाई से इलाके में अवैध केंदूपत्ता व्यापार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेंगी। विभाग की ओर से स्थानीय ग्रामीणों से भी अपील की गयी है कि यदि उन्हें ऐसी कोई अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कठोर कार्रवाई की जा सके।

# गांवों के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं : मुनीर हुसैन

- एलएलटीसी के निदेशक ने जिला टॉपर को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जिला टॉपर को सम्मानित करते एलएलटीसी के निदेशक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पड़वा बाजार में स्थित एलएलटीसी कोचिंग संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित की गयी। समारोह में मैट्रिक परीक्षा में जिला टापर आशुतोष रंजन एवं जिला टाप टेन में प्रफ्फुल मेहता को संस्थान के निदेशक मुनीर हुसैन ने सम्मानित किया।

निदेशक मुनीर हुसैन ने कहा कि पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के अतिसुदुर ग्रामीण क्षेत्र के छेछौरी के आशुतोष रंजन ने जिला टॉप कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा के लिए कोई जगह या संपन्नता कोई मायने नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि जिस समय गांव में शिक्षा का घोर अभाव था उस समय उन्होंने छेछौरी गांव में शिक्षा का अलख जगाने के उद्देश्य से कोचिंग की शुरुआत की थी। मेरा सपना था कि गांव के बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर इलाके का नाम रौशन करें।

आज बड़े गर्व के साथ कहा जा सकता है कि उनका वह सपना पूरा होता दिखाई दे रहा है। पिछले पांच छः साल से प्रत्येक वर्ष मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उनके संस्थान के बच्चे जिला टॉपर या टॉप टेन में यहां तक कि स्टेट के टाप टेन में शामिल रहते हैं। इस मौके पर भोला महतो, सुधीर मेहता, छोटु मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

## नवनियुक्त डीसी ने की प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिया निर्देष

# जनहित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी दिनेश कुमार यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय एवं वर्तमान पदाधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा, जनहितकारी योजनाओं में तेजी और विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करना था। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट साझा करें और योजनाओं को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से लागू करें। डीसी श्री यादव ने कहा कि जिले के नागरिकों को सुशासन देना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डीसी ने साप्ताहिक समीक्षा, प्रभावी जनसुनवाई, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, शिक्षा, स्वास्थ्य और जलापूर्ति जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि लापरवाही या उदासीनता को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज माहेश्वरम, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, डीटीओ धीरज प्रकाश, एलआरडीसी प्रमेश कुशवाहा, रविश राज सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा, सीएस अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बैंकों को दिया लक्ष्यों के अनुरूप कार्य का निर्देश

गढ़वा। समाहरणालय सभागार में बुधवार को डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रदर्शन, ऋण वितरण, केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत आठ लाभुकों को दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। डीसी ने केसीसी, पीएमईजीपी, मुद्रा ऋण, महिला लखपति किसान योजना, एमएसएमई, आरसेटी, वित्तीय समावेशन जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि किसानों के केसीसी लोन में पैन कार्ड की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए।

## संत जोसेफ उवि के छात्रों ने रचा इतिहास

**गढ़वा।** झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में संत जोसेफ उच्च विद्यालय, रंका के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिला का नाम रौशन किया। कुल 287 विद्यार्थियों में से सभी उत्तीर्ण हुए। इनमें 189 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई जबकि 159 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। पीयूष कुमार ने 451 अंक (90.20 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनते हुए जिला स्तर पर इतिहास रच दिया। अमृत कुमार 88.80 और मनीष ठाकुर 86.40 प्रतिशत ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। द्वितीय श्रेणी में 122 और तृतीय श्रेणी में 6 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सफलता के इस अवसर पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्रधानाध्यापिका सिस्टर जगरानी व सिस्टर मुक्ति केरकेट्टा को बधाई दी।

## झामुमो ने बनाया नया मीडिया पैनल, गढ़वा से मिथिलेश ठाकुर व धीरज दुबे को मिली जिम्मेदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी की विचारधारा, नीतियों, कार्यक्रमों और सम-सामयिक मुद्दों पर प्रभावशाली ढंग से पक्ष रखने के लिए राज्य स्तर पर नया मीडिया पैनल गठित किया है। इस पैनल में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 11 प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जिनकी जिम्मेदारी होगी कि वे मीडिया के माध्यम से पार्टी की आवाज को संगठित और मर्यादित ढंग से आम जनमानस तक पहुंचाएं। गढ़वा जिला से पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और झामुमो केंद्रीय समिति के सक्रिय सदस्य धीरज दुबे को इस पैनल में शामिल किया गया है। दोनों नेताओं की नियुक्ति को लेकर जिले के झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पार्टी नेताओं का मानना है कि यह कदम जिले में पार्टी की गतिविधियों और जनसंपर्क को नई दिशा देगा। पैनल में अन्य सदस्यों में गिरिडीह से डॉ सरफराज अहमद, साहेबगंज से विजय हांसदा, रांची से डॉ महुआ माजी, विकास कुमार मुंडा, प्रो. अशोक कुमार सिंह, तनुज खत्री, धनबाद से डॉ नीलम मिश्रा, पूर्वी सिंहभूम से मनोज यादव और पंकज मिश्रा को भी शामिल किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने सभी पैनल सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे मीडिया में बयान देते समय पार्टी की मर्यादा, अनुशासन और विचारधारा का पालन करें। किसी भी विवादास्पद या संवेदनशील मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने से पहले केंद्रीय नेतृत्व से परामर्श करना अनिवार्य होगा। बधाई देने वालों में झामुमो जिलाध्यक्ष शंभू राम, सचिव शरीफ अंसारी, मदनी खान, परेश तिवारी, केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान, अनिता दत्त, नितेश सिंह, राजकिशोर यादव, चन्दन जायसवाल, अंजली गुप्ता, दीपमाला, फुजैल अहमद, सलीम जाफर, कंचन साहू, नसीम अख्तर आदि का नाम शामिल है।

## स्पीड न्यूज

### ज्वेलरी दुकान से डेढ़ लाख की चोरी



मझिआंव। बाजार समिति परिसर स्थित अखिलेश सोनी के ज्वेलरी दुकान से 75 हजार नगद व जेवरात समेत करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति दो चोर उठा ले गए। घटना को अंजाम देकर चोर मोटरसाइकिल से फरार हो गए, लेकिन उनकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार के पुत्र ने बताया कि उनके पिता दुकान खोल रहे थे, तभी घात लगाए बैठे चोरों में से एक ने झोला उठाया और फरार हो गया। कुछ माह पहले भी इसी तरह की चोरी यहां हो चुकी है। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन पुलिस टीम बनाई गई है, जिनमें वे स्वयं एक टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। एक टीम शाहपुर रोड, दूसरी गोवावल और तीसरी बेलचम्पा व रेहला क्षेत्र में चोरों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल चोरों का सुराग नहीं मिला है लेकिन खोजबीन जारी है।

### 5 दिनों तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

मझिआंव। 11 केवी फीडर में तार बदलने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते 29 मई से लगातार 5 दिनों तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता महादेव महतो ने बताया कि इस दौरान बूढ़ीखांड, खरसोता, मोरबे, करकटा सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि आवश्यक कार्य समय से निपटा लें और असुविधा के लिए क्षमा प्रकट किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्य पूरा होते ही आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

### राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए 24 सदस्यीय टीम गोड्डा रवाना




गढ़वा। गुरुवार से गोड्डा में शुरू हो रही प्रथम झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 24 सदस्यीय टीम को रवाना किया गया। रवाना करने से पहले संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों की तैयारी में काफी सुधार हुआ है और यह प्रदर्शन में भी झलकेगा। उन्होंने कहा कि संघ का सपना है कि गढ़वा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलें और इस सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी इन खिलाड़ियों की है। अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने और विरोधियों का सम्मान करने की अपील की, जबकि सचिव ने कहा कि इस बार टीम का प्रदर्शन पहले से बेहतर होगा। टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, रौशन कुमार पाल, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, पलक भारती, अंजली कुमारी, वर्षा रानी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, रौशन कुमार पाल, अनिल कुमार मेहता, शिवम कुमार पटेल, नमन धर दुबे, आयुष राज, सचिन कुमार पाल, दिव्यांशु धर दुबे शामिल हैं। टीम के मैनेजर संजय कुमार सिंह और कोच कमलेश कुमार दुबे व अनिल कुमार मेहता बनाए गए हैं। वहीं, अंपायर की भूमिका के लिए आशुतोष कुमार दुबे और आयुषी कुमारी पाण्डेय का चयन हुआ है। मौके पर उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अमोद पांडेय, शांति देवी आदि उपस्थित थे।

### चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो कार्यक्रम की शुरूआत



गढ़वा। डीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर बुधवार को चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो चरण 6 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिले भर के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, मास्टर जलसहिया, जलसहिया एवं अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। मौके पर कार्यपालक अभियंता ने सभी को माहवारी स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी और बताया कि गांव, स्कूल और आंगनबाड़ी स्तर पर भस्मक निर्माण कराना अनिवार्य होगा ताकि स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान सभी जलसहियाओं को निर्देशित किया गया कि वे ग्राम स्तर पर तय तिथियों के अनुसार जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करें। प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और रेड डॉट चैलेंज भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक साझा करें ताकि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके।

### शराब के नशे में बाइक और ऑटो की टक्कर



भवनाथपुर। केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत परती कुशवानी मुख्य पथ पर बीती रात एक ऑटो और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार विनोद चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विनोद चौधरी, परती कुशवानी निवासी राजकुमार चौधरी का पुत्र है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलावस्था में विनोद को भवनाथपुर सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ अभिनीत विश्वास ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनोद चौधरी शराब के नशे में बाइक चला रहा था और अपने गांव लौट रहा था। वहीं, उसी गांव का ऑटो चालक चंदन चौधरी भी शराब के नशे में बारातियों को लेकर आ रहा था। इसी दौरान गोबरैया के पास दोनों की जोरदार टक्कर हो गई।

### सर्पदंश से युवती घायल

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदडीह गांव में बीती रात सर्पदंश की घटना में एक युवती रीमा कुमारी, पिता बैजनाथ सिंहा गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 11 बजे रीमा को किसी जहरीले सांप ने काट लिया। पीड़िता ने तत्काल इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने पहले पारंपरिक तरीके से झाड़-फूंक कराया और फिर इलाज के लिए उसे यूपी ले गए। वहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।


### शपथ पत्र

मैं, शेरा खातुन, पति-मो. मकबूल, निवासी - हरदिया, पोस्ट-मंझीलाडीह, थाना-बिरनी, जिला-गिरिडीह, झारखंड, भारत, यह शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि :-
मेरी उम्र लगभग 45 वर्ष है।
मेरा आधार कार्ड संख्या 9063 9306 3255 है, जिसमें मेरा नाम SHERA KHATOON दर्ज है। बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-सरिया में मेरी फिक्स्ड डिपॉजिट खाता संख्या 48054500002750 है, जिसमें मेरा नाम SAIRA BANOO खातून के रूप में दर्ज है।
उपर्युक्त दोनों नाम- SAIRA BANOO और SHERA KHATOON एक ही महिला के हैं, और वह महिला मैं स्वयं हूँ।
यह शपथ पत्र मैंने अपने दोनों नामों की पुष्टि एवं पहचान के लिए तैयार किया है, जिससे किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।
मैं SHERA KHATOON शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त सभी कथन मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI समाहर्त्ता या समुचित सरकार
अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता/समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मोतरा, थाना सं0–139, थाना–बड़कागाँव, अंचल–बड़कागाँव, जिला–हजारीबाग में भूमि कमोवेश कुल 66.72 एकड़ यानि 27.0012 हेक्टेयर सार्वजनिक प्रयोजन, यथा बादम कोयला खनन् परियोजना, एन0टी0पी0सी0 लि0 हेतु ओवर बर्डन एरिया के लिए भू अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई के रूप में अधिसूचित ईकाई M/s CRADLE, Ashok Nagar, Ranchi द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है:–

हजारीबाग जिला के बड़कागाँव अंचल अन्तर्गत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित परियोजना बादम कोयला खनन परियोजना, एन0टी0पी0सी लि0 हेतु ओवर बर्डन डम्पिग एरिया के लिए रैयती भूमि की मात्रा न्यूनतम है और इसे टाला नहीं जा सकता क्योंकि बादम कोयला खनन परियोजना हेतु स्थल का चयन कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत निर्देशांक (Co-ordinates) के कारण पूर्व निश्चित है एवं भारत सरकार के आदेश सं0–Corrigendum No.-01 to the Allotment order No.- 103/20/2015/NA, दिनांक–31.08.2015 द्वारा किया गया है। अतः अधिग्रहण के लिए प्रस्ताविक भूमि की सीमा परियोजना के लिए आवश्यक एवं न्यूनतम सीमा है। प्रस्तावित परियोजना कोयला खनिज धारित क्षेत्र है जिसका अन्वेशण केन्द्रीय संस्था, सी0एम0पी0डी0आई0 के द्वारा किया गया है। जिससे दूसरे जगह स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। समाजिक समाघात अध्ययन के समस्त पहलुओं पर विचार के उपरांत पाया गया कि यह परियोजना लोकप्रयोजनार्थ है एवं सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करती हैं। बादम कोयला खनन परियोजना, एन0टी0पी0सी लि0 से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से आस–पास के अधिकांश व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। साथ ही अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी। विकास योजना में खनन् से संबंधित कौशल (जैसे–ड्राइविंग, तकनीकी कौशल व बुनियादी प्रबंधन कौशल) वयस्क बुनियादी शिक्षा व प्रशिक्षण और सामान्य जीवन कौशल का विकास शामिल होंगे। सामुदायिक विकास कार्यक्रम से परियोजना को और अधिक सुदृढ़ कर समाजिक स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। परियोजना की सामाजिक लागत एवं प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव की तुलन में संभावित लाभ अधिक है।

एस0आई0ए0 प्रतिवेदन के अनुसार भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 शून्य है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त की है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मोतरा, थाना सं0–139, थाना–बड़कागांव, अंचल–बड़कागांव जिला–हजारीबाग में उपयुक्त कथित परियोजना के कमोवेश 66.72 एकड़ यानि 27.0012 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 81 | 48 | निजी | धान 3 | 0.17 | लुरक सिंह पिता मटन सिंह | नन्हक सिंह | खेसरा न0 47 | खेसरा न0 50 | खेसरा न0 37 |
| 2 | 81 | 49/i | निजी | धान 3 | 0.27 | लुरक सिंह पिता मटन सिंह | खीरोधर सिंह | लुरक सिंह | खेसरा न0 50 | खेसरा न0 37 |
| 3 | 81 | 49/ii | निजी | धान 3 | 0.02 | राहुल कुमार पाण्डेय पिता सरोज पाण्डेय | खीरोधर सिंह | लुरक सिंह | खेसरा न0 50 | खेसरा न0 37 |
| 4 | 81 | 49/iii | निजी | धान 3 | 0.10 | प्रिया कुमारी पिता सरोज पाण्डेय | खीरोधर सिंह | लुरक सिंह | खेसरा न0 50 | खेसरा न0 37 |
| 5 | 40 | 51 | निजी | टांड 3 | 0.30 | देवलाल सिंह पिता सिटो सिंह वो दुर्गा सिंह, देवी सिंह पिता खैंटु सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | दीप सिंह | हर्नाथ | खेसरा न0 50 |
| 6 | 75 | 52 | निजी | टांड 3 | 1.78 | हरिनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | दीप सिंह | देवलाल सिंह | खेसरा न0 6 |
| 7 | 37 | 53 | निजी | टांड 3 | 2.03 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | लालमोहन पाठक | खेसरा न | खेसरा न0 6 प0 हर्नाथ सिंह |
| 8 | 33 | 54 | निजी | टांड 3 | 0.35 | दिलनारायण सिंह पिता लालबिहारी सिंह पाठक एवं अन्य | देवलाल सिंह | लाल वहनो पाठक | क खेसरा | खेसरा न0 6 |
| 9 | 38 | 55 | निजी | टांड 3 | 0.06 | देवलाल सिंह पिता नन्दलाल सिंह एवं अन्य | दिलनारायण सिंह | नीज दिलनारा | नीज | दिलनारायण सिंह |
| 10 | 38 | 56 | निजी | टांड 3 | 0.04 | देवलाल सिंह पिता नन्दलाल सिंह वो हरनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | नीज | नीज | नीज |
| 11 | 37 | 57 | निजी | टांड 3 | 0.14 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | लाल बिहारी पाठक | देवधारी सिंह | देवलाल सिंह प | बिहारी पाठक |
| 12 | 62 | 58 | निजी | धान 3 | 0.04 | लाल बिहारी पाठक पिता जगरनाथ पाठक | दिलनारायण सिंह | दिलनारायण सिंह | देवलाल सिंह | बिहारी पाठक |
| 13 | 62 | 59 | निजी | धान 3 | 0.68 | लाल बिहारी पाठक पिता जगरनाथ पाठक एवं अन्य | नीज | देवधारी सिंह | पाठक | दीप सिंह |
| 14 | 62 | 60 | निजी | धान 3 | 0.09 | लाल बिहारी पाठक पिता जगरनाथ पाठक एवं अन्य | देवलाल सिंह | नीज | दिलनारायण सिंह | दीप सिंह |
| 15 | 32 | 61 | निजी | टांड 3 | 0.25 | तुलसी नाथ सिंह पिता नन्दकिशोर एवं अन्य | हरिनाथ सिंह | देवलाल सिंह | लाल बिहारी | खेसरा 50 |
| 16 | 32 | 62 | निजी | टांड 3 | 0.12 | दिपू सिंह पिता धाना सिंह एवं अन्य | नीज | नीज | लाल बिहारी पाठक | खेसरा प0 50 |
| 17 | 32 | 63 | निजी | टांड 3 | 0.16 | दिपू सिंह पिता धाना सिंह एवं अन्य | नीज | नीज | लाल बिहारी पाठक | खेसरा प0 50 |
| 18 | 62 | 64 | निजी | टांड 3 | 0.17 | लाल बिहारी पाठक पिता जगरनाथ पाठक एवं अन्य | दीप सिंह | देवधारी सिंह | सिंह नीज | खेसरा न0 50 |
| 19 | 54 | 65 | निजी | धान 3 | 1.07 | भोला सिंह पिता मोहन सिंह, जे एस डबलु स्टील लिमिटेड, धनंजय कुमार सिंहा | लाल बिहारी पाठक | हरनाथ सिंहसंह | देवधारी | दीप सिंह |
| 20 | 75 | 66 | निजी | धान 3 | 0.64 | हरिनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | देवधारी सिंह | देवलाल सिंह | नीज | दीप सिंह |
| 21 | 32 | 67 | निजी | धान 3 | 0.28 | गोविन्द सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 50 | खेसरा | हरनाथ सिंह | खेसरा न0 68 |
| 22 | 59 | 69 | निजी | धान 3 | 0.18 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | दीप सिंह | भगवान | देवलाल सिंह | खेसरा न0 68 |
| 23 | 59 | 70 | निजी | धान 3 | 0.14 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | भगवान दास | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | खेसरा न0 68 |
| 24 | 37 | 71 | निजी | धान 3 | 0.50 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | हर्नाथ सिंह | देवलाल सिंह | हर्नाथ सिंह | भगवान दास |
| 25 | 37 | 72 | निजी | धान 3 | 2.81 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | हरलाल सिंह | लाल बिहारी | प0 रास्ता |
| 26 | 75 | 73 | निजी | धान 3 | 0.84 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | देवधारी सिंह | देवलाल सिंह | सिंह देवलाल | नीज |
| 27 | 75 | 74 | निजी | धान 3 | 0.03 | हरिनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | नीज | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | नीज |
| 28 | 54 | 75 | निजी | टांड 3 | 0.19 | भोला सिंह, देवधारी सिंह पिता मोहन सिंह वो तिलकधारी सिंह पिता कासी सिंह वो अमृत सिंह, किसुनधारी सिंह, धुपनाथ सिंह पिता मांगु सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | नीज |
| 29 | 40 | 76 | निजी | टांड 3 | 0.05 | देवलाल सिंह पिता सिटो सिंह वो दुर्गा सिंह, देवी सिंह पिता खैंटु सिंह | देवधारी सिंह | भगवान दास | दुखन सिंह | देवधारी सिंह |
| 30 | 54 | 77 | निजी | धान 3 | 0.06 | भोला सिंह, देवधारी सिंह पिता मोहन सिंह वो तिलकधारी सिंह पिता कासी सिंह वो अमृत सिंह, किसुनधारी सिंह, धुपनाथ सिंह पिता मांगु सिंह | देवलाल सिंह | चेतलाल | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 31 | 59 | 78 | निजी | टांड 3 | 0.07 | रामचन्द्र दास, पिता धोवा दास एवं अन्य | देवधारी सिंह | लाल बिहारी पाठक | दुखन सिंह | देवलाल सिंह |
| 32 | 62 | 79 | निजी | टांड 3 | 0.08 | लाल बिहारी पाठक पिता जगरनाथ पाठक एवं अन्य | भगवान दास | देवलाल सिंह | दुखन सिंह | देवलाल सिंह |
| 33 | 40 | 80 | निजी | टांड 3 | 0.07 | देवलाल सिंह पिता सिटो सिंह वो दुर्गा सिंह, देवी सिंह पिता खैंटु सिंह | लाल बिहारी पाठक | चेतलाल सिंह | लालाल सिंह | लाल सिंह |
| 34 | 17 | 81 | निजी | टांड 3 | 0.32 | चेतलाल सिंह, हरिलाल सिंह पिता भुखन सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | चेतलाल सिंह | देवधारी | चेतलाल सिंह |
| 35 | 54 | 82 | निजी | टांड 3 | 0.23 | भोला सिंह, देवधारी सिंह पिता मोहन सिंह वो तिलकधारी सिंह पिता कासी सिंह वो अमृत सिंह, किसुनधारी सिंह, धुपनाथ सिंह पिता मांगु सिंह एवं अन्य | जेखलाल सिंह | खेसरा न0 239 | भगवान दास | चेतलाल सिंह |
| 36 | 23 | 83 | निजी | टांड 3 | 0.19 | जीवलाल सिंह पिता महावीर सिंह एवं अन्य | दुखन सिंह | देवधारी सिंह | जेखलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 37 | 35 | 84 | निजी | टांड 3 | 0.16 | दुर्गा सिंह वो देवी सिंह पिता खेटु सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | जेखलाल सिंह | जेखलाल | देवलाल सिंह |
| 38 | 35 | 85 | निजी | धान 3 | 0.09 | दुर्गा सिंह वो देवी सिंह पिता खेटु सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | जेखलाल सिंह | जेखलाल सिंह | भगवान दास |
| 39 | 37 | 87 | निजी | धान 3 | 0.24 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | दुखन सिंह | सिंह प0 दिल | नारायण सिंह |
| 40 | 37 | 88 | निजी | टांड 3 | 1.24 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | दुखन सिंह | हर्नाथ सिंह | देवधारी सिंह |
| 41 | 75 | 89 | निजी | टांड 3 | 0.58 | हरिनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | नीज | दुखन सिंह | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 42 | 75 | 90 | निजी | टांड 3 | 0.59 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | खेसरा न0 6 | नीज | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 43 | 37 | 91 | निजी | टांड 3 | 0.98 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | दुखन सिंह | हर्नाथ सिंह | हर्नाथ सिंह |
| 44 | 75 | 92 | निजी | टांड 3 | 0.72 | हरनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | नीज | दुखन सिंह | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 45 | 75 | 93 | निजी | टांड 3 | 0.42 | हरनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | नीज | नीज | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 46 | 75 | 94 | निजी | टांड 3 | 0.46 | हरनाथ सिंह पिता पारसनाथ सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | नीज | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 47 | 37 | 95 | निजी | टांड 3 | 0.45 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | चिंतामनी महतो | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | हर्नाथ सिंह |
| 48 | 40 | 96 | निजी | टांड 3 | 0.36 | देवलाल सिंह पिता सिटो सिंह वो दुर्गा सिंह, देवी सिंह पिता खैंटु सिंह एवं अन्य | चिंतामनी महतो | कैलु जोलहा | लाल बिहारी पाठक | देवलाल सिंह |
| 49 | 62 | 97 | निजी | टांड 3 | 0.52 | लाल बिहारी पाठक पिता जगरनाथ पाठक एवं अन्य | देवलाल सिंह | बिगन राउत | बिगन राउत | देवलाल सिंह |
| 50 | 1 | 98 | निजी | टांड 3 | 1.48 | गीरजा नाथ सिंह पिता यदुनन्दन सिंह, शिवचरचण कुमार पिता जागेश्वर महतो, चिंतामनी महतो पिता स्व0 तिलक महतो एवं अन्य | गैरमजरूआ खास | देव देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | हर्नाथ सिंह |
| 51 | 40 | 99 | निजी | टांड 3 | 0.14 | देवलाल सिंह पिता सिटो सिंह वो दुर्गा सिंह, देवी सिंह पिता खैंटु सिंह एवं अन्य | चिंतामनी महतो | लाल | भगवान दास | चिंतामनी महतो |
| 52 | 59 | 100 | निजी | परती जदीद | 0.11 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | खीरोधर सिंह | लाल बिहारी पाठक | भगवान दास | देवलाल सिंह |
| 53 | 59 | 101 | निजी | धान III | 0.35 | रामचन्द्र दास भगवान दास सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | खिरोधर सिंह | लाल बिहारी पाठक | भगवान दास | भगवान दास |
| 54 | 11 | 102 | निजी | मोटा आर | 0.04 | खीरोधर सिंह पिता माधो सिंह एवं अन्य | पतोरफर सिंह | भगवान दास | पतोरफर सिंह | चिंतामन महतो |
| 55 | 11 | 103 | निजी | धान 3 | 0.42 | खीरोधर सिंह पिता माधो सिंह एवं अन्य | बली सिंह | पतोरफर सिंह | पतोरफर सिंह | चिंतामन महतो |
| 56 | 48 | 104 | निजी | परती भिड़ | 0.10 | बली सिंह पिता नारायण सिंह एवं अन्य | नीज | नीज | नीज | खेसरा न0 6 |
| 57 | 48 | 105 | निजी | अहरा | 0.26 | बली सिंह पिता नारायण सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | बली सिंह | बली सिंह | खेसरा न0 6 |
| 58 | 48 | 106 | निजी | धान 3 | 0.62 | बली सिंह पिता नारायण सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 6 | खिरोधर सिंह | बली सिंह | बली सिंह |
| 59 | 37 | 216 | निजी | धान III | 0.04 | देवलाल सिंह पिता नन्दलाल सिंह एवं अन्य | खेसरा 212, 217 | खेसरा 307 | खेसरा 207 | खेसरा 305 |
| 60 | 49 | 220 | निजी | धान 3 | 0.50 | बिगन राउत वो रमन राउत पिता कैलु जोलहा एवं अन्य | देवलाल सिंह | भगवान दास | दास देवलाल | देवलाल सिंह |
| 61 | 59 | 221 | निजी | धान 3 | 0.14 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | बिगन राउत | दुखन | देवलाल सिंह | भगवान दास |
| 62 | 59 | 222 | निजी | धान 3 | 0.24 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | बिगन राउत | दुखन सिंह | सिंह भगवान | देवलाल सिंह |
| 63 | 59 | 223 | निजी | धान 3 | 0.06 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड | भगवान दास | दुखन | भगवान दास | देवलाल सिंह |
| 64 | 37 | 224 | निजी | धान 3 | 0.24 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | दुखन सिंह | भगवान दास | हर्नाथ सिंह |
| 65 | 35 | 225 | निजी | धान 2 | 1.12 | दुर्गा सिंह वो देवी सिंह पिता खेटु सिंह एवं अन्य | हरनाथ सिंह | जेखलाल सिंह | भगवान दास | दुखन सिंह |
| 66 | 23 | 226 | निजी | टांड 3 | 0.34 | जीवलाल सिंह पिता महावीर सिंह एवं अन्य | दुखन सिंह | देवलाल सिंह | देवलाल सिंह | दुखन सिंह |
| 67 | 35 | 227 | निजी | धान 2 | 0.10 | दुर्गा सिंह वो देवी सिंह पिता खेटु सिंह एवं अन्य | जेखलाल सिंह | भगवान दास | जेखलाल सिंह | जेखलाल सिंह |
| 68 | 23 | 228 | निजी | धान 3 | 0.67 | जीवलाल सिंह पिता महावीर सिंह एवं अन्य | दुखन सिंह | भगवान दास | दुखन सिंह | जेखलाल सिंह |
| 69 | 59 | 229 | निजी | धान 3 | 0.58 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | जेखलाल सिंह | भगवान दास | जेखलाल सिंह | देवधारी सिंह |
| 70 | 59 | 230 | निजी | धान 3 | 0.17 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | देवनाथ सिंह | भगवान दास भगवान | दास भगवान | भगवान दास |
| 71 | 59 | 231 | निजी | धान 3 | 0.57 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | नीज | नीज | देवलाल सिंह | नीज |
| 72 | 37 | 232 | निजी | धान 2 | 0.37 | देवलाल सिंह पिता तहसल सिंह एवं अन्य | देवनाथ सिंह | मंगरा | देवलाल सिंह | भगवान दास |
| 73 | 59 | 233 | निजी | धान 2 | 0.50 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | नीज | नीज | देवलाल सिंह | नीज |
| 74 | 59 | 234 | निजी | टांड 3 | 0.19 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | नीज | मंगरा लाल धारी | देवलाल सिंह | नीज |
| 75 | 59 | 235 | निजी | टांड 3 | 0.37 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | देवनाथ सिंह | देवनाथ सिंह | देवनाथ सिंह | नीज |
| 76 | 59 | 236 | निजी | टांड 3 | 0.19 | रामचन्द्र दास, भगवान दास, सुरजु दास पिता धोवा दास एवं अन्य | खेसरा न0 239 | शिवनाथ सिंह | नीज | खीरोधर सिंह |
| 77 | 11 | 237 | निजी | टांड 3 | 0.28 | खीरोधर सिंह पिता माधो सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 239 | शिवनाथ सिंह | भगवान दास | शिवनाथ सिंह |
| 78 | 11 | 238 | निजी | टांड 3 | 0.04 | खीरोधर सिंह पिता माधो सिंह एवं अन्य | खेसरा न0 239 | खेसरा न0 239 | खेसरा न0 239 | खेसरा न0 239 |
| 79 | 17 | 240 | निजी | टांड 3 | 0.24 | चेतलाल सिंह, हरिलाल सिंह पिता भुखन सिंह एवं अन्य | चेतलाल सिंह | देवलाल सिंह | खेसरा न0 239 | मुखन भोक्ता |
| 80 | 70 | 241 | निजी | टांड 3 | 0.04 | सुखना भोक्ता वो भिखना भोक्ता पिता चमर भोक्ता एवं अन्य | मोसोमात हुलास कुंवारी | सुखन भोक्ता | चेतलाल सिंह | जदु भोक्ता |
| 81 | 77 | 242 | निजी | टांड 3 | 0.21 | मोसोमात हुलास कुंवारी पति परसन सिंह एवं अन्य | हर्लाल सिंह | मुखन | भोक्ता चेतलाल | नीज |
| 82 | 76 | 243 | निजी | टांड 3 | 1.08 | मोसोमात हुलास कुंवारी पति परसन सिंह एवं अन्य | देवलाल सिंह | देवनाथ सिंह | चेतलाल सिंह | देवलाल सिंह |
| 83 | 77 | 244 | निजी | टांड 3 | 0.96 | मोसोमात हुलास कुंवारी पति परसन सिंह एवं अन्य | हर्लाल सिंह | नीज | मुखन भोक्ता | देवनाथ सिंह |
| 84 | 70 | 245 | निजी | टांड 3 | 0.13 | सुखना भोक्ता वो भिखना भोक्ता पिता चमर भोक्ता एवं अन्य | नीज | नीज | देवलाल सिंह | जदु भोक्ता |
| 85 | 70 | 246 | निजी | टांड 3 | 0.65 | सुखना भोक्ता वो भिखना भोक्ता पिता चमर भोक्ता एवं अन्य | नीज | बली सिंह | देवलाल सिंह | जदु भोक्ता |
| 86 | 48 | 247 | निजी | धान 3 | 0.78 | जायसवाल निको ऊर्जा लिमिटेड एवं अन्य | देवलाल सिंह | खीरोधर सिंह | देवधारी सिंह | हुलास कुंवारी |
| 87 | 77 | 248/i | निजी | धान 3 | 0.36 | मोसोमात हुलास कुंवारी पति परसन सिंह एवं अन्य | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 88 | 77 | 248/ii | निजी | धान 3 | 0.02 | जीतु कुमार यादव पिता स्व0 राजेश गोप | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 89 | 77 | 248/iii | निजी | धान 3 | 0.02 | मनीष कुमार पिता गणेश साव | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 90 | 77 | 248/iv | निजी | धान 3 | 0.02 | दिलीप कुमार पिता सुरेश साव | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 91 | 77 | 248/v | निजी | धान 3 | 0.02 | अभिमन्यु कुमार पिता सुरेश साव | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 92 | 77 | 248/vi | निजी | धान 3 | 0.02 | विकाश कुमार पिता बिनोद यादव | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 93 | 77 | 248/vii | निजी | धान 3 | 0.02 | कुमार संतोष पिता गोपाल प्रसाद मेहता | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 94 | 77 | 248/viii | निजी | धान 3 | 0.01 | बब्लू यादव पिता लाटो गोप | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 95 | 77 | 248/ix | निजी | धान 3 | 0.02 | मनीष कुमार पिता खालेश्वर महतो | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 96 | 77 | 248/x | निजी | धान 3 | 0.02 | नितेश कुमार पिता खालेश्वर महतो | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 97 | 77 | 248/xi | निजी | धान 3 | 0.01 | तिलक गोप पिता बंधी गोप | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 98 | 77 | 248/xii | निजी | धान 3 | 0.01 | दिपक राम पिता राजू राम | प्लॉट नं0 244 | प्लॉट नं0 282 | प्लॉट नं0 247 | प्लॉट नं0 281 |
| 99 | 36 | 249 | निजी | धान 3 | 0.58 | देवनाथ सिंह पिता नारायन सिंह एवं अन्य | मोसोमात हुलास कुंवारी | लाल बिहारी पाठक | मोसोमात हुलास कुंवारी | शिवनाथ सिंह |
| 100 | 68 | 250 | निजी | धान 3 | 0.98 | शिवनाथ सिंह पिता नारायण सिंह एवं अन्य | हर्लाल सिंह | अम्बाजीत | लाल मोहन पाठक | दीप सिंह |
| | | | | कुल | 66.72 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय–विक्रय नहीं करेंगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा।

समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, विनिर्दिश्ट भूमि को मापने के लिए खोदने या भू–वैधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु समाहर्ता या उनके द्वारा मनोनीत कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ग्राम–मोतरा, थाना–बड़कागांव, थाना–सं0–139, अंचल–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग में कुल 66.72 एकड़ यानि 27.0012 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन विनिर्दिश्ट भूमि विवरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/
उपायुक्त हजारीबाग।

PR 353698 Land Reforms(25-26)D

# खबर मन्त्र

रांची.गुरुवार.29 मई 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## पलटीमार ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं। वे कब क्या कह दें, अपने कहे से मुकर जाएं, पलटी मार दें, अंदाज लगाना मुश्किल है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा पाक पर ताबड़तोड़ हमले किए जाने और पाक द्वारा मुकाबला करने की नाकाम कोशिश के बाद जिन भी परिस्थितियों में सीजफायर हुआ, निष्पक्ष विश्लेषक कुछ भी आंकलन करें लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले तो सीजफायर का सारा श्रेय खुद बटोर लिया लेकिन भारत सरकार द्वारा उनके दावों, प्रतिदावों को सख्ती से खारिज किए जाने के बाद उन्होंने यह कहते हुए यूटर्न ले लिया है कि दक्षिण एशिया के इन दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों के दरम्यान सीजफायर या मध्यस्थता कराने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। कश्मीर, एलओसी, पीओके और भारत पाक के संबंधों से जुड़े अन्य पहलुओं पर भारत की रीति नीति शीशे की तरह साफ है। भारत का स्पष्ट मानना है कि उसके पाक से जुड़े जो भी विवाद हैं, उन्हें सुलझाने की वह पूर्ण सामर्थ्य रखता है और किसी तीसरे देश का दखल या मध्यस्थता उसे स्वीकार नहीं है लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के मध्य दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद सीजफायर पर जो रजामंदी बनी, ट्रंप ने उसे अमेरिकी प्रयासों का प्रतिफल बताकर भारत की कश्मीर नीति को नए और आश्चर्यपूर्ण संदर्भ देने की कोशिश की। अमेरिका भले ही सुपरपावर है लेकिन विश्व राजनीति में ट्रंप के बयानों को कभी गंभीरता से नहीं लिया जाता। सीजफायर के बाद उन्होंने जिस तरह के वक्तव्य दिए, उनमें भारत के प्रति सम्मान तो कहीं भी परिलक्षित नहीं होता। ट्रंप अपने नीतियों के कारण लगातार संकट में हैं। पूरी दुनिया में उनकी आलोचना हो रही हैऔर अमेरिका में भी उनका विरोध आंरभ हो गया है। लोकप्रियता में लगातार गिरावट हो रही है।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

# कई देशों की फजीहत करा चुके हैं चीनी हथियार





**- अभिनय प्रकाश**

**भयंकर भ्रष्टाचार, रिवर्स इंजीनियरिंग ने कर रखा है बंटाधार**

पिछली सरकारों के वक्त पर चीन के नाम से इतना डराया गया। कहा जाता था कि चीन के पास इतनी आर्मी है। चीन अब तक अपने पूरे इतिहास में केवल तीन युद्ध लड़ा है। 1962 को थोड़ी देर के लिए अगर साइड में कर दें तो जापान के साथ उसने लड़ाई लड़ी। फिर कोरिया के साथ उसने युद्ध लड़ा। भारत, वियतनाम और तिब्बत के साथ चीन सीमा विवाद में पड़ा हुआ है।

**चीन की सेना कितनी ताकतवर है?**

चीनी वायुसेना में 40,0000 सैनिक हैं और यह दुनिया की सबसे उन्नत वायुसेनाओं में से एक है, जबकि इसकी नौसेना में 3,80,000 सैनिक हैं और इसके पास आधुनिक युद्धपोत, लड़ाकू जेट, परमाणु पनडुब्बी और अन्य उन्नत हथियार हैं। रिपोर्टों के अनुसार, चीनी नौसेना के पास तीन विमानवाहक पोत, 50 विध्वंसक और 61 पनडुब्बियाँ हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार, चीनी सेना के पास अनुमानतः 6800 टैंक, 2750 रॉकेट आर्टिलरी, 144,017 वाहन, 3309 विमान, 1212 लड़ाकू विमान और 281 हमलावर हेलीकॉप्टर हैं। इसके अलावा, चीन की नौसेना के पास तीन विमानवाहक पोत, 50 विध्वंसक और 61 पनडुब्बियाँ हैं। लेकिन चीनी सेना के भीतर लड़ने का माद्दा नहीं है। 31 लाख 70 हजार से ज्यादा की आर्मी चीन के पास है। लेकिन ये भाग जाते हैं।

**चीन के मिसाइलों में ईंधन की जगह पानी**

ब्लूबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने खुलासा किया है कि दोषपूर्ण चीनी मिसाइलों के कारण शी जिनपिंग को अपनी सेना को हटाना पड़ा। चीन के रॉकेट फोर्स के अंदर और पूरे देश के रक्षा औद्योगिक बेस में भ्रष्टाचार इतना व्यापक है कि अमेरिकी अधिकारियों का अब मानना है कि शी द्वारा आने वाले वर्षों में प्रमुख सैन्य कार्रवाई के बारे में सोचने की संभावना कम है, जैसा कि अन्यथा होता, ऐसा उन लोगों का कहना है, जिन्होंने खुफिया जानकारी पर चर्चा करते हुए नाम न बताने का अनुरोध किया था।

**भ्रष्टाचार से लिप्त पूरी आर्मी**

मतलब मिसाइलों के भीतर तो पानी भरा हुआ है। लेकिन जहां से मिसाइलों को लॉन्च किया जाता है। उनके ढक्कन तक नहीं खुलेंगे। अब एक और रिपोर्ट का एमआरआई स्कैन करते हैं। ये कोई और नहीं बल्कि चीन के माउथ पीस साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट है जिसमें उसने हेडलाइन ही दिया है कि कोई भी सुरक्षित नहीं है और इसके साथ ही कहा गया कि चीन ने 2023 में रिकॉर्ड संख्या

> ब्लूबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने खुलासा किया है कि दोषपूर्ण चीनी मिसाइलों के कारण शी जिनपिंग को अपनी सेना को हटाना पड़ा। चीन के रॉकेट फोर्स के अंदर और पूरे देश के रक्षा औद्योगिक बेस में भ्रष्टाचार इतना व्यापक है कि अमेरिकी अधिकारियों का अब मानना है कि शी द्वारा आने वाले वर्षों में प्रमुख सैन्य कार्रवाई के बारे में सोचने की संभावना कम है

में वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया गया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार के खिलाफ चीन की लड़ाई ने पिछले वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित किए, जब सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने 45 वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की। चीन ने अपने जनरल को हटा दिया था क्योंकि उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। रिपोर्ट में बताया गया कि 2023 में शुरू की गई वरिष्ठ-स्तरीय जांचों की संख्या 2022 की तुलना में 40 प्रतिशत बढ़ गई, जब केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग (सीसीडीआई) चीन की शीर्ष भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी - ने सीसीडीआई द्वारा आधिकारिक घोषणाओं के आधार पर उच्च-रैंकिंग अधिकारियों के खिलाफ 32 जांच दर्ज कीं।

**चीन अपने हथियारों पर काफी शेखी बघारता रहा**

अब थोड़ा हालिया घटनाक्रम पर नजर डालते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम में कायरता पूर्ण हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। भारत की तरफ से आतंक के ठिकानों पर सटीक और करारा प्रहार किया गया। अब इस विवाद में चीन की तरफ से 100 ज्यादा पीएल 15 मिसाइलें दे दी। पीएल 15 चीन की सबसे एडवांस मिसाइल मानी जाती है। पीएल-15ई मिसाइल को लेकर चीन काफी शेखी बघारता रहा है। ये एक अत्याधुनिक बियॉन्ड-विजुअल-रेंज (इश्फ) एयर-टू-एयर मिसाइल है। इसे खास तौर पर जे-10उ, जे-16 और जे-20 जैसे फाइटर जेट्स के साथ इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया था। इसकी सबसे बड़ी ताकत 200 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक टारगेट को मार गिराने की क्षमता, अएरअ रडार सीकर के साथ सटीक निशाना लगाने की ताकत है।

**जेएफ 17 भी बेअसर**

पाकिस्तान की तरफ से पीएल-15ए मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। पाकिस्तान ने जेएफ-17 फाइटर जेट से चीनी मिसाइल को लॉन्च किया था। लेकिन भारत के बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर यूनिट ने चीनी मिसाइल को हवा में ही बेअसर कर दिया। जब भारत ने चीन की इस सबसे शक्तिशाली मिसाइल को बेअसर कर दिया तो पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। अमेरिका से लेकर यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड को मिलाकर बने फाइव आईज गठबंधन ने इसके टुकड़े की जांच में गहरी दिलचस्पी दिखाई है, ताकि वो चीनी मिसाइल के बारे में जानकारियां हासिल कर सके। ये एक और बड़ा उदाहरण है कि चीन के हथियार कितने कारगर हैं।

**एचक्यू-9 भी चीनी माल निकला**

चीन के बैटल टैंक, आर्टलरी, ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम इस लड़ाई में सबकुछ ध्वस्त हो गया। एचक्यू 9 की कहानी तो आप सभी को पता होगी। चीन की एचक्यू-9 मिसाइल तो रफाल (राफेल) से दागी गई स्कैल्प मिसाइल और हैमर बम तक को नहीं पकड़ पाई। स ने चीन को अपनी एस-300 मिसाइल सिस्टम दी थी। चीन ने इसकी रिवर्स इंजीनियरिंग कर खुद की एचक्यू-9 मिसाइल प्रणाली खड़ा कर ली। लेकिन एचक्यू-9 भी चीनी माल निकला और ऑपरेशन सिंदूर में थड यानी बेदम साबित हुआ।

**चीन के हथियार दे देते हैं वक्त पर दगा**

2022 में म्यांमार और बर्मा का युद्ध हुआ था। म्यांमार की आर्मी को चीन ने जेएफ 17 दिए थे। लेकिन जब युद्ध की बारी आई थी तो 11 जेएफ 17 म्यांमार की आर्मी ने कहा कि चलने लायक ही नहीं हैं। म्यांमार ने कथित तौर पर 2016 की शुरूआत में चीन से 16 17 खरीदने के लिए एक सौदा किया था, जिसकी कीमत 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति विमान थी।

2018 में म्यांमार वायु सेना को छह विमानों का पहला बैच दिया गया था, लेकिन अन्य 10 के बारे में विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं है। इस सौदे ने म्यांमार को चीन और पाकिस्तान के बाहरजे एफ 17 खरीदने वाला पहला देश बना दिया। जेएफ-17 की खराब सटीकता के कारण म्यांमार वायु सेना उन्हें कमीशन किए जाने के चार साल बाद भी युद्ध के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकती है।

## लेटर टू एडिटर

### सावधानी और सतर्कता

**देश** के कुछ राज्यों में कोरोना एक बार फिर सक्रिय होने लगा है। हालांकि सरकार, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस पर सक्रिय हैं, फिर भी हमें इस बीमारी से बचाव के लिए गंभीरता से कुछ बातों का पालन करना होगा। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार कोरोना ज्यादा गंभीर नहीं होगा, लेकिन सतर्क रहना आवश्यक है। हमें कोरोना से डरना नहीं चाहिए, बल्कि सावधानी और सतर्कता से इसका सामना करना चाहिए।

**- राजेश, जमशेदपुर**

### अग्निकांड की त्रासदी

**हैदराबाद** के ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस की एक बिल्डिंग में भीषण आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। लापरवाही के चलते ही ऐसे हादसे होते हैं। केमिकल व पटाखा फैक्टरी में भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। प्रशासन को समय-समय पर ऐसे भवनों की जांच-पड़ताल करते रहना चाहिए। ऐसे भवनों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के चलते जान माल की अधिक क्षति होती है।

**-मुकेश प्रसाद, रांची**

## ट्वीट

**भारत** माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। आजादी के आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़नः कानून, सच और सन्नाटा



**सोनाली भट्टाचार्य**

कानून

**हम** उस दौर में हैं जहाँ महिलाएँ केवल घर की ज़िम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं। वे डॉक्टर हैं, वकील हैं, मजदूर हैं, इंजीनियर हैं, पत्रकार हैं, राजनेता हैं वे हर उस जगह हैं जहाँ निर्णय लिए जाते हैं, जहाँ देश की दिशा तय होती है, जहाँ भविष्य की नींव रखी जाती है। लेकिन इसी सशक्तिकरण की यात्रा के बीच एक भयावह सच्चाई उनके कदमों से चिपकी है कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न। यह केवल एक व्यक्तिगत आघात नहीं है, यह एक सामाजिक कलंक है, जो विकास की हर ईंट के नीचे दबी कराह है। 2013 में जब कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया, तो पहली बार यह कानूनी रूप से स्वीकार किया गया कि कामकाजी महिलाएं भी हिंसा की शिकार होती हैं और यह हिंसा अदृश्य, असहज, और अक्सर चुप्पी में लिपटी होती है। यह कानून विशाखा बनाम राजस्थान राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ऐतिहासिक दिशा-निर्देशों पर आधारित है। कानून कहता है कि कोई भी संस्था, जहाँ दस या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, उन्हें एक आंतरिक शिकायत समिति बनानी अनिवार्य है। यह समिति शिकायतों की सुनवाई करती है, जाँच करती है और न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। लेकिन सच्चाई यह है कि अधिकतर संस्थान इस प्रावधान को केवल कागजों में सीमित रखते हैं। अनेक कार्यालयों में आज भी ऐसी कोई समिति नहीं है। और जहाँ है, वहाँ या तो पीड़ित को गंभीरता से नहीं लिया जाता या उसे चुप रहने के लिए दबाव डाला जाता है। कानून यह स्पष्ट करता है कि यौन उत्पीड़न सिर्फ जबरन छूना या शारीरिक संपर्क तक सीमित नहीं है। यह एक वरिष्ठ द्वारा प्रमोशन के बदले यौन संबंध की अपेक्षा करना हो सकता है, अश्लील संदेश भेजना, अपमानजनक टिप्पणियाँ करना, अश्लील तस्वीरें दिखाना या महज ऐसा व्यवहार करना जिससे महिला असहज महसूस करे। यह भी कहा गया है कि यदि महिला संस्थान की स्थायी कर्मचारी नहीं भी है, तब भी वह इस कानून की सुरक्षा के दायरे में आती है। लेकिन जब सवाल उठता है आँकड़ों का, तो सन्नाटा और अधिक भयावह हो जाता है। जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में 18 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 14.58 करोड़ महिलाएं हैं और अगर इनमें से एक बड़ी संख्या किसी न किसी रूप में उत्पीड़न का शिकार हुई है, तो यह स्पष्ट है कि हम केवल न्याय के नाम पर छलावा कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बलात्कार के अलावा, छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणियाँ और अन्य प्रकार के उत्पीड़न के लाखों मामले सामने आए हैं। लेकिन यह भी माना गया है कि असली घटनाओं का केवल 1% ही रिपोर्ट होता है। बाकी सब सिसकियों में दब जाते हैं, इज्जत के डर से, नौकरी खोने के डर से, बदनामी के डर से। कई बार पीड़िता की ओर से शिकायत कोई अन्य व्यक्ति भी कर सकता है, लेकिन फिर भी न्याय की राह आसान नहीं होती। पीड़िता को तीन महीने के भीतर शिकायत दर्ज करनी होती है, और कई बार पीड़ा और भय इतने गहरे होते हैं कि तीन महीने बहुत कम लगते हैं। यद्यपि कानून समय सीमा बढ़ाने का प्रावधान देता है, लेकिन समिति की सहानुभूति पर यह निर्भर करता है। जहाँ तक झूठी शिकायतों का प्रश्न है, कानून इसमें भी स्पष्ट है। यह कहता है कि झूठी शिकायत करना भी दंडनीय है, लेकिन यह प्रावधान कहीं न कहीं वास्तविक पीड़िताओं को भी डराने का माध्यम बन जाता है। नियोक्ता के कर्तव्य भी स्पष्ट हैं न केवल शिकायत समिति बनाना, बल्कि यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना, कार्यस्थल को सुरक्षित बनाना और यदि शिकायत होती है, तो निष्पक्ष जाँच कराना। लेकिन क्या यह सब वास्तव में होता है? अनेक संस्थाओं में यह कानून बस किसी धूल भरी फाइल में दफन है। आज जरूरत है कि इस कानून को जीवित रूप में देखा जाए। यह केवल एक अधिनियम नहीं, महिलाओं की आत्मा को सम्मान देने का राष्ट्रीय संकल्प है। जब तक हर कार्यस्थल पर आंतरिक शिकायत समिति सक्रिय नहीं होती, जब तक महिलाएं खुलकर अपनी बात नहीं कह सकतीं, और जब तक समाज पीड़िता को दोष देने के बजाय उत्पीड़क को कठघरे में खड़ा नहीं करता, तब तक यह कानून अधूरा है। क्या हम फिर किसी विशाखा, किसी भंवरी देवी या किसी निर्भया की प्रतीक्षा करेंगे? या अब समाज और सरकार दोनों यह संकल्प लेंगे कि किसी भी कार्यशील महिला की गरिमा को आघात नहीं पहुँचाया जाएगा? यह लड़ाई केवल कानूनी नहीं है, यह सांस्कृतिक है, मानसिकता के बदलाव की लड़ाई है और यह तभी जीती जा सकती है जब हर कार्यस्थल न केवल उत्पादकता का केंद्र हो, बल्कि गरिमा, सम्मान और सुरक्षा का भी प्रतीक बने।

(झारखंड उच्च न्यायालय की अधिवक्ता है।)

# मैं समय हूं, 50 साल से देख रहा हूं

विचार

**मधुकर**

**मैं** समय हूं। 1974 से 2024 के पांच दशकों का दर्शक। समय कभी रूकता नहीं। घड़ी तो चलती रहती है। 2024 के बाद भी घडी चल ही रही है। 1974 के पहले और बाद के पच्चास वर्षों में हमने जात-पात तोड दो तिलक दहेज छोड़ दो के नेताओं को जात-पात की राजनीति से सत्ता में पांव जमाते और अपनी हैसियत बनाते देखा है। हमने देखा है क्योंकि समय तो सबकुछ देखता रहता है। वह हर क्षण सक्रिय रहता है मैं भी चाहे न चाहे समय की तरह 1974 आंदोलन से लेकर अबतक अपने साथियों को बदलते, समाज को बर्बाद करते देखा है देख रहा हूं। कुछ नहीं कर सकता लेकिन समय तो सबके करमों की हिसाब-किताब रखता है, करता है। आंदोलन का सक्रिय हिस्सेदार और इमानदार दर्शक होते हुए सत्ता में जाने के पूर्व, सत्ता में जाने के बाद और सत्ता से हटते ही नेताओं को बदलते और उनके पैतरे देखा है।

> सबका लेखा जोखा है मेरे पास। सबके कर्मो का हिसाब भी रखा है मैंने। 1974 में विपक्षी नेताओं और कांग्रेस कम्युनिष्ट का सत्ता में रहते उनके व्यवहार को देखा है। 1974 में जनता पार्टी की सरकार और जनता पार्टी की आपसी टूट-फूट से सरकार गिरते देखा है। हमने इंदिरा जी संजय गांधी, विधाचरण शुक्ल, सिर्द्धाथ शंकर का 1974 में अहंकार देखा। हमने 1974 में मोरारजी देसाई, जगजीवन राम और चरण सिंह को अपने अहंकार के चलते सत्ता गंवाते देखा। हम उन्हें कपूर्री ठाकुर को मुख्यमंत्री बनते देखा और गद्दी से उतरते देखा हमने जनसंघ को देखा, सोशलिस्टो को देखा, कम्युनिष्टों को देखा। आंदोलनकारी नेताओं लालू प्रसाद, नीतिश कुमार, अश्विनी चौबे, सुशील गोदी, विक्रम कुंअर, प्रो. रामजी सिंह, प्रो. जाकिर हुसैन, प्रो रघुवंश सिंह को भी देखा। उनका लेखा जोखा भी है।

सबका लेखा जोखा है मेरे पास। सबके कर्मो का हिसाब भी रखा है मैंने। 1974 में विपक्षी नेताओं और कांग्रेस कम्युनिष्ट का सत्ता में रहते उनके व्यवहार को देखा है। 1974 में जनता पार्टी की सरकार और जनता पार्टी की आपसी टूट-फूट से सरकार गिरते देखा है। हमने इंदिरा जी संजय गांधी, विधाचरण शुक्ल, सिर्द्धाथ शंकर का 1974 में अहंकार देखा। हमने 1974 में मोरारजी देसाई, जगजीवन राम और चरण सिंह को अपने अहंकार के चलते सत्ता गंवाते देखा। हम उन्हें कपूर्री ठाकुर को मुख्यमंत्री बनते देखा और गद्दी से उतरते देखा हमने जनसंघ को देखा, सोशलिस्टो को देखा, कम्युनिष्टों को देखा। आंदोलनकारी नेताओं लालू प्रसाद, नीतिश कुमार, अश्विनी चौबे, सुशील गोदी, विक्रम कुंअर, प्रो. रामजी सिंह, प्रो. जाकिर हुसैन, प्रो रघुवंश सिंह को भी देखा। उनका लेखा जोखा भी है।

हमने, भाजपा बनते देखा और भाजपा पर कब्जा जमात देखा। मैं समय हूं। संजय को कृष्ण से दिव्य दृष्टि मांगनी पड़ी थी। मैं तो पत्रकार बना, शिक्षक बना, सामाजिक कार्यकर्त्ता बना रहा सब जगह से समय की तरह देखता रहा। आरक्षण का समर्थय और विरोध सत्ता के लिए देखा। आरक्षण को लूटते पीटते देखा। हमने संपूर्ण क्रांति के अग्रणी वाहको को संपूर्ण भ्रांति में जाते देखा उनका भी हिसाब किताब है।

राजनीति में एक-दूसरे को सत्ता के लिए मरते देखा। कोरोना में जिस प्रकार डोलो की खपत एवरेस्ट की उचाई से भो ज्यादा हो गई थी उसी प्रकार राजनीति में झूठ ही पराकाष्ठा देखा। हमने सत्ता हासिल करने के लिए अपनों को मारते-मरवाते देखा। आंखे पथरा नही गई। पथराती भी कैसे म तो महाभारत के संजय की तरह समय हूं न। समय की आंखे भला कैसे पथरायेंगी। जिस दिन समय रूक जायेगा उस दिन शून्य शायद नहीं बचेगा।

**रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद रांची के नमो बुक बैंक से बड़ी संख्या में युवाओं को उपयोगी पुस्तक प्राप्त हो रहा है जिससे उन्हें पढ़ने लिखने में आसानी हो रही है।**

**साभारः अजय सानी**




## कार्टून वर्ल्ड




संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कराटेकार आस्था सिंह हुयीं सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। कराटे कोच सेंसाई कंचन दास से प्रशिक्षण लेने वाली 17 वर्षीय एथलेटिक्स खिलाड़ी व एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी प्लस टू की छात्रा आस्था सिंह को भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने बुधवार को मेडल देकर सम्मानित किया। शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलकूद में करियर बनाने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी करियर बनाया जा सकता है। कोच कंचन दास ने बताया कि शॉटपुट और जैवलिन खिलाड़ी आस्था सिंह इसी माह 10 से 11 मई को रजरप्पा में आयोजित रामगढ़ जिला जूनियर एथलेटिक्स में गोला फेंक तथा भाला फेंक में दो रजत पदक जीतकर रामगढ़ जिला का नाम रोशन की है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दौड़ लगाने वाली आस्था सिंह पिछले स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भी रजत पदक जीतकर पूरे झारखंड का नाम रोशन कर चुकी है। इस अवसर पर अपने स्कूल की छात्रा आस्था सिंह को प्राचार्य विजयंत कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर आस्था सिंह ने अपनी उपलब्धियों का श्रेय कोच सेंसाई कंचन दास, अपने माता-पिता और कठिन परिश्रम को दी है। आस्था सिंह भविष्य में पुलिस बनकर देश की सेवा करना चाहती है।

### ओबीसी घोषणा-पत्र में शामिल हुईं अंबा प्रसाद



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी घोषणा-पत्र परामर्श कार्यक्रम में पूर्व विधायक बड़कागांव विधानसभा अंबा प्रसाद शामिल हुईं। उन्होंने पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के ओबीसी समाज से जुड़े मुद्दों और उनके हिस्सेदारी की बात को प्रमुखता से रखा। अंबा प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से जातिगत जनगणना और ओबीसी समाज की हिस्सेदारी को लेकर जो स्पष्ट और दृढ़ आवाज उठाई जा रही है, उसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विमर्श नहीं, बल्कि ओबीसी समाज को उसका हक दिलाने की ठोस कार्ययोजना तैयार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### दसवीं में सुनीता ने किया बेहतर प्रदर्शन

कुजू। मैट्रिक की परीक्षा में पब्लिक हाई स्कूल कुजू की छात्रा सुनीता कुमारी 83 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय सहित अपने माता व गुरूजनों का नाम रौशन किया है। सुनिता कुमारी की सफलता पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी व किशोर प्रसाद ने बताया कि सुनिता कुमारी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। कहा कि सुनिता को बचपन से ही अपने पास रखकर उसको पढ़ाई-लिखाई में मदद करने का काम किया। आज मैट्रिक की परीक्षा में उसका इतना अच्छा परिणाम आने पर सुनिता ने हम सभी को गौरवान्वित करने काम किया है। उन्होंने कहा कि सुनिता को आगे भी मदद करने के साथ उसको पढ़ाने का काम किया करेंगे। इधर सुनिता ने भी कहा कि कड़ी मेहनत के साथ आगे पढ़ाई जारी रखते हुए वरीय पदों के लिए अपना दमखम दिखायेगी।

### जिला टॉपर अमृता हुयीं सम्मानित

कुजू। टेकलाल महतो उच्च विद्यालय धनबेड़वा, सुगिया की छात्रा अमृता गुप्ता जैक द्वारा संचालित दसवीं बोर्ड परीक्षा में रामगढ़ जिला टापर बनने के बाद बुधवार को विद्यालय सभागार में सम्मान समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता वरीय शिक्षक मैनेजर राम व संचालन हरिहर महतो ने किया। इस विद्यालय प्रधानाध्यापिका रीना कुमारी ने प्रतिभावान अमृता गुप्ता को पुष्पगुच्छ व डिक्शनरी, डायरी देकर सम्मानित किया। समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य सात विद्यार्थियों को भी डिक्शनरी, डायरी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यपिका रीना कुमारी ने सफल विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसर होने व स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

### कैथोलिक आश्रम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

भुरकुंडा। भुरकुंडा कैथोलिक आश्रम स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा के छात्रों ने जैक मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल का छात्र अंकुश कुमार 93 प्रतिशत 465 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का टॉपर छात्र बना है। वहीं अनिकेत कुमार ने 450 अंक के साथ दूसरा और शिवम कुमार मिश्रा ने 448 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावे विद्यालय के टॉप टेन में अनिक बनर्जी 87.6, गौरव कुमार 86.8, रितेश मुंडा 86.6, अमर कुमार यादव 86.4, कुमुद कुमार सिंह 86.2, अभिषेक कुमार महतो 85.60, चंदन कुमार प्रजापति 85.4 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन की सूची में शामिल है।

### एथलेटिक्स में समीर ने लहराया परचम



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी निवासी खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन के पुत्र मो. समीर ने 14वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर हर्डल्स दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता बोकारो के चंदनकियारी में 25 मई से 26 मई 2025 तक आयोजित की गई थी। समीर ने अपनी मेहनत व लगन से न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर रामगढ़ जिले के अध्यक्ष सी.डी. सिंह, सचिव शैलेश शर्मा, मिस मेरी, मिस ललिता, केदार राम, अजय कुमार, मुखिया उपेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने समीर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हजारीबाग को मिला नया एसपी

## सेंस ऑफ सिक्योरिटी जागृत करना मेरी पहली प्राथमिकताः अंजनी अंजन

- माफिया, ड्रग्स और अवैध कोयले के कारोबार में लिप्त कारोबारियों की उड़ी नींद



अभय सिंह

हजारीबाग। हजारीबाग ज़िले को नया एसपी मिल गया । आईपीएस अधिकारी अंजनी अंजन ने बुधवार को ज़िले के पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया। अंजनी अंजन के कार्यभार संभालते ही अब ज़िले के अपराध जगत में हलचल मच गई है। माफिया सिंडिकेट, ड्रग्स और अवैध कोयले के कारोबार में लिप्त अपराधियों की नींद उड़ी हुई है। हजारीबाग लंबे समय से अपराधों की एक मजबूत जमीनी संरचना से जूझ रहा है।

अवैध कोयले की तस्करी, ड्रग्स की बिक्री, नकली शराब की फैक्ट्रियों का संचालन, अवैध देशी शराब का कारोबार और गौ-तस्करी, ये सब मिलकर एक संगठित माफिया नेटवर्क का निर्माण कर चुके हैं। इस नेटवर्क को तोड़ना नए एसपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। सूत्रों के मुताबिक, जिले के कई इलाकों में ड्रग्स माफिया का खुलेआम दबदबा है। युवाओं को नशे की गर्त में ढकेलने वाला यह सिंडिकेट पुलिस और प्रशासन की सख्ती के बावजूद फल-फूल रहा है। वहीं दूसरी ओर चरही, विष्णुगढ़, बड़कागांव जैसे इलाकों में कोयले की अवैध खदानों से रोजाना करोड़ों का काला कारोबार होता है। इन सब पर लगाम कसना नए कप्तान के सामने प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। अंजनी अंजन की गिनती कड़क और एक्शन लेने वाले अफसरों में होती है। लातेहार में एसपी रहते हुए उन्होंने कई नक्सली ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया था और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की थी। यही वजह है कि हजारीबाग के आपराधिक गिरोहों में अब खौफ का माहौल है।

अब देखना यह होगा कि क्या अंजनी अंजन हजारीबाग के माफिया तंत्र को उसी सख्ती से ध्वस्त कर पाएंगे, जैसे उन्होंने लातेहार में किया था। जनता को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं, और ज़िला प्रशासन को एक मजबूत नेतृत्व मिलने की उम्मीद जगी है। मीडिया से मुखातिब होते हुए पुलिस कप्तान ने कहा कि मैं सबसे पहले झारखण्ड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करूँगा की उन्होंने मुझे हजारीबाग जैसे महत्वपूर्ण जिला का प्रभार दिया है। आज ही इस जिले का चार्ज लिया हूँ। मेरी पहली प्राथमिकता यह होगी की यहाँ के लोगो में सेंस ऑफ सिक्योरिटी जागृत हो ये सबसे जरूरी होगा।

# जंगल से जगमगाई उम्मीद की लौ

- जमुनियातरी की दो बिरहोर बेटियां मैट्रिक में फर्स्ट डिवीजन से पास, रचा इतिहास
- किरण कुमारी को 409 अंक व चानवा कुमारी को 332 अंक



शंकर यादव

चौपारण। हजारीबाग झारखंड के घने जंगलों में बसे चौपारण प्रखंड का जमुनियातरी गांव कभी प्रशासन की नजरों में सिर्फ किसी मौत या हादसे के बाद ही आता था। दुर्गम इलाका, उग्रवाद का अतीत और सामाजिक उपेक्षा ,ये इस गांव की पहचान थे। लेकिन अब यहां से एक नया इतिहास लिखा गया है। जमुनियातरी की बिरहोर जनजाति की दो बेटियाँ, किरण कुमारी (पिताः रोहन बिरहोर) और चानवा कुमारी (पिताः विशुन बिरहोर) ने मैट्रिक परीक्षा 2025 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर पूरे राज्य के लिए एक मिसाल कायम की है। दोनों छात्राओं को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई है, जो कि बिरहोर समुदाय के लिए पहली बार हुआ है।

वे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, चौपारण की छात्राएँ हैं, और इस विद्यालय ने उनके लिए ज्ञान, आत्मबल और भविष्य का द्वार खोला।

जमुनियातरी एक ऐसा गांव है जहाँ सड़कें नहीं, सुविधाएं नहीं, और सपनों के लिए जगह भी नहीं थी। यह कभी उग्रवादियों का गढ़ रहा था और यहां के आदिवासी परिवारों की स्थिति सामाजिक रूप से उपेक्षित थी। इन चुनौतियों के बावजूद किरण और चानवा ने संघर्ष के बीच पढ़ाई की लौ जलाए रखी, जो अब पूरा प्रदेश देख रहा है।इन बेटियों की सफलता मात्र एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज की सोच को झकझोर देने वाला उदाहरण है। गांव के लोग जश्न मना रहे हैं। एक बुजुर्ग ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हमारे बिरहोर टोले की बेटियाँ भी मैट्रिक में प्रथम श्रेणी ला सकती हैं। अब लगता है, बदलाव मुमकिन है। आज किरण और चानवा सिर्फ दो नाम नहीं, बल्कि वे हर उस आदिवासी लड़की की उम्मीद हैं, जो अब तक संकोच, गरीबी या व्यवस्था की दीवारों में कैद थी। उनकी सफलता यह साबित करती है कि अगर सही दिशा, शिक्षा और संकल्प मिले, तो कोई भी जंगल, कोई भी जाति या कोई भी अभाव आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता।

### क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें बीडीओ : उपायुक्त

हजारीबाग। हजारीबाग समाहरणालय सभागार में बुधवार को डीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा हुई। डीसी ने मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने विशेष रूप से उन प्रखंडों की पहचान की, जिनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम रहा है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते संबंधित बीपीओ, एई एवं रोजगार सेवकों को 15 दिनों के भीतर कार्य में सुधार लाकर संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बीडीओ और जिले के वरीय पदाधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की भौतिक प्रगति की निगरानी करने तथा ससमय डेटा अद्यतन करने का निर्देश भी दिए। डीसी ने कहा कि मनरेगा योजना न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम है, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास को भी गति प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन पर ध्यान केंद्रित करें।

# रामगढ़ के 14 वें डीसी बने फैज




खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ के 14 में डीसी के रूप में फैज अक अहमद मुमताज ने बुधवार को प्रभाग ग्रहण किया।

डीसी चंदन कुमार से उन्होंने प्रहार लिया। इस मौके पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं भी स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा है कि सरकार की सारी महत्वाकांक्षी योजनाएं आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। शिक्षा स्वास्थ्य और विकास के कार्यों में गति प्रदान की जाएगी। जितना भी कार्यकाल रामगढ़ जिले में उनका रहेगा। इस दौरान जनता के कामों को ही प्राथमिकता मिलेगी।

उन्होंने निवर्तमान डीसी चंदन कुमार के द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जितनी भी अच्छी योजनाएं शुरू की गई हैं, वह आगे भी जारी रहेगी। रामगढ़ जिले का प्रभार ग्रहण करने के बाद डीसी फैज अक अहमद मुमताज का स्वागत चौकीदारों के द्वारा किया गया। डीसी चंदन कुमार ने चौकीदारों की बहाली निर्विवाद रूप से कर पूरे राज्य में एक नई मिसाल पेश की थी। डीसी चंदन कुमार का भी चौकीदारों ने आभार प्रकट किया।

डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने उन चौकीदारों को ईमानदारी से काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जो भी काम मिले उसे लगन से करना है। ईमानदारी से किया गया कार्य ही सच्ची देश सेवा है ।

### रामगढ़ चेंबर की वार्षिक आम सभा 22 जून को



रामगढ़। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में बुधवार को सत्र 2025-27 की तीसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष मंजीत साहनी और संचालन मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष ने 22 जून रविवार को होने वाले चेंबर के वार्षिक आम सभा को सफल बनाने के लिए उपस्थित लोगों से बिचार मांगा। उपस्थित सदस्यों ने आम सभा को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन करने एवं मुख्य अतिथि के नाम का प्रस्ताव दिया। बैठक में चेंबर के उप सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, अनुप कुमार सिंह, बिमल बुधिया, विनय कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सीपी संतन, अमित साहू, मुरारीलाल अग्रवाल, राहुल जैन पाटनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# चलंगा में महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

### विधायक मनोज यादव सहित श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बरही के चलंगा गांव में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद भागवत कथा एवं शतचंडी महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य जजमान को कलश प्रदान कर किया। कलश यात्रा में 551 कलश शामिल थे, जो गंगाजल, आम्र पत्र और नारियल से सुसज्जित थे। यात्रा के दौरान जय माता दी के जयकारे लगाए गए। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने विधायक व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। विधायक मनोज यादव ने कहा कि इस पावन अवसर पर शामिल होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। मां भगवती की कृपा से हम सभी का जीवन मंगलमय और सुखदायी हो। ऐसे आयोजन समाज में शांति, एकता और समृद्धि का संदेश देता है। बताते चलें कि पूरे चलंगा गांव और आसपास के क्षेत्रों में इस नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर काफी उत्साह है। लोग इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हैं।कलश यात्रा में विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, पूर्व पंसस राजा राम बेसरा, अशोक यादव, युगल यादव, मुन्ना यादव आदि कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की सफलता में समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, उपाध्यक्ष दिलीप यादव, दीपक यादव, सचिव रंजीत यादव, कोषाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव, उपकोषाध्यक्ष रंजीत यादव, सहसचिव सहदेव यादव, पिंटू पंडित, राजदेव यादव, संदीप यादव, बंशी यादव, रामकुमार यादव, ब्रह्मदेव यादव, महेश यादव, परमेश्वर यादव, ज्ञानी यादव, धनेश्वर यादव, बैजनाथ यादव, लखराज यादव, मिथलेश यादव, मूर्ति यादव, बंशी बिदेसी यादव, योगेंद्र यादव, राजदेव यादव, रंजीत यादव, दिलीप यादव, सहदेव सिंह, मेघलाल सिंह, प्रकाश पंडित, ज्ञानी पंडित, पिंटू पंडित, बंशी यादव समेत श्रद्धालु पूरी लगन और निष्ठा से योगदान दे रहे हैं। पुजारी बासुदेव सिंह, अमर यादव, भिखी महतो, महरी यादव, गोविन्द यादव, रामचंद्र यादव, मनोज यादव, ब्रह्मदेव यादव, विकास यादव, राजदेव यादव बैठे हैं।

## एक नजर में

### प्रशिक्षुओं ने चलाया एड्स जागरूकता अभियान




हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज के बी.एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय के गोद लिए गांव पारतुंबा में एड्स जागरूकता अभियान चलाया। बैनर और पोस्टर के जरिए ग्रामीणों को एड्स के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं ने बताया कि यह रोग असुरक्षित शारीरिक संबंध, प्रदूषित रक्त चढ़ाने और अन्य लापरवाही से फैलता है, और इसका इलाज बेहद कठिन है। इस रैली का नेतृत्व एनएसएस को-ऑर्डिनेटर एस.एस. मैती, सहायक प्राध्यापक जगेश्वर रजक और रचना कुमारी ने किया। इसके बाद प्रशिक्षु डेमोटांड़ कृषि पर्यटन केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने पेड़-पौधों, फूलों और चाय की खेती की जानकारी ली। भ्रमण के उपरांत सभी ने सामूहिक भोज का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में उज्ज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय सिंह सहित महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वसुंधरा कुमारी, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दोनों कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों के सामाजिक और शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध किया।

### कस्तूरबा विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत

बड़कागांव। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बड़कागांव की दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।इस वर्ष कुल 67 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी, जिसमें 60 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण की है। विद्यालय का प्रथम टॉपर रिया कुमारी 429 नंबर 85.8 प्रतिशत से सफल रही। जबकि द्वितीय स्थान पर अंकिता कुमारी 426 नंबर 85.02 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर रिंकी कुमारी 409 नंबर 81.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉपर बनने का गौरव हासिल की।विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहने पर वार्डेन सह शिक्षिका किरण कुमारी, लेखापाल सोनी कुमारी,रेखा कुमारी,सीताराम महतो (अजय पटेल),चिंतामणि महतो,प्रमोद कुमार कुशवाहा, संगीता कुमारी,विनीता कुमारी,रूबी कुमारी,श्रीकांत निराला,अजय कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार, विद्यालय प्रधान समिति के सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चौपारण : चोरदाहा में युवती की संदिग्ध मौत

चौपारण। अहरी पंचायत अंतर्गत चोरदाहा गांव में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव की 18 वर्षीय युवती सुलेखा कुमारी, पिता मुनक भुइयां की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। जैसे ही मौत की खबर फैली, गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में मामला हत्या और आत्महत्या के बीच उलझा हुआ प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार, सुलेखा का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। बताया गया कि घटना से पहले उसने जहर खा लिया था। परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इलाज के दौरान हालत बिगड़ती गई और दूसरे अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। संदिग्ध मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं—कुछ लोग इसे इज्जत और सामाजिक भय में उठाया गया आत्मघाती कदम बता रहे हैं, तो कुछ को साजिश की आशंका है। चौपारण थाना प्रभारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्य के आधार पर जांच की जा रही है। सच्चाई जो भी होगी, सामने लाई जाएगी। दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा। वहीं मृतका के परिजन सदमे में हैं। मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

### करियातपुर में मार्केट का ग्रामीणों ने किया विरोध



बरही। करियातपुर में जिला परिषद द्वारा जिला परिषद के जमीन पर मार्केट बनाने को लेकर करियातपुर के ग्रामीणों ने खुल कर विरोध कर रहे। विरोध की जानकारी लेने को लेकर बुधवार को एसडीओ जोहन टुडू व सीओ अमित किस्कू ने स्थल का निरिक्षण किया।इस दौरान ग्रामीणों ने मार्केट बनाने को लेकर विरोध जताया।ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह जिला परिषद की जमीन है वहां मार्केट बनने योग्य नहीं है। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव बार बार मार्केट बनाने को लेकर पहल कर रहे हैं। जहां ग्रामीणों के द्वारा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन पर ज़िप दुकान बनाने की कोशिश कर रही वह जमीन करियातपुर उच्च विद्यालय तथा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के अधिन है। यहां मार्केट बनाने योग्य जमीन बचा ही नहीं है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए एसडीएम जोहन टुडू तथा सीओ अमित किस्कू ने स्थल का जायजा लिया तथा मार्केट नहीं बनने का कारण ग्रामीणों से जाना है। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि ग्रामीण किस कारण से मार्केट बनाने नहीं दे रहे हैं इसका लिखित आवेदन दें ताकि वस्तु स्थिति की जानकारी मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से दो दिन के अंदर आवेदन देने को कहा। मौके पर सीओ अमित किस्कू, ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया मनोज कुमार,जेई चंदन कुमार, तथा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ने वृद्ध महिला को दिया व्हीलचेयर



भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने अपने सेवा कार्यों की कड़ी में मंगलवार को एक और सराहनीय कदम उठाते हुए पटेलनगर भुरकुंडा निवासी मधु देवी सोनी को व्हीलचेयर प्रदान की। यह व्हीलचेयर लघु उद्योग भारती रामगढ़ के सहयोग से दी गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि क्लब सेवा के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। क्लब लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करता आ रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष अब तक 12 जरूरतमंदों को व्हीलचेयर दी जा चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा कृत्रिम अंग (हाथ) प्रदान करने का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक 6 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इस सेवा भावना की सराहना स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है और रोटरी क्लब के इस प्रयास से समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है।

## स्पीड न्यूज

### मानव तस्करी और यौन शोषण के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में केदलीकला पीएलवी मिथलेश कुमार के द्वारा बुधवार को खुटिकेवाल कला गांव में ग्रामीणों के लिए मानव तस्करी और यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यहां ग्रामीणों को यौन उत्पीड़न एवं मानव तस्करी के मुख्य कारण और कारक के संबंध में जानकारी दी गई। मानव तस्करी रोकने के तरीकों को बताया गया। इस दौरान पीएलवी के द्वारा डायन प्रथा ,घरेलू हिंसा आदि की भी जानकारी दी गई। साथ ही साथ विशेष कानून की जानकारी के लिए 15100 टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई।

### ईद-उल-अजहा का चांद नजर आया

**कोडरमा।** दारुल-कजा इमारत शरिया के काजी शरीअत और मुस्लिम मैरिज रजिस्ट्रार, झारखंड सरकार, मुफ्ती मो.नसीम कासमी ने प्रेस बयान में कहा कि जिल-हिज्जा 1446 हिज्र का चांद 28 मई को देखा गया। इसलिए ईद-उल-अजहा की नमाज शनिवार 7 जून को पढ़ी जाएगी और कुर्बानी 7, 8 व 9 जून को मनाई जाएगी। वहीं मुफ्ती साहब ने कहा कि कुर्बानी अल्लाह के पैगंबर हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। इसलिए कुर्बानी का चांद दिखने के बाद मुस्तहब ये है कि कुर्बानी करने वाला व्यक्ति अपने बाल, नाखून आदि न कटवाए। वहीं उन्होंने कहा कि कुर्बानी करना हर उस व्यक्ति पर अनिवार्य है जो कुर्बानी के दिनों में कुर्बानी करने में सक्षम हो। कुर्बानी वैसे लोग कर सकते हैं, जिसके पास साढ़े बावन तोला चांदी या उसके मूल्य का मालिक हो। कुर्बानी के अनिवार्य होने के लिए संपत्ति पर पूरे एक साल का गुजरना जरूरी नहीं है। कुर्बानी हमें सीख देती है कि अपने मालिक अल्लाह के हुक्म पर सब कुछ त्याग देने के लिए तैयार रहे।

### सोंच बदले-स्वस्थ्य रहें : सुमंत

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत चोपनाडीह एवं सिमरिया पंचायत के 10 गावं में संस्थान द्वारा संचालित बाल मंच एवं किशोरी मंडल के किशोरियों के साथ मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं ग्राम सिमरिया, नरियाही, बेलाडीह, चोपनाडीह, जगदीशपुर, झलकडीह, नगरीतो एवं बांसडीह में किशोरियों एवं महिलाओं को विश्व माहवारी दिवस पर सलोग्न, पेंटिग एवं विडिओ के माध्यम से जागरूक किया गया।

### पत्नी के मौत के सदमे से पति की भी मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदुडीह में 48 घंटे के अंदर पति-पत्नी की मौत चर्चा का विषय बन गया है। उल्लेखनीय है कि नंदुडीह निवासी 72 वर्षीय शारदा देवी की मौत के बाद इनके पति कृष्ण मोहन प्रसाद की भी 48 घंटे के बाद मौत हो गयी। दोनों की कुछ घंटे के अंतराल पर हुई मौत के बाद ग्रामीणों में उनकी शव यात्रा निकाली और अंतिम संस्कार किया। वहीं परिजनों ने बताया कि दोनों में बहुत लगाव था।

### सड़क की एक तरफ से हटाये गये जब्त वाहन

**कोडरमा।** तिलैया थाना के पास वर्षों से हो रखा पुलिस का कब्जा अब हटना शुरू हो गया है। बताते चलें कि थाना के सामने रखी जब्त गाड़ियों को मंगलवार से यहां से हटाने का कार्य शुरू किया गया। जिसे क्रेन की मदद से जब्त गाड़ियों को यहां से हटा कर चंदवारा स्थित पुलिस लाइन ले जाया जा रहा है। बतादें कि पुलिस का यह कदम व्यवस्था पर सवाल उठने के बाद सामने आया है शहर में लगातार चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के बीच तिलैया थाना के सामने पुलिस द्वारा जब्त वाहनों को खड़ा कर कब्जा किये जाने की खबर को खबर मन्त्र अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित की थी, इसके बाद पूरे मामले को जिले के वरीय अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और थाना के पास जब्त कर रखी गयी गाड़ियों को यहां से हटाने का आदेश जारी हुआ।

# उपायुक्त ने बैठक में पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त ऋतुराज कार्यभार ग्रहण करते ही जिले के सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक किये। इस अवसर उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि वे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि आमजनों को त्वरित एवं सुगमता से प्राप्त हो सके। वहीं उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन केवल दायित्व नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व है, जिसे सभी पदाधिकारियों को पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारीयों की होगी। वे स्वयं नोडल पदाधिकारी की भुमिका निभाते हुए कार्यों की निगरानी करें। उन्होंने कार्यालय संचालन की गुणवत्ता पर बल देते हुए सभी कार्यालय को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुसंचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक कार्यालय से कर्मियों की अद्यतन सूची एवं उनके कार्य दायित्वों पर तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में सभी विभागों का नियमित रूप से समीक्षा बैठक आयोजित किया जाएगा।

**विभागीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा :** उपायुक्त ने समाहरणालय स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थापना शाखा, नजारत शाखा, नीलाम पत्र शाखा, आपूर्ति विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, निर्वाचन शाखा, राजस्व शाखा, कल्याण शाखा, योजना शाखा, विधि शाखा, सामान्य शाखा, भु-अर्जन कार्यालय, कोषागार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग समेत अन्य विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में कर्मीयों की उपलब्धता व उनके कार्य दायित्व, कागजातों का संधारण समेत कार्यालय से संबंधित सभी कार्यों की जानकारी लिया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम कुजुर, डीएसओ अविनाश पुर्णेदु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीटीओ विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीइओ अविनाश राम समेत वरिय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### कुएं से 65 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कुएं से 65 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान 65 वर्षीय हरिंद्र पासी पिता स्व. बंधन पासी चंदवारा थाना क्षेत्र के करौंजिया (मदनगुंडी) निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार हरिंद्र पासी मंगलवार से ही अपने घर से लापता था। चंदवारा थाना पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### विश्व मासिक स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत ढाब पंचायत में अनाहत फॉर चेंज फाउंडेशन ने उन्नति परियोजना के तहत मासिक स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विश्व मासिक स्वच्छता दिवस पर अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं ढाब पंचायत के मुखिया बैजू तुरी ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है, जिसमें महिलाओं का योगदान सराहनीय है। आज कई महिलाएं कृतिमान स्थापित कर रही है। ऐसे में मासिक स्वच्छता को लेकर भी समाज में खुल कर चर्चा होनी चाहिए और इस तरह के कार्यक्रम स्वास्थ वातावरण में सहयोग करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राखी देवी, संजू कुमारी, रीता कुमारी, नेहा कुमारी, पूजा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

#### शिक्षकों की दक्षता संवर्धन हेतु शैक्षणिक प्रतिफल एवं शिक्षण शास्त्र पर

## एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शैक्षणिक प्रतिफल एवं शिक्षण शास्त्र विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल का उन्नयन करना तथा कक्षा-कक्ष में नवाचार को प्रोत्साहित करना था। सत्र में विद्यालय के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना गीत इतनी शक्ति हमें देना दाता के साथ हुआ, जिससे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। सत्र की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना कुमारी ने की। प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित प्रशिक्षण विशेषज्ञों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक था। प्रशिक्षण सत्र के प्रमुख प्रशिक्षण विशेषज्ञ, सेक्रेड हार्ट विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा रहे, जिन्होंने तकनीकी एकीकरण, नेतृत्व कौशल, मूल्याधारित शिक्षा एवं शैक्षणिक नवाचारों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने शिक्षकों को यह प्रेरणा दी कि इक्कीसवीं सदी का शिक्षक केवल ज्ञान का स्त्रोत नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरक और नवप्रवर्तक भी होना चाहिए।

### मासिक दिवस जागरूकता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना टू अंतर्गत राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा पंचायत सचिवालय राजाबर में बुधवार को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्थानीय मुखिया, एएनएम धर्मशीला कुमारी, जोसेफिन एक्का तथा संस्थान के निर्भय कुल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित बाल मंच की किशोरियों को जोसेफिन एक्का के द्वारा मासिक धर्म में व्याप्त भ्रांतियां के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### गांव कस्बों की सूरत को बदलना है : रामधन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने जिला बोर्ड द्वारा स्वीत एक करोड़ 49 लाख की दर्जनों योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने कहा कि गांव, कस्बों का विकास किये बिना शहरों का विकास संभव नहीं हैं। गांव में ही देश की आत्मा बसती है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, केदारनाथ यादव, किशुन यादव, देवनारायण यादव, गणपत यादव, किशोर साहू, रूपाली कुमारी, राजकुमार यादव, शिवशंकर यादव, सलीम अंसारी, हासीम खान, मनोज दास, महेंद्र राणा, धनेश्वर चौधरी, सीता राम यादव, सुभाष यादव, प्रसादी चंद्र राणा, रामलखन यादव, इस्लाम अंसारी, अरविंद सिंह, सचिन कुमार, सौरभ सिंह आदि मौजूद थे।

#### आरपीवाई बीएड कॉलेज के एनएसएस विंग ने वृद्धाश्रम में

## बुर्जुगों के बीच फूड पैकेट सहित निजी जरूरतों की सामग्री की भेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के तत्वावधान में बुधवार को झुमरीतिलैया स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार, सहायक प्राध्यापक डॉ.संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी सुजीत कुमार, शाहिद खान, संटू कुमार, राजकुमार यादव मौजूद रहे। मौके पर प्रशिक्षु नेहा, तबस्सुम, अंशु गुप्ता, स्मृति, प्रिंस, रेवल, सुनील, मीणा देवी, नीतू कुमारी, ज्योति चौधरी, रीता देवी आदि मौजूद थे।

## आवश्यकतानुसार पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ केसरी चौक स्थित चतरा अनुमंडल पुस्तकालय का औचक निरीक्षण की। निरीक्षण के क्रम पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तक, शौचालय, इंटरनेट की व्यवस्था,पेयजल, भवन की स्थिति समेत अन्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं से संवाद कर पुस्तकालय में बहाल की जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया और छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। छात्र छात्राओं को कंपीटिशन की तैयारी करने में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा को डेडीकेटेड क्लास रुम के लिए प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही आवश्यकतानुसार पुस्तकों की भी उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बात कही।

#### जिले के 25वें उपायुक्त बने ऋतुराज, निवर्तमान उपायुक्त से लिया पदभार, प्राथमिकताएं गिनाई

## शिक्षा, स्वरोजगार, स्वास्थ्य, कृषि व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किया जायेगा विकास : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में निवर्तमान डीडीसी और आइएएस अधिकारी ऋतुराज ने बुधवार को निवर्तमान उपायुक्त मेघा भारद्वाज से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के उपरांत कोडरमा के नए उपायुक्त ऋतुराज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि जिस जिले में मैं बतौर डीडीसी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, उसी जिले में उपायुक्त के रूप में नई पारी शुरुआत करने का अवसर प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं राज्य सरकार, अपने माता पिता, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिलेवासियों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा जिला मेरे लिए नया नहीं है, डीडीसी रहते हमने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता पूर्वक धरातल पर उतारने का काम किया। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना रहेगा, आमजन अपनी समस्याओं को लेकर बेझिझक आ सकते हैं, उन्होंने कहा कि जिलेवासियों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सुविधा मिले, इसके लिए हरसम्भव प्रयास किया जाएगा, अधूरी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में सर्वोपरि रहेगा। जिले के खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके।

## पैक्स गोदाम का शटर टूटा, बेचारा हाथी का किस्मत फूटा

#### गोदाम में कई क्विंटल अनाज खा जाने का लगा है हाथी पर दोष

**ना हाथी का पांव की निशान, ना शटर तोड़ अंदर आने जाने की निशान, ना गांवों में चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा (सिमरिया)।** प्रखण्ड मुख्यालय के मुर्वे ईश्वर दयाल सिंह पेट्रोल पंप के करीब बने बानासांडी पैक्स गोदाम में रात्रि को हाथी से शटर तोड़ अनाज खा जाने की अफवाह फैला दी गई है। जब इसकी सत्यता जांच की गई तो शटर तो टूटा हुआ है। परंतु हाथी के आने जाने का कोई नामों निशान नहीं है ।ना गांवों में इसकी सूचना है। जबकि पिछले माह में उक्त पैक्स गोदाम को प्रशासन द्वारा धान के हेराफेरी में शील कर दिया गया था। इर्द गिर्द पूछे जाने पर हाथी आने या जाने की कोई ना निशान मिली है ना सुराग है। आपको बता दें कि पैक्स गोदाम का शटर ऊपर से बाजबरन तोड़ा गया है जो शटर टूट कर आधा भाग नीचे गोदाम के अंदर की ओर गिरा हुआ है। वहीं गोदाम में सैकड़ों बोरी धान जैसा का तैसा पड़ा हुआ है। हैरत की बात है कि उक्त गोदाम में निजी उपयोग में प्याज रखा गया है। इस तरह गोदाम के अंदर किसी प्रकार का हाथी जाने या आने का पांवों का निशान तक नहीं है। इस तरह महज अफवाह फैला कर उक्त गोदाम में रखे धान के बोरी का हेराफेरी का एक षड्यंत्र रचा गया है। बारीकी से जांच किया जाय तो सच्चाई सामने आ जाएगा। वहीं दूसरी ओर पैक्स ऑफिस की बात करें तो यहां पर कई बार फसल बीमा में बहुत बड़ा घोटाला किया गया था।वहीं फर्जी लोन में भी बहुत बड़ा फजीर्वाड़ा किया गया है। और तो और जो व्यक्ति पैक्स में कार्य कर मानदेह लेता है वहीं व्यक्ति सिमरिया डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर बन बैठा है। वैसे में दोहरा मापदंड में किस प्रकार का कार्य कराया जा रहा है। यह एक चिंता की विषय है और जांच का विषय है।

## एक नजर में

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक बाल बाल बचे चालक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के रामसागर पास केवाल पर खाद्य लदा एक ट्रक नंबर जेएच - 02बीपी 2366 अनियंत्रित हो पलट गया। जिसे चालक बाल बाल बच गया। घटना बुधवार के अहले सुबह का है। ग्रामीणों के तत्परता से चालक को स्थानीय क्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया। चालक को पैर में चोट लगी है।

चालक ने बताया कि हजारीबाग से यूरिया खाद लोड कर ब्रह्मपुर गांव निवासी जागेश्वर दांगी के दुकान में खाली करने जा रहे थे। इसी बीच ब्रह्मपुर गिद्धौर मुख्य सड़क के केवाल पर समीप एक वाहन ने चकमा दे दिया। जिसे अनियंत्रित हो ट्रक पलट गया।

### मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित




**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा (सिमरिया)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के अध्यक्षता में चंद्रदेव प्रसाद ,प्रखंड विकास पदाधिकारी मादक पदार्थों पर सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया। शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास 10 यार्ड ( 300 फीट) के क्षेत्र में तम्बाकू उत्पादन, सिगरेट्स अथवा नशे से संबंधित किसी अन्य हानिकारक पदार्थ का विक्रय पूर्णतः समाप्त करने हेतु बैठक में निर्णय लिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,सिमरिया के दारा तम्बाकु के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दि गई।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया द्वारा प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए काम करने का निर्देश दिया गया। प्रमुख रोहन साहु के दारा बताया गया कि प्रखण्ड क्षेत्र के डाड़ी चौक, शिला चौक, सिकरी मोड़, पीरी बाजार, बगरा बाजार, जबड़ा बाजार एवं अन्य कई मीनी हाट बाजार मे शराब का ब्रिक्री एवं सेवन किया जा रहा है। 31 मई विशव तम्बाकु निषेध दिवस के दिन से सभी चौक चौराहो एवं स्थानीय हाट/ बाजार मे वृहत छापेमारी एवं हाईवा चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से जाँच का अभियान चलाया जाएगा। सभी मुखिया के दारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा कि उनके पंचायत क्षेत्र में सभी शिक्षण संस्थाओं को तम्बाकु मुक्त करा लिया गया है। अंचल अधिकारी के द्वारा सभी मुखिया को शराब बिक्री एवं तम्बाकु क्रय-विक्रय कि सुचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में अंचल अधिकारी सिमरिया, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सिमरिया आदि उपस्थित थे ।

#### विश्व मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस पर

### जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** जिला खनिज फाउंडेशन सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में जिला प्रशासन समाज कल्याण शाखा चतरा के द्वारा उपायुक्त चतरा श्रीमती कीर्तिश्री की अध्यक्षता में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर उपायुक्त चतरा के द्वारा बताया गया कि यह प्रकृति की वरदान है तथा यह जिले के सभी स्कूलों में भस्मक एवं एमएचएम लैब की व्यस्था होनी चाहिए ताकि बच्चियों का ड्रॉपआउट माहवारी के कारण ना हो।

उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि आज आप सभी अच्छे से प्रशिक्षण लेकर यहां से जाने के बाद जानकारी को आस पड़ोस के क्षेत्र में प्रचारित तथा लोगों को जागरूक करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा स्वागत भाषण में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर सिंड्रेला बालमुचू के द्वारा माहवारी में उपयोग किए जाने वाले सामग्री,स्वच्छता एवं साफ सफाई के बारे जानकारी दी गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी के द्वारा माहवारी स्वच्छता पर जागरूक करने का आह्वान किया गया।

चतरा जिले में माध्यमिक बोर्ड,सीबीएसई बोर्ड की कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की तीनों की टॉपर बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता फुटबॉल खिलाड़ी सुश्री पूनम खलखो को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, स्केटिंग, फुटबॉल टीम,नृत्य टीम एवं कबड्डी टीम को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं किशोरी कीट देकर उपायुक्त ने सम्मानित किया। विश्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त चतरा, निदेशक लेखा प्रशासन चतरा,सिविल सर्जन चतरा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी चतरा, जिला खेल पदाधिकारी चतरा, जेएसएलपीएस के डीपीएम, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी चतरा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी चतरा, एवं क्षेत्रीय प्रबंधक समर अभियान चतरा उपस्थित हुए।

**स्पीड न्यूज**

## 15वें वित्त आयोग की राशि से सार्वजनिक शौचालय को घर में बनाया गया



निजी घर पर बनाया गया शौचालय।

**जारी।** जारी प्रखंड के जरडा पंचायत अंतर्गत तिलहाई टोली गांव में 15 वें वित्त के तहत शौचालय निर्माण कार्य में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। पंचायत सेवक, को ऑर्डिनेटर और लाभुक के मिली भगत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण निजी लाभ के लिए लाभुक महेश्वरी भगत के घर में बनवा दिया गया है। जिसके कारण इस शौचालय का उपयोग स्थानीय लोग नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार शौचालय निर्माण का कार्य महेश्वरी भगत के घर के समीप करना था लेकिन मिली भगत कर घर के अंदर निर्माण कार्य किया गया साथ ही सरकारी राशि का बंदर बांट भी किया गया है। मामले को लेकर महेश्वरी भगत से पूछने पर बताया इस जगह का शौचालय कहीं दूसरे जगह बना है। वही मामले की जांच की जाए।

## शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो का मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन





**भरनो।** शैलपुत्री फाउंडेशन स्कूल भरनो के छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में स्कूल के सभी 56 स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। सुमित केसरी 90 .4% आपके साथ विद्यालय टॉपर रहा। वहीं दूसरे स्थान पर श्रुति केसरी 80 .6% अंक के साथ रही। जबकि सुमित केसरी, श्रुति केसरी, रिम्मी केसरी, विद्या केसरी, मनोरंजन नाम, अर्जुन उरांव, मणिमला कुमारी, संजू उरांव, अरमान खान, रौनक केसरी, शिवम केशरी, पवन उरांव, सोनाली कुमारी, सुषमा कुमारी, जादू राम ने परीक्षा में बेहतर किया स्कूल के निदेशक विनय कुमार केशरी और अन्य शिक्षकों ने छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है। शिक्षकों की टीम ने छात्रों के इस प्रदर्शन को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## विद्युत चोरी की पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गयी प्राथमिक

**बसिया।** विद्युत अवर प्रमंडल कामडारा के सहायक अभियंता धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बसिया प्रखंड क्षेत्र के बसिया जगजोर गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें बिजली चोरी करने के आरोप में बसिया कुसुम टोली निवासी बनू मुंडा जगजोर निवासी दिलीप उरांव, अजय राम कांसी, दिनेश साहु, माघु सिंह के ऊपर विद्युत चोरी के आरोप में जुमार्ना लगाते हुए विधुत अधिनियम के तहत बसिया थाना में प्राथमिक दर्ज की गई है। छापामारी के बाद ग्रामीणों में काफी दहशत है। छापामारी टीम में तकनीकी सहायक लक्ष्मण साहू, युसेबियुस कुल्लू सहित संवेदक कर्मी शामिल थे।

## मैट्रिक की परीक्षा में स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**जारी।** मैट्रिक की परीक्षा में जारी प्रखंड से कुल 129 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें से 38 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसमें भीखमपुर स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा। भीखमपुर स्कूल के अर्शी आरा ने 85% अंक प्राप्त किए, जबकि शिवमती कुमारी ने 84% अंक हासिल किया। विजय कुमार महतो और प्रिया कुमारी दोनों ने 80% अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता साबित की। इनके अलावा, सबिक एक्का ने 71%, अवतार सिंह ने 70%, स्मृति बाखला ने भी 70% और बिरेंद्र मुंडा ने 69% अंक प्राप्त किया। वहीं सिकरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी मैट्रिक की परीक्षा में बाजी मारी है। सिकरी स्कूल के छात्रों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। स्कूल के निशिका तिग्गा ने 72% अंक प्राप्त किये। वहीं राधिका कुमारी और शमशाद खान दोनों ने 67 .8% अंक हासिल किया ।लक्ष्मी कुमारी ने 66%, ममता कुमारी ने 65 .8%, देवकी कुमारी ने 63 .6%, बनार्डेट तिग्गा ने 63%, सुलेशना यादव ने 61 .6%, शांति कुमारी ने 61%, और सुष्मिता एक्का व कुशमीता टोप्पो दोनों ने 60% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### किशोर और किशोरियों को दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में शामिल किशोर और किशोरी।

**गुमला।** जिला स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज सी थ्री के तकनीकी सहयोग से गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों और युवाओं के बीच माहवारी के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर, स्वच्छता और स्वास्थ्य से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना था। उप स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में काउंसलिंग सत्र, क्विज, एवं जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने इस पर जागरूकता सामग्रियों जैसे पोस्टर, बैनर आदि का भी उपयोग किया। इस अवसर पर ए एन एम, सहिया, सेविका एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज टीम के सदस्यों ने किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, साफ सूती कपड़े या सेनेटरी नैपकिन के उपयोग और उनके सुरक्षित निपटान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इन उपायों से संक्रमण के खतरे को रोका जा सकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित युवा मैत्री केंद्रों की भूमिका के बारे में भी बताया गया। जहां किशोरियां आवश्यकता पड़ने पर माहवारी संबंधी चिकित्सीय परामर्श और सेवाएं प्राप्त कर सकती हैं। उन्होने माहवारी पर खुलकर चर्चा करते हुए समाज में फैली चुप्पी को तोड़ने का संदेश दिया। कई किशोरों ने यह भी साझा किया कि वे माहवारी के दौरान अपनी बहनों और माताओं की घरेलू कार्यों में सहायता करते हैं, और भविष्य में भी अपनी पत्नी और बेटियों को सहयोग देने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम का समापन एक साथ मिलकर, एक पीरियड फ्रेंडली दुनिया के लिए आगे बढ़े। इस अवसर पर युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार, सहिया, सेविका, एएनएम एवं कुल-किशोरों और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वाथ्यकर्मी एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज की टीम की भूमिका सराहनीय रही।

# सादिक अनवर रिजवी ने लोहरदगा पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के नए पुलिस कप्तान के रूप में बुधवार को सादिक अनवर रिजवी ने पदभार ग्रहण किया।विदित हो कि जिले के निवर्तमान पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा का तबादला करते हुए गुमला जिले के पुलिस कप्तान बनाया गया है। नए एसपी सादिक अनवर रिजवी झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची के पुलिस अधीक्षक से तबादला कर लोहरदगा का नए एसपी बनाए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मेजर शेरू रंजन और पुलिस बलों द्वारा नए एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया साथ ही एसपी हारिश बीन जमा ने बुके देकर नए एसपी का जिले में स्वागत किया। मौके पर एसपी रिजवी ने शहीद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व में लोहरदगा जिले में एसडीपीओ के कार्यभार संभाल चुके है जिससे कानून व्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। सादिक अनवर ने कहा लोहरदगा को मै अच्छी तरह से जनता हूं पहले नक्सल प्रभावित क्षेत्र हुआ करता था, लेकिन अब नक्सलियों में कमी आई है जिले में बेहतर कानून व्यस्था बनाए रखने के लिए कार्य किया जाएगा।

# देश का दुर्भाग्य है रानी अहिल्याबाई जैसी वीरांगना को इतिहास में गौण कर दिया : नीलकंठ सिंह मुंडा

### शबरी आश्रम में भाजपा ने मनाया रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता





**गुमला।** भाजपा गुमला जिला के द्वारा सबरी आश्रम तरी में भारत की वीरांगना अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अहिल्याबाई की तस्वीर पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा का शबरी आश्रम की बालिकाओं के द्वारा मांदर की थाप पर स्वागत किया गया। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हमारे देश में अनेक वीरांगनाओं का अवतरण हुआ है। जिसमें से रानी अहिल्या बाई होल्कर का नाम भी है किन्तु यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि हमारे देश के इतिहास में इतनी महान वीरांगना को गौन करके भुला दिया गया। देश के इतिहास को मुगलों के ऊपर केंद्रित कर दिया गया।

किन्तु अब आवश्यकता है कि देश के लोग इन महान विभूतियों के बारे में जानें। वर्तमान में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने रानी अहिल्या बाई होल्कर को नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताया है। उनसे प्रेरणा लेते हुए देश की महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य लगातार कर रही है।

पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि रानी अहिल्या बाई पूरे भारत की वैभवशाली गौरवगाथा का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनय कुमार लाल ने किया। कार्यक्रम को तन्मय पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद सिंह, महामंत्री यशवंत सिंह, सिकंदर सिंह, देवेंद्र लाल उरांव, दिनेश चौधरी, चमरू साहू, चंपा देवी, ललिता देवी, कुलिस्ता देवी, महिला प्रभारी लक्ष्मी कुमारी, ललिता, इंदिराजी देवी, चिंता कुमारी शिव शांति कुमारी पूजा, प्रियंका, ललिता, सीमा, सुनेरा, संगीता आदि उपस्थित थी। संचालन महामंत्री राम अवतार भगत ने व धन्यवाद ज्ञापन गुमला मंडल अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने किया।

# मनरेगा कुआं निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से मजदूर की हुई मौत



इसी कुआं में घटी घटना।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत नागदा गढ़ा में निमार्णाधीन सिंचाई कूप ढहने से एक मजदूर की मिट्टी में दबकर ह मौत हो गई। मृतक का पहचान नीचे बगड़ू निवासी 55 वर्षीय चंद्रप्रकाश उरांव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार गांव के ही सुनील उरांव का मनरेगा योजना अंतर्गत सिंचाई कूप का निर्माण किया जा रहा था जहां 7 मजदूर कूप निर्माण कार्य में लगे हुए थे। वही अचानक मिट्टी ढहने से कूप निर्माण कार्य कर रहे मजदूर मिट्टी में पूरी तरह दब गया। ग्रामीणों ने किसी तरह मजदूर को बाहर निकाला और सदर अस्पताल लेकर पहुंचे तबतक मजदूर चंद्रप्रकाश उरांव की मौत हो गई थी। मौके पर बगड़ू थाना पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

### विधायक प्रतिनिधि ने की आश्रितों की मदद





घटना की जानकारी मिलते ही विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल सदर अस्पताल पहुंच दु :खित परिवार से मिलकर सांत्वना दी एवं शव का पंचनामा करवा कर सिविल सर्जन से बात कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। मौके पर बीडीओ एवं एसडीओ से बात कर तत्काल 20 हजार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया एवं 2 लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही। पारिवारिक पेंशन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं एवं आगे भी आश्रितों की हर संभव सहायता करेंगे। मौके पर सिविल सर्जन संभु चौधरी, बीडीओ अरुण उरांव, विशाल डुंगडुंग, मुखिया रानी मिंज, प्रकाश उरांव, पुनीता उरांव, मंजन उरांव, सुमित्रा उरांव, बुधमनी, अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा में प्लस टू उच्च विद्यालय बसिया का रिजल्ट रहा बेहतर

**बसिया।** प्लस टू उच्च विद्यालय बसिया में जैक बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कुल 162 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दी। जिसमें 73% छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की। जिसमें निक्की कुमारी 450 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। वहीं ओम कुमार कंसारी 410 अंक लाकर दूसरा, जूही कुमारी 409 अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं निशा इंदवार 371 अंक लाकर चौथा, सत्यम कुमार 364 अंक लाकर पांचवा, रितेश ठाकुर 361 अंक लाकर छठा, अनुज मुंडा 357 अंक लाकर सातवां, लक्ष्मी कुमारी 353 अंक लाकर आठवां एवम चांदनी कुमारी 351 अंक लाकर नवां व अनुपा मिंज 346 अंक लाकर टॉप टेन में जगह बना है। छात्र छात्राओं की इस सफलता पर प्रधानाचार्य बिकास कुमार ने सभी शिक्षकों एवम छात्र छात्राओं को बधाई दी है। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दृढ़ीकरण संस्कार खीस्त विश्वास को करता है मजबूत : बिशप

### जर्मनी पेरिस में हुआ 214 बच्चों का हुआ दृढ़ीकरण संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के संत थॉमस कैथोलिक चर्च जरमाना में बुधवार को 214 बच्चे बच्चिया का दृढ़ीकरण संस्कार बिशप लिनुश पिंगल एक्का के मौजूदगी में सम्पन हुआ। मौके पर बिशप लिनुश पिंगल एक्का ने खीस्त विश्वासी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम ईश्वर को साक्षी माने और अपने धार्मिक आचरण को मजबूत बनाएं रखे। धर्म हमें सही रास्ते में चलने का आह्वान करता है। दृढ़ीकरण संस्कार खीस्त विश्वास को मजबूत बनाता है और यह संस्कार प्रत्येक खीस्त विश्वासी को पवित्र आत्मा के सातों वरदानों से विभूषित कर देता हैं। उन्होंने कहा कि आज से आप लोग प्रभु यीशु मसीह के सच्चे अनुयायी बन गये हैं। यह दृढ़ीकरण संस्कार केवल एक परंपरा नहीं। बल्कि एक आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। आप सभी को प्रभु के बताये मार्ग पर चलना है। साथ ही अपने जीवन में संयम, सेवा व सत्य को अपनाना है। अपने माता-पिता की सेवा करना, बुजुर्गों का सम्मान करना और समाज में एक आदर्श बन कर रहना आपकी सबसे बड़ी साधना होगी। वही मौके पर पल्ली पुरोहित फादर लोरेंस टोप्पो, फादर निरंजन एक्का, फादर कुलदीप खलखो, फादर मोनसन बिलूंग, कल्याण टोप्पो, प्रचारक रफाएल केरकेटा, जीवन लकड़ा साथ ही हजारो की संख्या मे खीस्त विश्वासी मौजूद थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के नौडीहा का निवास सुरेंद्र महतो उर्फ ललकु पिता दिलेश्वर महतो अपने घर में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ललकु के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी है। ललकू के परिजनों ने बताया कि ललकू दिन भर नशा में रहता था। मंगलवार को वह अत्यधिक नशा पान किया था। रात में वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह अपना कमरा से बाहर नहीं आया तो आवाज लगाई गई। कोई जवाब नहीं मिला, इसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो ललकु फासी में झूला हुआ था। इसकी सूचना भंडरा पुलिस को दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की तहकीकात कर रही है।

## पिकअप और ट्रक के टक्कर में चार लोग घायल



घायलों का इलाज करते स्वास्थ्यकर्मी।

**लोहरदगा।** लोहरदगा चंदवा रोड में कैमो महुआटोलीटोली के समीप चैंतु उरांव के घर के पास बॉक्साइट लोड ट्रक और पिकअप में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गया। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट किया गया है। जानकारी अनुसार ट्रक चंदवा की ओर जा रहा था जबकि पिकअप सब्जी बेचकर वापस लोहरदगा आ रहा था दोनों के बीच सामने सामने टक्कर हो गया। टक्कर होने के कारण लोहरदगा शांति नगर से कुजरा साप्ताहिक बाजार जा रहे जो मोटरसाइकिल सवार ट्रक के पीछे टकरा गए जिससे दोनों को काफी चोट आई है। दोनों जख्मी को स्थानीय चौकीदार सह झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने अपने गाड़ी से लेकर सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया जिससे दोनों का जान बच गई। वही दो पिकअप सवार जख्मी को स्थानीय लोगों ने अमृत केयर हॉस्पिटल पतरा टोली पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान किसको मोड शांति नगर निवासी महावीर प्रसाद और उनके पुत्र दीपेश साहू जो बाइक में सवार थे। दोनों के सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। वही पिकअप वाहन में सवार विपुल राम पिता पंचम राम और सुधाकर राम पिता लखन राम ग्राम मासमानो ठाकुर गांव भंडरा थाना दोनों जख्मी अमृत केयर हॉस्पिटल में इलाजरत है। वही ट्रक सवार मौके से फरार हो गया। जख्मियों को अस्पताल पहुंचने में स्थानीय लोगों ने सहयोग किया।

# पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के विद्यालय विकास समिति के फंड से साइबर अपराधियों ने की लाखों की निकासी

### जाली हस्ताक्षर कर 5 बार में 8 लाख 70 हजार रुपए का की अवैध निकासी को लेकर थाना में हुआ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता





**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संचालित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के विद्यालय विकास समिति फंड से साइबर ठगो ने चेक का क्लोन और जाली हस्ताक्षर कर 8 लाख 70 हजार रुपए का सेंधमारी किया है। विद्यालय विकास समिति फंड से फर्जी निकासी से विद्यालय प्रबन्ध में हड़कंप मचा हुआ है। विद्यालय द्वारा सेन्हा बैंक ऑफ इंडिया में खाता खोला गया था, जिसके माध्यम से सरकारी कल्याण राशि राज्य व केंद्र से मुहैया कराया जाता था।

जिसके तहत आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं को मूलभूत सुविधा मुहैया कराया जाता था। लेकिन ठगो ने विद्यालय का चेक का क्लोन बनाकर और कर्मियों का जाली हस्ताक्षर कर गुमला और सिमडेगा जिले के इंडियन बैंक से जाली चेक बनाकर पैसों की अवैध निकासी की गई।

मामले की जानकारी होने के बाद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा के वार्डेन पूनम कुमारी द्वारा सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराकर दोषियों पर करवाई और विद्यालय का पैसा वापस करने का मांग किया है। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए सेन्हा थाना पुलिस द्वारा विद्यालय का चेक जब्त कर जांच की जा रही है।

## तार चोरी करने वाले चोरों को पकड़कर ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**गुमला।** मुरुमकेला और चीरगांव में रात्रि को चोरों ने विद्युत तार की चोरी को लेकर उसे काट दिया था और चार बंडल तार बांध के रखा था। जिसे समेटने का प्रयास कर रहे थे। किसी बीच मिशन बदलाव के सुधीर लाकड़ा, तुलसी सिंह, डेविड किंडो, जीवन लाकड़ा, सुमित सिंह, केशव सिंह, दिलीप किंडो, भूषण सिंह और ग्रामीणों ने चोर को पकड़ लिया। चोर जंगल जंगल की ओर भाग रहे थे। पकड़े गए चोरों को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। चोर बुलेरो गाड़ी से आए थे। उस गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आश्वासन दिया कि अभी दो चोर को पकड़े है। अगर इनके और भी साथी हैं तो उनको जल्द ही खोज लेंगे एवम चोरों पर कड़ी से कड़ी करवाई होगी।

# जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन-सह-आदर्श दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन

## सभी मिलकर काम करें तो लोहरदगा गंभीर बीमारियों से मुक्त जिला बनेगाः डीडीसी

### शेखावत ने कहा कि परिवार नियोजन की विधियों को नहीं अपनाने से प्रसूता को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**लोहरदगा।** जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा की ओर से जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन-सह-आदर्श दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन नया नगर भवनमें किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि गर्भवती माताओं का सीधा असर होने वाले बच्चे पर पड़ता है। परिवार नियोजन की विधियों को नहीं अपनाने से प्रसूता को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहले स्वास्थ्य सुविधाएं कम थीं इसलिए कई दंपत्ति को ज्यादा बच्चे पैदा करते थे जिनमें मृत्यु दर अधिक होती थी। आज हम जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पंचायतों में ग्रामीणों के बीच जाकर लोगों को जागरूक कर सकते हैं, समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला काफी छोटा जिला है। यहां जो उपलब्धियां जिला की स्वास्थ्य टीम हासिल करेगी वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आएगी। आप सभी दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे। जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक पदाधिकारी अगर सभी मिलकर काम करें तो यह जिला कुपोषण मुक्त और गंभीर बीमारियों से मुक्त जिला बनेगा। आनेवाले समय में जब ऐसा कार्यक्रम आयोजित हो तक टीबी मुक्त, कुपोषण मुक्त पंचायतों की संख्याओं में और वृद्धि होनी चाहिए। समाज और जिला को कुपोषण मुक्त बनाना है।

कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, डीपीएम नाजिश अख्तर, डॉ सतीश तिर्की, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पंचातयों के मुखियागण, बड़ी संख्या में सहिया व अन्य उपस्थित थे।

# स्वच्छता न केवल संक्रमण से बचाती है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षा प्रदान करती है: ठाकुर

### चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को परिवार विकास संस्था द्वारा मासिक धर्म से जुड़ी प्रमुख बीमारियों और समस्याओं पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालना और महिलाओं को इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सीएचसी प्रभारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उचित स्वच्छता न केवल संक्रमण से बचाती है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से भी सुरक्षा प्रदान करती है। परिवार विकास संस्था के फील्ड कोऑर्डिनेटर कपिल देव यादव ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के महत्व को समझाते हुए बताया कि आज पूरे देश में यह दिवस मनाया जा रहा है ताकि इस विषय पर फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को चार समूहों में बांटा गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एएनएम पुष्पा मिंज और विक्टोरिया खलखो दीदी ने भी मासिक धर्म के बारे में जानकारी प्रदान की और प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

# मानगो में पानी का पक्षपातपूर्ण वितरण रुकेगा, न्यायपूर्ण वितरण होगा : सरयू राय

- लंबे अर्से से चली आ रही त्रुटियों को दूर किया जाएगा
- पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का जल गुणवत्ता की कसौटी पर खरा
- नया मोटर पंप खरीदने के लिए निविदा आमंत्रित
- कितना राजस्व संग्रह हो रहा है और बाकी पानी कहां जा रहा है

## मानगो पेयजल परियोजना के आरंभिक ड्राइंग डिजाइन में परिवर्तन की सहमति



पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यालय में बैठक करते विधायक सरयू राय।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो पेयजल परियोजना से पीने के पानी का पक्षपातपूर्ण वितरण पर रोक लगाई जाएगी और सभी क्षेत्रों में समान रुप से पेयजल का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए मानगो पेयजल परियोजना के परिचालन में लंबे समय से चली आ रही त्रुटियों को दूर किया जाएगा। यह सहमति बुधवार को पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यालय में विधायक सरयू राय के साथ हुई बैठक में बनी। इस बैठक में मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त भी दूरभाष के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के बाद पेयजल स्वच्छता विभाग के जमशेदपुर प्रमंडल द्वारा आदित्यपुर में स्थापित पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया गया। नदी से पानी खींचने के बाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में इसे साफ करने के उपरांत पेयजल की संभावित अशुद्धियों के बारे में प्रयोगशाला जांच के आंकड़ों का भी निरीक्षण किया गया। यह पाया गया कि आपूर्ति किये जा रहे पेयजल की गुणवत्ता संतोषजनक है। बैठक में हुई विस्तृत चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि मानगो के सभी क्षेत्रों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से समान रुप से पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इसके कारण कई ऐसे इलाके हैं, जहां पाइप लाइन बिछी तो है लेकिन पेयजल नहीं जा रहा है। कई इलाकों में 10 से 15 मिनट के लिए ही पानी आता है।

बैठक में इस बात को लेकर भी चर्चा हुई कि मानगो पेयजल परियोजना का सही तरीके से परिचालन नहीं होने के कारण लंबे समय से कई प्रकार की खामियां चली आ रही हैं, जिनका दुष्प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होने के रुप में दिखाई पड़ रहा है। इसे दूर करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मानगो पेयजल परियोजना के आरंभिक ड्राइंग डिजाइन में परिवर्तन की सहमति बनी। बैठक में कार्यपालक अभियंता ने मानगो क्षेत्र में कार्यरत कनीय अभियंताओं को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच रहा है, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। उदाहरण के तौर पर जोन संख्या 6 में काफी अधिक और काफी वक्त तक पानी जा रहा है जबकि जोन संख्या 1 और 3 में पानी की टंकियां 20 से 25 मिनट में ही खाली हो जा रही हैं। जोन 4 में समता नगर के आधे भाग में पानी देने की बात विभाग द्वारा कही जा रही है जबकि सच्चाई यह है कि एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। इस बैठक में जोन संख्या 4 और 6 में एक पाइपलाइन से राइजिंग पाइपलाइन जोड़ने की बात उठी। इस बात को भी रेखांकित किया गया कि अगर मानगो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सही तरीके से सभी क्षेत्रों में पानी भेजा जाए तो किसी भी क्षेत्र में लोगों को पानी की कभी कठिनाई नहीं होगी। बैठक में नया मोटर पंप खरीदने के बारे में भी बात हुई। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि मोटर खरीदने के लिए निविदा निकाल दी गई है। निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार को फोन पर ही सरयू राय ने निर्देशित किया कि निगम में पंजीकृत पेयजल उपभोक्ताओं की सूची दें और बताएं कि कितना राजस्व संग्रह हो रहा है और बाकी पानी कहां जा रहा है? उन्होंने श्री कुमार से पेयजल के एक-एक बूंद का हिसाब रखने को कहा। इस बैठक में कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार, पवन सिंह, संतोष भगत और पिंटू सिंह मौजूद थे।

---

## स्पीड न्यूज

### भारतीय जन महासभा ने मनायी वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती

**जमशेदपुर।** वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती बुधवार को भारतीय जन महासभा के अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार ने अपने आवास में मनायी। इस अवसर पर श्री पोद्दार ने कहा कि वीर सावरकर ने 1857 की लड़ाई को 'भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' की संज्ञा दी। बाद के स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों ने उनको अपना आदर्श माना। अनेक क्रांतिकारियों ने उनसे प्रेरणा ग्रहण की। वे क्रांतिकारी शिरोमणि कहलाये। जयंती मनाने वालों में श्री पोद्दार के अलावे मिश्रीलाल विश्वकर्मा, कैलाश चंद जांगिड़, विजय कुमार गोयल, सुखेन मुखोपाध्याय, पूनम ढलवानी, मधु सिन्हा, श्रवण देबूका, ओम प्रकाश अग्रवाल, दुर्गा मुखोपाध्याय, मेघाश्री मुखोपाध्याय, निशा वाणी, एडवोकेट नवीन कुमार, अंतयार्मी पांडा, अनीता यादव, मधु परिहार, अर्जुन कुमार, सौरभ मोदी, समर प्रसाद, डॉ. आर. एस. अग्रवाल, निधि सिंह आदि के नाम सम्मिलित है।

### भारतीय गेटबॉल संघ की टीम ने ताइवान में जीता गोल्ड मेडल

**जमशेदपुर।** ताइवान में आयोजित वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स 2025 में, भारतीय गेटबॉल संघ (आई.जी.यू.) ने गेटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। आई.जी.यू. का मुख्यालय भुवनेश्वर में स्थित है, और झारखंड का राज्य स्तरीय संगठन रांची में है, जिसके अध्यक्ष श्री बलराम तांती हैं। आई.जी.यू. ने वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे: द्वैपायन पटनायक, उमाकांत पाणि, सर्वेश्वर महापात्र और दिलीप सरंगी। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, यह टीम पूरे टूनार्मेंट में अपराजित रही, तथा विभिन्न देशों के शीर्ष दावेदारों के खिलाफ अपने सभी मैचों में जीत हासिल की। गेटबॉल, वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स 2025 में शामिल 35 खेलों में से एक था। ताइवान में 61 स्थानों पर आयोजित इस भव्य खेल आयोजन में 108 देशों के 25,049 एथलीटों ने भाग लिया। टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और स्वर्ण पदक उपलब्धि से देश को गौरवान्वित किया है।

### एमजीएम अस्पताल के प्राचार्य से मिला जदयू का प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह थाना समिति का प्रतिनिधिमंडल थाना अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में डिमना एमजीएम स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य से बुधवार को मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न विषयों को लेकर कॉलेज के प्राचार्य का ध्यान आकृष्ट कराया। जद(यू) नेताओं ने प्राचार्य को बताया की एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नए भवन के निर्माण होने के बाद वहां रिपीट कॉलोनी, हिल व्यू कॉलोनी सहित अन्य इलाकों से एमजीएम डिमना चौक को जोड़ने वर्षों पुराने मार्ग को गेट लगाकर बंद कर दिया गया है जिससे एक बहुत बड़े इलाके के लोगों को एमजीएम डिमना मुख्य मार्ग तक पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है।

---

### मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल की फलक हुसैन मैथमेटिक्स ओलंपियाड में जीता सिल्वर मेडल

# ओलंपियाड परीक्षा में जमशेदपुर के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में जमशेदपुर के दो छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा आरती नंदिनी ने इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में पहली रैंक हासिल कर इंटरनेशनल गोल्ड मैडल के साथ प्रमाण पत्र अर्जित किया।

वहीं मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल की छात्रा फलक हुसैन ने भी इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया और इंटरनेशनल सिल्वर मैडल के साथ प्रमाण पत्र जीता। इस साल के एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें जमशेदपुर के 22500 से अधिक छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों में, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल जैसे प्रसिद्ध स्कूल शामिल थे।




ओलंपियाड में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राएं पुरस्कार वितरण समारोह में।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 2024-25 ओलंपियाड परीक्षाओं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के 750 से अधिक छात्र और शिक्षक मौजूद थे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे. के महेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस वर्ष 222 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इंटरनैशनल रैंक-1 पर आने वाले 74 छात्रों को 50,000 रुपये और गोल्ड मेडल, इंटरनैशनल रैंक-2 के विजेताओं को 25,000 रुपये और सिल्वर मेडल, जबकि इंटरनैशनल रैंक-3 के छात्रों को 10,000 रुपये और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। इस के साथ साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया। समारोह में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जे.के माहेश्वरी ने कहा कि आज की पीढ़ी को ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों से भी सशक्त करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षा के साथ-साथ उन्हें संस्कार देने की भी आवश्यकता है, जिससे वे राष्ट्रनिमार्ता बन सकें। जो लोग अपने भीतर शिक्षा का प्रकाश लेकर चलते हैं, वे कभी भी अधिक समय तक अंधकार में नहीं रहते

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक महाबीर सिंह ने बताया कि 2024-25 की ओलंपियाड परीक्षा में 72 देशों के 4000 शहरों की 96,499 से अधिक स्कूलों के लाखों छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि एसओएफ के पिछले 27 वर्षों से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का कार्य कर रहा है। ओलंपियाड में शामिल होने वाले छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय, राज्य और स्कूल स्तर पर रैंक दी जाती है, जिससे वे अपनी क्षमताओं और सुधार की संभावनाओं को समझ सकें। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला, और डॉ. सतीश आर्य, डीन, सीबीएलयू, भिवानी हरियाणा, भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

---

## एक नजर में

### महिला से हुई चेन छिनतई के मामले का खुलासा, सोनार समेत 4 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक महिला से हुई छिनतई की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए मामले में शामिल चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिनमें छीना गया का सोना खरीदने वाला एक सोनार भी शामिल है। जमशेदपुर के सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि अनुसंधान के क्रम में प्राप्त सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की और चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मानगो टीचर्स कॉलोनी, शिव मंदिर लाइन का शंकर महतो उर्फ सूरज, आजादनगर ओल्ड पुरुलिया रोड का विशाल सिंह उर्फ नाडू, मानगो गुरुद्वारा रोड निवासी मोहित वर्मन और गुरुद्वारा रोड का ही विशाल कुमार सोनी (सोनार) शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने छिनतई की गई सोने की चेन का गला हुआ हिस्सा (8.053 ग्राम), एक पल्सर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, फिनो पेमेंट बैंक का पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किया। यह बरामदगी एक योजनाबद्ध छापेमारी अभियान के तहत की गई, जिसमें सिदगोड़ा, सीतारामडेरा और अन्य थानों के पुलिस अधिकारी शामिल थे। सिटी एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी मोहित वर्मन पूर्व में टेल्को और बोड़ाम थाना क्षेत्र के चार अलग-अलग आपराधिक मामलों में संलिप्त रह चुका है। वहीं शंकर महतो और विशाल सिंह के खिलाफ भी पूर्व में लूट के मामले दर्ज हैं।

### गायत्री शिक्षा निकेतन में आरती अव्वल



बेहतर प्रदर्शन करने वाली आरती व अन्य छात्र- छात्राओं के साथ प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर-2 के मार्ग-4 स्थित गायत्री शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय के छात्रों ने जैक बोर्ड की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली आरती कुमारी को स्कूल का टॉपर घोषित किया गया। जबकि 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रिंस कुमार को स्कूल का द्वितीय टॉपर तथा 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली प्राची कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है। गौरतलब है कि जैक बोर्ड की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में कुल 104 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। था।

इस वर्ष विद्यालय के चार बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि शेष सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के सचिव ई. सत्यप्रकाश सुधांशु ने जैक बोर्ड में छात्रों के प्रदर्शन पर संतोष जताया है तथा इसके लिए विद्यालय के सभी कर्मठ, जीवट शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

---

## पियूष पांडेय ने जमशेदपुर व राकेश रंजन ने चाईबासा एसपी का पदभार संभाला



जमशेदपुर के नये एसएसपी पियूष पांडेय का स्वागत करते निवर्तमान एसएसपी किशोर कौशल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पियूष पांडेय ने आज जमशेदपुर के सीनियर एसपी पद पर योगदान किया जबकि राकेश रंजन ने पश्चिम सिंहभूम जिले के एसपी के पद पर योगदान किया। इन दोनों पदाधिकारियों ने क्रमशः किशोर कौशल और आशुतोष शेखर से पदभार लिया। पियूष पांडेय जैप 10 के कमांडेंट पद पर थे जबकि राकेश रंजन जैप-01 के कमांडेंट पद पर थे। पियूष पांडेय 2014 बैच के आइपीएस हैं। पश्चिम सिंहभूम जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन भारतीय पुलिस सेवा 2017 बैच के पदाधिकारी हैं।

इससे पूर्व वे समादेष्टा, झारखंड सशस्त्र पुलिस- 01 के पद पर पदस्थापित रहे हैं। आज जमशेदपुर में सीनियर एसपी के पद पर योगदान देते समय उन्होंने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की। पियूष पांडेय ने कहा कि जमशेदपुर में सुरक्षा का माहौल बनाना और अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ अपराधियों को कठोर सजा दिलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## वह सिख कैसे, जो श्री अकाल तख्त साहब के आदेश का उल्लंघन करे : कुलबिंदर

### नया चुनाव क्यों नहीं करवाती प्रबंधक कमेटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि वह कैसे सच्चा सिख होने का दावा कर सकता है जो श्री अकाल तख्त साहिब से जारी पांच सिंह साहिबानों के आदेश का उल्लंघन करता है। कुलविंदर सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां से जारी आदेश को राजा महाराजा, राष्ट्रपति



अधिवक्ता कुलबिंदर सिंह।

ने शिरोधार्य किया और अपनी भूल बख्शवाई। किसी ने आदेश को चुनौती देने की हिम्मत नहीं की परंतु दुर्भाग्य है कि पटना श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी पंथ में गलत इतिहास रच रही है। वास्तव में मौजूदा प्रबंधक कमेटी के पदधारी पद और कुर्सी के लालची हैं इसलिए पिछले तकरीबन दो साल से चुनाव को टालते रहे हैं। प्रबंधक कमेटी के गुटबाजी के कारण जत्थेदार मामले में राजनीति शुरू हुई और उसने लगातार पंथ के सामने गलत गलत दृष्टांत प्रस्तुत किए हैं। कुलविंदर सिंह के अनुसार जिस तरह से तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के पदधारियों ने मंगलवार को एकता दिखाई है, वैसी एकता चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने को क्यों नहीं दिख रही है?

### आंदोलन को विधायक दशरथ गगराई ने दिया समर्थन

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में मजदूरों के शोषण और कंपनी प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ कोल्हान मजदूर यूनियन द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन अब तेज हो गया है। बुधवार को मजदूरों की पीड़ा सुनने और उन्हें समर्थन देने के लिए खरसावां के विधायक दशरथ गागराई स्वयं मौके पर पहुंचे और आंदोलित मजदूरों से वार्ता की। इस दौरान यूनियन के संयोजक सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व में कंपनी परिसर में बैठक आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर और उनके परिजन शामिल हुए। इस दौरान मजदूरों ने विधायक दशरथ गागराई को बताया कि विगत 23 मई को कंपनी में काम के दौरान बाजला टुडू नामक का हाथ कट गया था। किंतु, प्रबंधन द्वारा उस मजदूर के परिजन को किसी प्रकार की सहायता नहीं दी जा रही है।

## बकरीद को लेकर आजादनगर थाना में शांति समिति की अहम बैठक सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बकरीद के मौके पर शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से होटल महल इन के सभागार में आजादनगर थाना शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट शताब्दी मजूमदार ने की। उनके साथ डिप्टी एसपी पटमदा सर्किल बच्छन देव कुजूर, आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार, मानगो नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार अग्रवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में धर्मगुरु, समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर आए और बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए



बकरीद आजादनगर पीएस

जरूरी दिशा-निर्देश साझा किए गए। धार्मिक नेताओं की अहम अपील इमाम सगीर आलम फैजी, इमाम अस्सलाम रब्बानी, हाजी राजी नौशाद और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जमशेदपुर के सचिव हाफिज अनवर आलम ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी नहीं की जाएगी। केवल बकरा, बकरी, भेंड़ या खस्सी की कुबार्नी ही दी जाएगी।साफ-सफाई को लेकर विशेष पहल शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान ने बताया कि मानगो नगर निगम द्वारा पिछले वर्षों की तरह इस बार भी कुबार्नी के बाद बचे वेस्ट मैटेरियल को दफनाने के लिए गड्ढे बनवाए जाएंगे ताकि सफाई व्यवस्था बनी रहे। अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार अग्रवाल ने इसके लिए पूरी तैयारी का आश्वासन दिया।

### आईडीटीआर में एचपीवी जागरूकता सह वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**जमशेदपुर।** आईडीटीआर जमशेदपुर में मैहरवाई टाटा मेमोरियाल अस्पताल एवं लेडीज कमेटी एमटीएमएच के संयुक्त तत्वावधान में आईडीटीआर, जमशेदपुर में एचपीवीजागरूकता सह वैक्सीनेशनकैंप लगाया गया जिसमें 20 छात्राओं को सर्वाईकल कैंसर रोधी वैक्सीन लगाया गया। इस अवसर पर उपस्थित एमटीएमएच के चेयरमैन के सलाहकार डा. सुजाता मित्रा ने बताया कि अस्पताल के 50वें वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में एचपीवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आईडीटीआर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली दूसारी सबसे कॉमन बीमारी है। इनफेक्शन इस बीमारी का सबसे बड़ा कारण है।

### ब्लड बैंक में चार लोगों ने किया एसडीपी दान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा लगातार रक्तदान हेतु रक्तदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है, वहीं इस क्रम में जरूरतमंद लोगों के लिए ब्लड कम्पोनेन्टस की उपलब्धता हेतु लगातार एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) डोनेशन रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की देखरेख में जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में किया जा रहा है, जिस क्रम में आज टाटा स्टील कर्मी अरुण कुमार सिंह ने 29वीं बार एसडीपी डोनेशन किया, 7 प्लाज्मा डोनेशन एवं 19 नियमित रक्तदान के साथ उन्होने अब तक 55 रक्तदान किया है, इसी क्रम में टाटा स्टील कर्मी शाहनवाज आलम ने आज 15वां एसडीपी डोनेशन किया है, उन्होने 1 बार नियमित रक्तदान के साथ 16 रक्तदान पूरा किया।

टाटा स्टील के ही राजेश ठाकुर मे आज 20वीं बार एसडीपी दान किया एवं 13 नियमित रक्तदान के साथ उन्होने अपना 33 रक्तदान पूरा किया है। टाटा स्टील के पी आनन्द ने 22वीं बार एसडीपी दान किया, नियमित रक्तदान उन्होने 23 बार किया है, जिससे उन्होने अबतक 45 रक्तदान किया है। इन रक्तदाताओं के हौसले के कारण रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम लगातार जरूरतमंद लोगों को जीवन की रौशनी दे पा रहा है। रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह, जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के वरीय चिकित्सक एवं तकनिशियनों के सहयोग से आज यह अभियान पूरा किया गया।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में दुमका डीसी ने की विभागों की समीक्षा

## कागज पर नहीं आम जनता को धरातल पर दिखाई देना चाहिये कार्य : अभिजीत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नए डीसी अभिजीत सिन्हा ने की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की समीक्षा करते हुए विभाग के संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए साईकल वितरण का कार्य मिशन मोड में करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से शिकारीपाड़ा, रामगढ़, जामा, मसलिया, काठीकुंड, सरैयाहाट एवं गोपीकांदर प्रखंड में साईकल वितरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। कहा कि बिरसा आवास योजना के तहत राशि का भुगतान आवास का कार्य पूर्ण होने पर ही करें। उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम विश्वकर्मा योजना के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार ढंग से स्वीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने अन्य सभी विभागों यथा कृषि, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य, खेलकूद, खनन आदि की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान डीसी ने अधिकारियों से कहा कि हमारा कार्य लोगों को दिखाई दे, योजनाओं को कागज से धरातल पर लाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर आमजनों की समस्याओं को जानें एवं उसे नियमानुसार ढंग से दूर करें। कोई भी समस्या लंबे समय तक लंबित नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करें। कोई भी समस्या हो इसकी जानकारी दें। पदाधिकारियों, कर्मियों को प्रत्येक दिन बायोमैट्रिक उपस्थित बनाना अनिवार्य होगा। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बोकारो जिला में सीएचओ सह सहिया सम्मेलन में बेहतर कार्य करने वालों को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बुधवार को डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारों की अध्यक्षता में सीएचओ सह सहिया सम्मेलन का आयोजन कला भवन में किया गया जिसमें जिला के लगभग 800 से अधिक सहिया व सीएचओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बोकारो जिला में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य प्रदर्शन करने वाले सीएचओ, सहियाओं को पुरस्कृत किया गया। डॉ अभय ने कहा कि बोकारो जिला के सभी सीएचओ व सहिया अपने अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन व कार्य कर रहे है परन्तु इस वर्ष पेटरवार प्रखण्ड की पूरी टीम के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर को एनक्वास निकालने में बेहतर प्रदर्शन किया गया जिसको लेकर पूरे टीम को पुरस्कृत किया गया। इस सम्मेलन में सहियाओं को अलग अलग क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के पश्चात सिविल सर्जन बोकारो के द्वारा लगभग 700 प्रतिभागियों को सामूहिक रूप से तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन जागरूकता हेतु शपथ दिलाया गया और सभी को बताया गया कि समाज में बढ रहे मादक पदार्थ के घातक प्रभावों से समाज को बचाने और युवाओं के बीच जनजागरूकता लाने हेतु आप सभी सहिया और सीएचओ स्वास्थ्य विभाग की बहुत ही अहम कडी हैं और आपको इसके प्रति हमेशा सजग रहना है। इस अवसर पर डॉ अरबिन्द कुमार उपाधीक्षक सदर अस्पताल बोकारो, डॉ सेलीना टूडू डीआरसीएचओ बोकारो, डॉ मनीष कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बेरमो, दीपक कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक बोकारो, अमित कुमार सिन्हा जिला लेखा प्रबंधक, मनोज कुमार महतो जिला कार्यक्रम समन्वयक, कंचन जिला डाटा प्रबंधक, मो असलम जिला परामर्शी, आरती मिश्रा जिला आदि उपस्थित थें।

### एक नजर में

### एसकेएमयू के यूजी नामांकन को लेकर बैठक नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी एक जून से



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में स्नातक (यूजी) में नामांकन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो कुनुल कंदीर ने की। बैठक में यूजी के सत्र 2025–29 में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर नामांकन समिति की बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न पदाधिकारी, डीन, विभागाध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि यूजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल एक से 24 जून तक खोला जाएगा। छात्र-छात्राएं जो विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में यूजी कोर्स में नामांकन लेना चाहते हैं। वे निर्धारित तिथि के भीतर चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 100 निर्धारित है। इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त निर्णय लेते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतिम तिथि के बाद पोर्टल पुनः नहीं खोला जाएगा। जिससे शैक्षणिक सत्र में देरी नहीं हो सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि पहली मेधा सूची 26 जून को प्रकाशित होगी। जिसके आधार पर एक से 17 जुलाई तक संबंधित कॉलेजों में नामांकन लिया जाएगा। वहीं, दूसरी मेधा सूची 19 जुलाई को जारी होगी। इस सूची के अनुसार 21 से 26 जुलाई तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एक अगस्त से सभी कॉलेजों में नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ होगी। पिछली बार नामांकन प्रक्रिया में बार-बार तिथि बढ़ाए जाने से सत्र विलंब हुआ था। जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार समयबद्ध रूप से प्रक्रिया पूरी करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि जिन कॉलेजों की संबद्धता समाप्त हो चुकी है। उनमें नामांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में यूजी नामांकन के लिए आवश्यक योग्यता एवं पाठ्यक्रमों की भी विस्तार से चर्चा की गई। सामान्य कोर्स के साथ वोकेशनल कोर्स जैसे बीबीए, बीसीए आदि का भी नामांकन प्रारंभ होगा। बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछली बार विश्वविद्यालय में लगभग 35 हजार छात्रों ने स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन लिया था। इस बार भी नामांकन की संख्या अच्छी-खासी रहने की संभावना है। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, डॉ अब्दुस सत्तार, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, विज्ञान संकाय के डीन डॉ एसके सिंह, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के डीन डॉ टीपी सिंह, मानविकी संकाय के डीन डॉ पीपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह, पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिन्हा, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ एसएल बोंडिया, संथाली विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सुजीत सोरेन, वाणिज्य विभागाध्यक्ष दीपक कुमार दास, सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम देवघर कॉलेज, साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज, एएन कॉलेज दुमका, सेंट जेवियर्स कॉलेज महारो, महिला कॉलेज पाकुड़, मॉडल कॉलेज दुमका एवं डिग्री कॉलेज नाला फतेपुर के सहायक प्राचार्य आदि शामिल थे।

### माधुरी के साथ आरसीएमयू की शिष्टाचार मुलाकात



बेरमो। सीसीएल कथारा क्षेत्र के इतिहास में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के रूप में महिला अधिकारी पद स्थापित हुई है। क्षेत्रीय अमला अधिकारी के रूप में नव पदस्थापित महिला अधिकारी माधुरी कटके का राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के द्वारा स्वागत किया गया। आर सी एम यू के प्रतिनिधित्व मंडल दल ने अमला अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रतिनिधि मंडल दल में शामिल यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने जलवंत समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षण कराया साथ ही कहा सही और न्याय संगत कार्य समय सीमा के अंदर निष्पादित हो अनावश्यक रूप से श्रमिकों को हताश और परेशान होने की स्थिति नहीं बने। मजदूर अपने सेवा काल में कठिन परिश्रम कर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं वहीं वह अवकाश प्राप्त करते हैं अथवा जो कर्मचारी का निधन हो जाता है उसके आश्रित को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इन सारी चीजों पर प्रबंधन गंभीर होकर उनके समस्याओं का निराकरण करने का कार्य करें। लंबित मामले अवकाश प्राप्त और सेवा निवृत्त कर्मचारियों का 2 प्रतिशत पेंशन मद में काटा गया पैसा का भुगतान किए जाने लंबित पड़े श्रमिकों का पे प्रोडक्शन को अति शीघ्र लागू करने, लंबे समय से कुंडली मारे बैठे संवेदनशील पदों पर कार्यरत श्रमिकों का स्थानांतरण किए जाने, समय सीमा के तहत एसएलपी लागू किए जाने समय पर श्रमिकों का पदोन्नति देने कार्यस्थल पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने आदि मुद्दों पर अमला अधिकारी का ध्यान आकर्षण कराया। प्रतिनिधि मंडल को अमला अधिकारी ने भरोसा दिलाया कल्याणकारी कार्य या लंबित मामलों का निष्पादन किया जाने का जल्द करवाई किया जाएगा। श्रमिकों का वेलफेयर प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह वेदव्यास चौबे आशीष चक्रवर्ती एन एन मिश्रा संजय पांडे महिला नेत्री सविता सिंन्हा शिवजी पाठक शहादत हुसैन रणजीत सिंह जमालुद्दीन देवासी आश संतोष सिंन्हा कमल कांत सिंह सुरेश ठाकुर रमाकांत सिंह सूर्यकांत त्रिपाठी सिराजुल इस्लाम अंसारी अर्जुन चौहान सुजीत मिश्रा द्वारिका श्याम सुंदर संतोष राम गोड सहित अन्य शामिल थे।

### गोड्डा: आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक



ठाकुरगंगटी/गोड्डा। प्रखंड के सभागार कक्ष में अबुआ आवास योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पंचायत सचिव, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक की बैठक बीडीओ विजय कुमार मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ होते ही बीडीओ विजय मंडल के द्वारा क्षेत्र के 16 पंचायतों में वर्ष 2023–24 के अबुआ आवास योजना की समीक्षा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी पंचायत सचिव से बारी–बारी से योजना के कार्य की जानकारी ली। कहा कि किसी भी सूरत में राज्य सरकार की ओर से गरीबों को दिया जाने वाले आशियाना के खिलाफ एक भी नहीं सुनी जाएगी, जिस तरह से लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम, द्वितीय किस्त की राशि भेजी जा रही है, ठीक उसी के अनुरूप कार्य किया जाना है। यदि राशि का उठाव कर चुपचाप बैठे हैं तो उसे कदापि बर्दास्त नहीं किया जाएगा सभी की लापरवाही के कारण निर्माण कार्यों में तेजी नहीं लाई जा रही है प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक टिप्स दिये, कहा कि आज भी क्षेत्र में कई ऐसे लाभुक हैं, जो आवास निर्माण का कार्य आधार में जोड़ चुके है। लाभुकों की मनमानी किसी भी सूरत में नहीं चलेगी, आखिर किस कारण से राशि का उठाव कर सोए हुए हैं। उन्हें पूर्ण कराने की दिशा में पहल करें।

### स्पीड न्यूज

### गोड्डा जिले के नये एसपी मुकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया



गोड्डा। पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक, गोड्डा मुकेश कुमार ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्र में अपराध से संबंधित आंकड़े होंगे उन सभी अपराधों पर अंकुश लगाना है। सभी प्रकार की मामलों का त्वरित गति से उद्भेदन करना व लंबित मामलों का निपटारा करना भी मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### शिक्षक पुत्री रिया को जिले में चौथा स्थान



बोकारो/तालगड़िया। चास प्रखंड के टुघरी निवासी शिक्षक कामदेव माहथा और नमिता देवी की पुत्री रिया कुमारी जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में 477 अंक प्राप्त कर जिले में चौथे स्थान पर जगह बनाने में सफल हुई है। रिया ने हिन्दी में 98 गणित में 91 साइंस में 97 सोशल साइंस में 96 और अंग्रेजी में 90 अंक प्राप्त किए हैं। रिया ने कहा कि वह प्रतिदिन छह से आठ घंटे तक पढ़ाई करती थी। इस सफलता के लिए उसने अपने माता–पिता को श्रेय दिया है।

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बने रामु तॉती



फुसरो। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने पत्र जारी कर सुभाष नगर निवासी वृज किशोर तॉती उर्फ रामु तॉती को जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया है। इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वृज किशोर तॉती उर्फ रामु तॉती ने फुसरो नप के कई सफाई कर्मियो से मिलकर उनकी समस्याओ से अवगत हुए। वे उनकी समस्याओ की निदान कराने को लेकर अधिकारियो से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मौके पर श्रीकांत सिंह यादव आदि मौजूद थे।

### श्रमिक प्लस 2 हाई स्कूल के विद्यार्थियों का उम्दा प्रदर्शन

बोकारो। तुपकाडीह के श्रमिक प्लस 2 हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में 95.39 प्रतिशत का उम्दा प्रदर्शन करते हुए शिक्षक व अभिभावक को का दिल जीत लिया। विद्यालय से 152 विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में हिस्सा लिया जिसमें 91 बच्चों ने प्रथम व 48 बच्चों ने द्वितीय तथा 6 बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सृष्टिधर महतो बताया कि आकाश टुडू 445 अंकों के साथ 89% योगेन्द्र ने 442 अंकों के साथ 88.4% व अंजली व गितेश ने 86.8% अंक लाया।

## ललमटिया कोल माइंस में चली गोली, डंपर ऑपरेटर घायल

### करीब 20 से 25 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अस्पताल में इलाजरत घायल डंपर ऑपरेटर।

**गोड्डा।** गोड्डा में जहां एशिया की सबसे बड़ी कोल परियोजनाओं में से एक ललमटिया कोयला खदान देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठी। बदमाशों ने धावा बोलकर अंधाधुंध फायरिंग की। जिसमें एक डंपर ऑपरेटर घायल हो गया।

घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। करीब 20 से 25 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों ने कोल माइंस के भीतर घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस हमले में एक डंपर ऑपरेटर घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में राजमहल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोल माइंस का काम ठप हो गया है और सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों में जबरदस्त आक्रोश है। अब सवाल उठता है।

आखिर कोयला खदानों में अपराधियों की ये दहशत कब रुकेगी? क्या मजदूरों की जान इतनी सस्ती है कि कोई भी आए, गोलियां बरसाए और फरार हो जाए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन इस वारदात ने कोयला खदानों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। क्या ललमटिया अब अपराधियों का अगला टारगेट बन चुका है।

दूसरी ओर गोली फायरिंग की घटना को लेकर महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने कहा कुछ असामाजिक तत्वों ने माइंस क्षेत्र में घुसकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल से खोखे बरामद किए गए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## साइबर अपराधी की तलाश में गयी मसलिया पुलिस पर हमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

> साइबर अपराधी का सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर हमला किया गया है। ग्रामीणों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली है। आरोपियों की पहचान कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।
> पीतांबर सिंह खेरवार, पुलिस अधीक्षक दुमका

**दुमका।** देवघर में पुलिस कस्टडी में कथित साइबर अपराधी की मौत की आग अभी पूरी तरह से ठंडी नहीं पड़ी थी कि बुधवार की दोपहर साइबर अपराधी की तलाश में गई मसलिया पुलिस की टीम पर तेतरिया डंगाल में ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में सरकारी जीप का चालक, सहायक अवर निरीक्षक सनत बास्की, गौतम मंडल व एक सिपाही इंद्रजीत मुर्मू जख्मी हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद छुटटी दे दी गई। पुलिस अब सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस टीम पर हमला करने वालों की पहचान में जुट गई है। दोपहर को मसलिया थाना को सूचना मिली कि खूंटोजारी पंचायत के बड़ा तेतरिया गांव में कुछ साइबर अपराधी लोगों को शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम इसका सत्यापन करने के लिए पहुंची। पुलिस अपना काम कर रही थी, तभी ग्रामीण एकजुट हो गए और उनके इस कार्य का विरोध किया। कहासुनी होने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। हमले के बाद पुलिस की टीम को बगैर सत्यापन कार्य के लौटना पड़ा।

किसी तरह से जान बचाकर गांव से भागी। हमले की सूचना मिलते ही डीएसपी इकुड डुंगडुंग व इंस्पेक्टर शिवलाल टुडू थाना पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। डीएसपी ने बताया कि हमला नहीं किया गया है। सत्यापन के लिए गई पुलिस का विरोध और धक्का मुक्की की गई है। जवानों को ज्यादा कुछ नहीं हुआ है।

## बोकारो इस्पात संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल के क्रेन संख्या-21 का नवीनीकरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल के नवीनीकृत क्रेन संख्या-21 का उद्घाटन अधिशासी निदेशक-संकार्य सीआर महापात्रा के द्वारा शॉप्स व फाउंड्री के सीजीएम जेवी शेखर एवं जीएम पीपी सिंह एवं हॉट स्ट्रिप मिल के सीजीएम विपिन कुमार सिंह अन्य वरीय अधिकारियों एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति में किया गया। हॉट स्ट्रिप मिल के यांत्रिकी अनुभाग के जीएम-प्रभारी एसएन भगत के दिशा निर्देशन में क्रेन संख्या 21 के 110 टन क्षमता वाले पुराने एवं क्षतिग्रस्त टोंग का जीर्णोद्धार किया गया। क्रेन के क्षतिग्रस्त टोंग की मरम्मत एवं नवीनीकरण की जिम्मेदारी एससी महापात्रा के नेतृत्व में एजीएम एसके रॉय वरीय प्रबंधक एसएस यादव और क्रेन अनुभाग के कर्मियों ने उठाई जिसे उन्होंने रिकॉर्ड समय में पूरा किया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूर्ण करने में हॉट स्ट्रिप मिल के जीएम एसके सेन ने न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया बल्कि तकनीकी सलाह भी प्रदान की। सामान्य अनुरक्षण विभाग के जीएम एनके बेहरा तथा राजेश यादव की टीम का सराहनीय योगदान था। महापात्रा ने इस कार्य से संबंधित सभी विभागों तथा कार्मिकों के प्रयास की सराहना की व भविष्य में भी इस प्रकार के अभिनव पहल करने की अपील की।

## बेरमो विधायक ने मंदिर परिसर के सामने शराब दुकान व नॉनवेज ठेला नहीं लगवाने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने फुसरो नगर परिषद के प्रशासक को पत्र लिखकर मंदिर परिसर और शराब दुकान के सामने नॉनभेज ठेला नहीं लगवाने व अविलंब नियम बनाने का निर्देश दिया है। विधायक ने पत्र में लिखा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैने अनुभव किया है कि शराब दुकान और मंदिर परिसर के सामने आये दिन फुसरो बाजार के लोगों एवं अन्य नागरिकों का परिचालन चालू रहता है। बाजार क्षेत्र में ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे आस्था के प्रति विश्वास रखते हुए मंदिर परिसर में प्रतिदिन आते जाते रहते है। कहा कि अपने अनुभव में मैने पाया कि शराब दुकान एवं मंदिरों के सामने नॉनभेज बेचने वाले ठेला व्यपारी से हिन्दु धर्म के प्रति आस्था रखने वाले आम महिलाओं, वृद्ध, बच्चे को भारी परेशानी हो रही है। इसी तरह शराब दुकान के सामने ठेलों पर नॉनवेज बेचने वाले ठेलों पर भारी भीड लगा हुआ रहता है एवं शराब खरीदने वाले भी उस ठेलों के अगल बगल मंडराते रहते है। जिससे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कहा कि मैं इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते समझ सकता हूं कि रोजी रोजगार हेतु ठेले पर सामान बेचकर धन अर्जित कर परिवार चलाना जरूरी है। लेकिन आम लोगों का भी ख्याल रखना भी जरूरी है। कहा कि क्षेत्र के विधायक होने के नाते फुसरो नगर परिषद के प्रशासक को सूचित करते हुए आदेश देता हूं कि इसपर अविलंब नियम बनाये एवं मंदिर परिसर एवं शराब दुकान के सामने नॉनभेज ठेला लगाने से परहेज करेंगे। ताकि धर्म के प्रति लोगों का आस्था एवं विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। इधर बेरमो थाना प्रभारी को विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने पत्र लिखकर कहा है कि 23 मई को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैं बतलाना चाहूंगा कि पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप शराब दुकान के सामने ठेला कर्मी के द्वारा आज और पहले भी मैने यह पाया कि शराब खरीदने वालों का वहां हमेशा भीड लगी रहती है। साथ ही सामने ठेला में नॉनभेज खादय पदार्थ की बिक्री की जा रही है। जिससे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है एवं विधि व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है। कहा कि मैं ठेलों पर खादय समाग्री बेचकर पारिवारिक भरण पोषण करने वालों के विषय में समझ सकता हूं। लेकिन आम जनों व श्रद्धालुओं की समस्या को भी सुदृढ किया जाय। कहा कि शराब दुकान के बगल में नॉनभेजठेलों के आड में हमेशा वहां असमाजिक तत्वों का जमावडा भी लगा रहता है। उक्त ठेलों का फुसरो नगर परिषद से निर्गत लाइसेंस का भी निरीक्षण करने के बाद ही ठेला अगल बगल के दूरी पर लगाने देंगे।

## बोकारो : वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एमबीए के छात्रों को कराया औद्योगिक भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने विनोबा भावे कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए छात्रों के लिए एक पर्यवेक्षित औद्योगिक दौरे का आयोजन किया।

इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को स्टील निर्माण प्रक्रिया और प्लांट में अपनाई जा रही सुरक्षा प्रणालियों की व्यावहारिक जानकारी देना था। इस दौरे में 45 छात्र और 3 संकाय सदस्य शामिल हुए। प्रतिभागियों को संयंत्र के सुरक्षा प्रोटोकॉल से अवगत कराया गया। इसके बाद छात्रों को बार रॉड मिल और वायर रॉड मिल सहित प्रमुख उत्पादन इकाइयों का दौरा कराया गया। सभी को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए जो सुरक्षा के प्रति ईएसएल की गंभीर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह पहल ईएसएल के शैक्षणिक संस्थानों के साथ मजबूत जुड़ाव और शिक्षा व उद्योग के बीच की खाई को पाटने के सतत प्रयासों का हिस्सा है।

इस तरह के औद्योगिक दौरों के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य भावी पेशेवरों में उद्योग के लिए तैयार रहने की मानसिकता को बढ़ावा देना है। ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रवक्ता संजय कुमार हेड ऑफ स्टेकहोल्डर मैनेजमेंट ईएसएल स्टील लिमिटेड ने कहा - हम मानते हैं कि भविष्य की प्रतिभाओं को वास्तविक दुनिया का अनुभव देना बेहद जरूरी है। ऐसे औद्योगिक दौरे न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें मुख्यधारा के उद्योगों में करियर बनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। उल्लेखनीय है कि बोकारो जिले के सियालजोरी गांव में स्थित ईएसएल स्टील लिमिटेड 1.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाला ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट है जो पिग आयरन बिलेट्स टीएमटी बार वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप का उत्पादन करती है।

## धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 31 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** दिसोम मांझी थान परिसर में 31 मई को आहूत होने वाली धर्म सम्मेनल सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने किया। बैठक में आगामी 31 मई शनिवार को होने वाला धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ। इस अवसर पर दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने कहा कि इस कार्यक्रम में गांव स्तर पर मांझी बाबा व ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है। जहां तक दिसोम मांझी थान के सदस्य प्रत्यक्ष रूप से नहीं पहुंच पाए हैं। उनलोगों को समाचार पत्रों के माध्यम से ही आमंत्रित किया हैं। यहां बता दें उक्त धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम विगत 12 मई को आहूत थी। लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण जिला प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की सभा या बड़े कार्यक्रम का अनुमति नहीं दिया जा सका था। मांझी बाबा ने कहा कि ऐसे भव्य धार्मिक कार्यक्रम संताल परगना में पहली बार किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में लोग पड़ोसी राज्य से भी शामिल होने का सूचना है। मौके पर सुरेशचंद्र सोरेन, टेकलाल मरांडी, निलेश हांसदा, मोहन टुडू, बीडी किस्कू, दीपक हेम्ब्रम, सीमांत हांसदा, प्रेम हांसदा, लवकिशोर टुडू, शिव सोरेन, मनोज किस्कू, राकेश मरांडी, राजेंद्र हेम्ब्रम, हरीश टुडू, संदीप मुर्मू आदि मौजूद रहे।

### पेज 1 का शेष

पेज 1 का शेष

### वित्त आयोग के समक्ष...

राज्य सरकार की ओर से आयोग की टीम के जिज्ञासा से संबंधित पूरी तैयारी की गयी है। राज्य सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्यों की भी पूर्ण जानकारी वित्त आयोग को दी जायेगी। वित्त आयोग की टीम के समक्ष कृषि कार्य के लिए राज्य में सिंचाई जल संग्रहण, विद्यार्थियों में क्वालिटी एजुकेशन, आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना, पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा राज्य सरकार की प्राथमिकता होगी। बैठक में राज्य सरकार 16वें वित्त आयोग की टीम को एक ज्ञापन सौंपेगी।

### विवादित भूमि पर...

**क्या है मामला :** इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से अमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने तेतुलिया मौजा में 74.38 एकड़ जमीन खरीदी थी। 10 फरवरी 2021 को जमीन की रजिस्ट्री हुई, लेकिन, उक्त जमीन पर राज्य सरकार की ओर से दावा किया गया कि वह जमीन प्रतिबंधित वन भूमि है। इसके खिलाफ अमायुष मल्टीकॉम कंपनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जिसमें सरकार का दावा खारिज कर दिया गया। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की गयी, लेकिन यहां भी सरकार को राहत नहीं मिली। इसके बाद बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार ने कंपनी को एक पत्र जारी किया। इसके माध्यम से कंपनी को उक्त जमीन पर गैर वानिकी काम नहीं करने का निर्देश दिया गया। डीएफओ और आरसीसीएफ को दोषी करार दिया इसके खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दोनों अधिकारियों को अवमानना का दोषी करार दिया। अदालत ने अपने फैसले में डीएफओ रजनीश कुमार और आरसीसीएफ डी. वेंकटेश्वरा को न्यायालय के अवमानना का दोषी करार दिया। हालांकि, अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में इन दोनों अधिकारियों के अवमानना मामले में सजा नहीं सुनाई। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाने की आजादी दी थी। दोषी करार अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात रखने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी का दो दिवसीय बिहार दौरा आज से, देंगे कई सौगात

## पटना में लगा ऑपरेशन सिंदुर का पोस्टर, ना देश झुकेगा ना बिहार का विकास रुकेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

- आज शाम चार बजे पटना एयरपोर्ट से करेंगे रोड शो
- स्वागत के लिए बेंगलुरु से 25 प्रकार के मंगाये गये हैं 250 क्विंटल फूल
- कल काराकाट में 48,520 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिन के बिहार दौरे से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने स्वागत में पटना समेत राज्य के दूसरे हिस्सों में ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ा पोस्टर लगाया है। दो तरह के पोस्टर भाजपा दफ्तर पर लगे हैं। एक पोस्टर में नारा है- ना देश झुकेगा, ना बिहार का विकास रुकेगा। दूसरे पोस्टर में लिखा है- जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। ठीक 35 दिन बाद फिर से बिहार दौरे पर आ रहे मोदी इससे पहले पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को मधुबनी आए थे और वहीं से ऐलान किया था कि आतंकियों और हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा दी जाएगी। पीएम के स्वागत में लगे पोस्टरों में उस बयान पर भारतीय सेना के अमल की झलक दिख रही है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान के अंदर अन्य आतंकी ठिकानों पर तगड़ी चोट की है। पीएम मोदी 4 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। पटना में बने नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे।

इसके बाद वे एक रोड शो में भाग लेंगे जो एयरपोर्ट से शेखपुरा मॉल, बेली रोड होते हुए भाजपा कार्यालय तक जाएगा। रास्ते भर बांस की बैरिकेडिंग और स्वागत पोस्टर लगाए गए हैं। पटना को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मोदी के स्वागत के लिए बेंगलुरु से 25 प्रकार के 250 क्विंटल फूल मंगाए गए है, वहीं कोलकता से कारीगर आए हैं। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रोड शो के मार्ग पर बांस की बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस हर चप्पे पर मुस्तैद है। एयरपोर्ट के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक रूट में बदलाव किए गए हैं, ताकि लोगों को परेशानी न हो। इस दौरे को बिहार के लिए विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए एयरपोर्ट टर्मिनल से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और पीएम मोदी कई अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। हालांकि, चूंकि यह दौरा चुनावी वर्ष में हो रहा है, इसलिए इसे राजनीतिक रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। लोगों को इस दौरे से काफी उम्मीदें हैं। वे चाहते हैं कि प्रधानमंत्री बिहार के लिए ठोस विकास योजनाओं की घोषणा करें। यह देखना दिलचस्प होगा कि पीएम मोदी इस मंच से राज्य के लिए कौन-से नए वादे और योजनाएं पेश करते हैं। रोड शो के दौरान पीएम मोदी का जगह-जगह स्वागत होगा, जिसके लिए बीजेपी ने 32 जगहों पर मंच भी बनवाया है। पीएम मोदी बीजेपी दफ्तर में पार्टी के नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मजबूत बूथ पर एक बैठक के बाद राजभवन जाएंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। 30 मई को बिहार के काराकाट में सुबह प्रधानमंत्री 48,520 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पीएम मोदी 20 जून को फिर बिहार आएंगे।



**मोदी के दौरे को लेकर पटना में रिहर्सल करते एसपीजी के जवान। प्रधानमंत्री के रोड-शो के दौरान सुरक्षा को लेकर शहर में 200 मजिस्ट्रेट के साथ 3 हजार से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। रोड-शो के रास्ते में पड़ने वाली इमारतों पर स्नाइपर की तैनाती रहेगी। देश के कई राज्यों में कोरोना के दस्तक को देखते हुए बिहार में प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान कोरोना जांच कराने को लेकर खास निर्देश दिये गये हैं। प्रधानमंत्री के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच अनिवार्य होगी।**

## स्पीड न्यूज

### मक्का में वार्षिक हज तीर्थयात्रा चार जून से

**रियाद (सऊदी अरब)।** सऊदी अरब ने एलान किया कि मक्का में वार्षिक हज तीर्थयात्रा चार जून से शुरू होगी। सऊदी की स्पेस ऑब्जर्वेटरी ने कल बकरीद का चांद देखे जाने की पुष्टि की । इसके बाद हज यात्रा की तारीख घोषित की गई। यह इस्लाम में दूसरा सबसे खास और पाक महीना है। सऊदी अरब के हज मंत्री तौफीक अल-रबिया ने बताया कि दुनिया भर से 10 लाख से अधिक तीर्थयात्री अब तक देश में आ चुके हैं। पिछले साल 1.8 मिलियन हज में हिस्सा लिया था।

### नेपाल में भारतीय पत्रकारों पर रोक

**काठमांडू।** काठमांडू में 29 मई से राजतंत्र के पक्ष में एक बार फिर से शुरू होने जा रहे प्रदर्शन को देखते हुए नेपाल सरकार ने भारत सहित विदेशी मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत समेत अन्य देशों से नेपाल आने वाले पत्रकारों को सरकार से अनुमति मिलने के बाद ही रिपोर्टिंग करने को कहा गया है। प्रेस काउंसिल नेपाल ने बुधवार को विदेशी पत्रकारों के नेपाल आकर रिपोर्टिंग करने पर रोक लगाने की जानकारी दी है।

### यमन में हूती का आखिरी विमान नष्ट

**सना (यमन) ।** आतंकवादी समूह हूती पर इजराइल ने बुधवार को सुबह यमन की राजधानी सना के हवाई अड्डे पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमला किया। इजराइल के रक्षामंत्री इजराइल कैट्ज ने इसकी पुष्टि की है। आईडीएफ ने कहा कि इस हमले में हूती के आखिरी बचे विमान को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हूती के विमान को ऑपरेशन गोल्डन ज्वेल के तहत मटियामेट कर दिया गया है।

### पाकिस्तान में तूफान से 6 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 24 घंटे पहले आए शक्तिशाली तूफान से दो प्रांतों खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में जान-माल की भारी क्षति हुई है। इससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्वाबी के मनकी में तेज हवा के कारण चारदीवारी और छत गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और भाई घायल हो गए।

### चंडीगढ़ में कोरोना से पहली मौत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में बुधवार को कोरोना से एक व्यक्ति की मौत हुई है। कोरोना की तीसरी लहर में पंजाब में यह पहली मौत है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के रहने वाला राजकुमार (40) कुछ दिन पहले ही लुधियाना आया था। उसे बुखार आने के बाद तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसे चंडीगढ़ के सेक्टर 32 मेडिकल कालेज में रेफर किया गया था। तीन दिन से उसे सांस लेने में तकलीफ थी। यहां इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गई।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए समन्वित एंटी-इंसर्जेंसी अभियानों में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताय कि खोंघमपत मंत्री लाइकाई (इंफाल पश्चिम) से कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के कैडर मोहम्मद अयूब खान उर्फ थोइबा को गिरफ्तार किया गया।

### छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला हुआ नक्सलमुक्त

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बस्तर जिले को नक्सल प्रभावित लेफ्ट विंग एक्स्ट्रिमिज्म (एलडब्ल्यूई) जिलों की सूची से बाहर कर दिया है। अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष से एलडब्ल्यूई के तहत बस्तर जिले को मिलने वाली केंद्रीय मदद को बंद कर दिया गया है। बस्तर के कलेक्टर हरीश एस. ने बुधवार को बताया कि बस्तर जिले को एलडब्ल्यूई जिलों की सूची से बाहर कर दिया है ।



### मिस वर्ल्ड के लिए इंटरव्यू हुआ शुरू, भारत से नंदिनी गुप्ता कर रही प्रतिनिधित्व

**हैदराबाद।** मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का बुधवार से शुरू हुआ इंटरव्यू । दुनियाभर से चयनित 40 शीर्ष प्रतियोगी अब जूरी के तीखे सवालों का जवाब देंगी। यह दौर किसी भी प्रतिभागी के लिए निर्णायक हो सकता है, जो उन्हें विश्व सुंदरी का ताज दिलाने या उनसे छीनने में भूमिका निभाएगा। विजेता को करीब 3 करोड़ रुपये का ताज पहनाया जाएगा। ताज में 1770 छोटे हीरे जड़े हैं। जिनका कुल वजन 175.49 कैरेट है। यह पूरी तरह से 18 कैरेट के वाइट गोल्ड से बना है। इसके अलावा मिस वर्ल्ड को 1.15 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। भारत का प्रतिनिधित्व इस बार राजस्थान के कोटा की रहने वाली नंदिनी गुप्ता कर रही हैं, जो टॉप-40 में जगह बनाने में सफल रही हैं।

# हमास प्रमुख सिनवार ढेर

## इजरायल की एयर स्ट्राइक में गाजा में मारा गया मोहम्मद सिनेवार

एजेंसी

**गाजा।** इजराइली सेना ने हमास का गाजा प्रमुख मोहम्मद सिनवार भी मार गिराया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि इजरायली सेना ने हमास के गाजा प्रमुख और संगठन के नेता याह्या सिनवार के छोटे भाई मोहम्मद सिनवार को मार गिराया है। यह कार्रवाई खान यूनिस के यूरोपीय अस्पताल के पास एक सुरंग में की गई, जहां इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हवाई हमला किया था। नेतन्याहू ने कहा कि मोहम्मद सिनवार को खत्म कर दिया गया है। वह हमास के सैन्य



विंग का नेतृत्व कर रहा था। यह हमास के लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन हमारा अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि गाजा में बंधकों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**हमले में हमास के राफा ब्रिगेड कमांडर मोहम्मद शबाना और 10 अन्य सहयोगियों के भी मारे गये**

मोहम्मद सिनवार ने अपने भाई याह्या सिनवार की अक्टूबर 2024 में हुई मौत के बाद हमास के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व की कमान संभाली थी। वह 7 अक्टूबर 2023 के हमास के हमले का एक प्रमुख योजनाकार माना जाता था, जिसमें इजरायल में 1,200 लोग मारे गए थे और 250 लोगों को बंधक बनाया गया था। पीएम ने इसकी पुष्टि की है। हमले में हमास के राफा ब्रिगेड कमांडर मोहम्मद शबाना और 10 अन्य सहयोगियों के भी मारे गये। सऊदी चैनल अल-हदथ के अनुसार, सिनवार का शव और उसके सहयोगियों के अवशेष सुरंग से बरामद किए गए। हालांकि, हमास ने अभी तक मोहम्मद सिनवार की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। गाजा के खान यूनिस शरणार्थी शिविर में जन्मे मोहम्मद इब्राहिम हसन सिनवार ने कई दशकों तक हमास के रैंक तक काम किया। अपनी गुप्त गतिविधियों के कारण इजरायली अधिकारियों द्वारा उसे शैडो यानी छाया का नाम दिया था। 2006 में, वह इजरायली सैनिक गिलाद शालिट के अपहरण में शामिल था। इस ऑपरेशन के बाद 2011 में एक कैदी की अदला-बदली का सौदा हुआ था।

# मणिपुर में 44 विधायक नयी सरकार बनाने के लिए तैयार

- सरकार गठन को लेकर गवर्नर से मिले 10 विधायक

**इंफाल।** राष्ट्रपति शासित मणिपुर में नई सरकार बनाने के लिए 44 विधायक तैयार हैं। भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम सिंह ने कहा कि वे बुधवार को 9 विधायकों के साथ राजभवन गए और सरकार गठन की मांग को लेकर राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की।

राधेश्याम ने यह बयान राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के बाद बाहर आने पर दिया। मई 2023 में मैतेई और कुकी के बीच हुए जातीय संघर्ष के कारण भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले फरवरी से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। राधेश्याम ने कहा कि, 44 विधायक सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। हमने राज्यपाल को इस मामले से अवगत करा दिया है। हमने राज्यपाल के साथ इस बात पर भी चर्चा की कि मौजूदा समस्या का समाधान क्या हो सकता है। राज्यपाल ने हमारी बातें सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे लोगों के हित में सकारात्मक कदम उठाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह सरकार गठन की मांग करेंगे, राधेश्याम सिंह ने कहा, इस मामले पर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। हमने अपनी स्थिति बता दी है। हमने कहा है कि हम सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। अब केंद्रीय नेतृत्व और राज्यपाल इस मामले पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा, स्पीकर थोकचोम सत्यव्रत ने 44 विधायकों से व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से मुलाकात की है। कोई भी नई सरकार के गठन के खिलाफ नहीं है। हर कोई चाहता है कि राज्य में सरकार बने।

### जासूसी के आरोप में सीआरपीएफ जवान दिल्ली से गिरफ्तार

**नयी दिल्ली ।** एनआईए ने दिल्ली से सीआरपीएफ जवान मोती राम जात को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) को देश की संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां साझा करने का आरोप है। एनआईए की जांच में सामने आया है कि आरोपित 2023 से जासूसी की गतिविधियों में सक्रिय था और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां पाकिस्तान तक पहुंचा रहा था। जांच एजेंसी ने यह भी पाया कि मोती राम को इन सूचनाओं के बदले अलग-अलग माध्यमों से पैसा भी मिल रहा था। एनआईए ने उसे दिल्ली से हिरासत में लिया और फिलहाल पूछताछ जारी है। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने आरोपित को 6 जून तक एजेंसी की हिरासत में भेजा है। एनआईए यह जानने की कोशिश कर रही है कि इसमें और कौन-कौन शामिल था और क्या कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था।

# छह लेन शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से हो पूर्ण : नीतीश

## बिहटा सरमेरा पथ से भी जुड़ेगा 6 लेन पुल

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को निर्माणाधीन 6 लेन शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गंगा नदी में चल रहे पुल निर्माण कार्य स्थल पर जाकर जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि नेशनल हाई-वे ऑथरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई), भारत सरकार द्वारा गंगा नदी पर 3,200 करोड़ रुपए की लागत से 6 लेन गंगा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। यह पुल पटना जिला के शेरपुर को सारण जिला के दिघवारा को जोड़ता है। इस पुल की लम्बाई 14.52 किलोमीटर है। यह पुल पटना शहर के रिंग रोड के रूप में भी कार्य करेगा। पुल का निर्माण कार्य 2027 तक पूर्ण होने की



संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेरपुर और दिघवारा के बीच बन रहे इस 6 लेन गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इस 6 लेन पुल के नीचे से पटना छोर की तरफ जेपी गंगा पथ का भी निर्माण कराया जा रहा है।

यह 6 लेन पुल बिहटा सरमेरा पथ से भी जुड़ेगा। इस पुल का निर्माण पूर्ण होने से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच सम्पर्कता और सुगम होगी। साथ ही पटना के पश्चिमी छोर के लोगों को भी एक जगह से दूसरी जगह जाने में सहूलियत होगी। पटना रिंग रोड का हिस्सा होने के कारण लोगों को राजधानी की चारों दिशाओं में आना-जाना आसान होगा।

### राम मंदिर में पांच जून को होगी एक और प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या ।** रामनगरी अयोध्या में पांच जून को एक और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को बताया कि पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच राम दरबार समेत सभी आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा का यह भव्य कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वत महंत योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। परकोटा के ईशान कोण पर शिवलिंग, अग्निकोण में प्रथम पूज्य श्री गणेश, दक्षिणी भुजा के मध्य में महाबली हनुमान, नैऋत्य कोण में प्रत्यक्ष देवता सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती , उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इसके साथ ही मुख्य मन्दिर में प्रथम तल पर श्रीराम दरबार तथा परकोटा के दक्षिणी पश्चिमी कोने में शेषावतार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

# दूसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 239 और निफ्टी 74 अंक टूटा

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार की भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 239.31 अंक की गिरावट लेकर 81,312.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.75 अंक टूटकर 24752.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.22 प्रतिशत फिसलकर



45,093.52 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत उछलकर 52,122.64 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1928 में गिरावट जबकि 2022 में तेजी रह वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2940 कंपनियों के शेयरों में से 1395 में बिकवाली जबकि 1462 में लिवाली हुई वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 13 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.11, एफएमसीजी 1.33, हेल्थकेयर 0.39, आईटी 0.01, यूटिलिटीज 0.44, ऑटो 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.58, धातु 0.69, पावर 0.20, रियल्टी 0.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। सेंसेक्स की नुक्सान उठाने वाली कंपनियों में आईटीसी 3.18, इंडसइंड बैंक 1.99, नेस्ले इंडिया 1.78, अल्ट्रासिम्को 1.62, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.41, पावरग्रिड 1.20, एशियन पेंट 1.12, सन फार्मा 1.06, टेक महिंद्रा 0.88, मारुति 0.87, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.81, रिलायंस 0.75, टाइटन 0.49, बजाज फिनसर्व 0.45, टाटा स्टील 0.40, कोटक बैंक 0.27, एचडीएफसी बैंक 0.15, एक्सिस बैंक 0.14, इटरनल 0.13 और टीसीएस 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

### गिरावट के बावजूद निवेशकों को 4 हजार करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 444.69 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.65 लाख करोड़ रुपये था।

### औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में 2.7 फीसदी

**नयी दिल्ली।** देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर की रफ्तार अप्रैल में विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से सुस्त पड़कर 2.7 फीसदी रह गयी। अप्रैल, 2024 में यह 5.2 फीसदी की दर से बढ़ा था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर की रफ्तार अप्रैल में सुस्त पड़कर 2.7 फीसदी रही है।

आईआईपी के संदर्भ में मापा गया औद्योगिक उत्पादन अप्रैल, 2024 में 5.2 फीसदी बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी आंकड़ों में मार्च के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 3.9 फीसदी कर दिया है।

